

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बढ़ती आबादी हांफते संसाधन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 140, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

हल्द्वानी, रविवार, 7 जुलाई 2024


आज का मौसम: 24.9° अधिकतम तापमान | 23.2° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल छाए रहेंगे बारिश होगी। | सूर्योदय 05 : 21 सूर्यास्त 07 : 05



सलमान को पसंद आया विक्की कौशल का तौबा-तौबा डांस...14






# पटना में दर्ज हुआ भोले बाबा पर केस

## राजनीतिक आकाओं से जुड़े हैं साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के तार, जांच करेगी पुलिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार** : हाथरस भगदड़ प्रकरण में पुलिस अब आरोपी साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के राजनीतिक संबंधों की जांच में जुट गई है। पुलिस को कुछ सुराग मिले हैं जो भोले बाबा के राजनीतिक संबंधों की ओर इशारा कर रहे हैं। संदेह है कि कहीं भगदड़ किसी राजनीतिक साजिश का हिस्सा तो नहीं थी।

इस बीच, पटना कोर्ट में भोले बाबा के खिलाफ पहला केस दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार ने आवेदन करते हुए भोले बाबा को मुख्य आरोपी बनाया है और कानूनी कार्यवाई की मांग की है। हाथरस के पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के एक बयान में यह तथ्य सामने आया कि भोले बाबा का मुख्य सेवादार और मामले में मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर ने हाल में कुछ नेताओं से संपर्क किया था। इससे घटना के इर्द-गिर्द संभावित राजनीतिक साजिश को भी बल मिल रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मधुकर, भोले बाबा के लिए धन जुटाता था। पुलिस मधुकर को रिमांड पर लेने की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए छह जुलाई को न्यायालय में याचिका दाखिल करेगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आरोपी मधुकर से जुड़े वित्तीय लेनदेन और कॉल रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। भगदड़ की शुरुआती जांच में पता चला कि प्रशासन ने 80 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने की अनुमति दी थी, लेकिन मधुकर ने वहां पर ढाई लाख लोग जुटाए। बता दें कि हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी जबकि बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए थे।

**डीजीपी ने बनाई फैक्ट्स फाइंडिंग टीम :** हाथरस हादसे के बाद भोले बाबा पर शिकंजा कसता नजर आ रहा है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने एक फैक्ट्स फाइंडिंग टीम बनाई है। खास तौर से मैनपुरी, एटा, कासगंज, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, फिरोजबाद, इटावा और आगरा के पुलिस अधीक्षक और पुलिस आयुक्त को जिम्मेदारी दी गई है कि वह अपने अपने जिलों में सेवादारों से बात करें। बातचीत के साथ बाबा के काम काज, उनके आश्रम, फंडिंग और उनके मददगारों के बारे में भी जानकारी लेकर अवगत कराएं।

### हमें विश्वास, उपद्रवकारियों को बख्शा नहीं जाएगा : भोले बाबा

हाथरस हादसे में आरोपी भोले बाबा का पहला बयान सामने आया है। उन्होंने वीडियो बयान जारी कर कहा कि वह दो जुलाई की घटना से बहुत ही व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर हमें इस दुख की घड़ी से उबरने की शक्ति दें। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि सभी शासन और प्रशासन पर भरोसा बनाए रखें। हमें विश्वास है कि जो भी उपद्रवकारी हैं, उनको बख्शा नहीं जाएगा। अधिवक्ता एपी सिंह के माध्यम से उन्होंने समिति के सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे शोक संतप्त परिवारों और घायलों के साथ खड़े रहें और जीवन भर उनकी मदद करें।

### हाथरस पहुंचा आयोग घटनास्थल का निरीक्षण

हाथरस में घटनास्थल पर एसआईटी के बाद शनिवार को न्यायिक जांच आयोग की तीन सदस्यीय टीम जांच करने पुलिस लाइन पहुंची। टीम ने प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद टीम फुलरई मुगलगढ़ी स्थित घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने सिकंदराराऊ ट्रॉमा सेंटर को भी देखा। आयोग की टीम में इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव, पूर्व आईएएस हेमंत राव और पूर्व आईपीएस भवेश कुमार सिंह थे।

### ब्लॉक में बतौर तकनीकी सहायक तैनात था मधुकर



पुलिस की गिरफ्त में आया मुख्य आरोपी मधुकर एटा जिले के ब्लॉक शीतलपुर में बतौर तकनीकी सहायक (मनरेगा) के रूप में तैनात था, जिसे अब हटा दिया गया है। मधुकर वहां अनुबंध पर 20 ग्राम पंचायतों का कार्य देख रहा था। खंड विकास अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि मधुकर का मुख्य आरोपी के रूप में नाम सामने आने के बाद सेवा समाप्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मधुकर की पत्नी भी पंचायत सहायक है, दोनो एक साथ हाथरस के सिकंदराराऊ कस्बे में रहते थे। मधुकर ने ग्राम प्रधान का चुनाव भी लड़ा था, लेकिन हार गया। मधुकर ने अपने गांव के भी 30 लोगों को सत्संग से जोड़ा था, लेकिन वह सुरक्षित हैं।

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया आरोपी

हाथरस भगदड़ मामले के मुख्य आरोपी मधुकर को जिला न्यायालय ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस मामले में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक भोले बाबा को समन भेजा जाएगा।

### राजस्थान में पेपर लीक करने वाले अपराधी के घर रुकता था भोले बाबा

- **जनवरी माह में मीणा के घर पर छापा मारा गया था**

भोले बाबा राजस्थान के एक कुख्यात पेपर लीक माफिया का भी परिचित है। पुलिस विभाग में तैनात एक एडीजी ने बताया कि भोले बाबा जब भी राजस्थान जाता था कि तो दौसा जिले में हर्षवर्धन मीणा के घर पर रुकता था। मीणा राजस्थान-2020 जूनियर इंजीनियर परीक्षा (जेईएन) भर्ती पेपर लीक का मुख्य आरोपी है। उन्होंने बताया कि जनवरी माह में मीणा के घर पर छापा मारा गया था, लेकिन हमारे पहुंचने से पहले ही बाबा वहां से भाग निकला। हालांकि बाबा का पेपर लीक मामले से कोई संबंध नहीं निकला। उन्होंने कहा कि उसके घर के सामने आज भी बाबा के पोस्टर बैनर लगे हुए हैं। विगत 15 वर्षों में मीणा ने 500 से अधिक युवाओं को नौकरी दिलवाई है। 20 लोग तो उसके परिवार के ही हैं।

## नीट-यूजी : मासान्त तक काउंसलिंग शुरू होने की संभावना

- **पहले जुलाई माह की शुरूआत में होनी थी काउंसलिंग**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया इस माह के अंत तक शुरू हो सकती है। काउंसलिंग सत्र जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू होने की संभावना थी। हालाँकि, काउंसलिंग अधिकारियों ने कोई तारीख या कार्यक्रम अधिसूचित नहीं किया था।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की मेडिकल काउंसलिंग कमेटी ने अभी तक वर्ष 2024 के लिए नीट यूजी और पीजी की काउंसलिंग कार्यक्रम घोषित नहीं किया है। मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि चिकित्सा परामर्श समिति ने अभी तक काउंसलिंग अनुसूची अधिसूचित नहीं की है। काउंसलिंग की घोषणा एमसीसी वेबसाइट पर परीक्षा पूरी होने और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने के आधार पर की जाती है। वर्ष 2024 के लिए एनएमसी यूजी और पीजी सीटों के लिए जुलाई के तीसरे सप्ताह तक यूजी और अगस्त के मध्य तक पीजी सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे देगा। काउंसलिंग कार्यक्रम अधिसूचित करेगा।

## एक नजर

### कुलभूषण मांटा को मरणोपरांत शौर्य चक्र

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की पवित्र धरा ने एक और वीर सपूत को देश की सेवा में खो दिया। राइफलमैन कुलभूषण मांटा, जिनकी बहादुरी और साहस की कहानी सुनते ही हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है, उन्हें मरणोपरांत 'शौर्य चक्र' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी मां दुर्गा देवी और धर्मपत्नी नीटू कुमारी ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में ग्रहण किया।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत शनिवार को 15 जुलाई तक बढ़ा दी। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सिसोदिया की न्यायिक हिरासत अवधि समाप्त होने पर उन्हें विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उनकी हिरासत अवधि बढ़ा दी।

### डीयू ने अंकपत्र, डिग्री में सुधार शुल्क दोगुना किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने अपने डिग्री प्रमाणपत्र या अंकपत्र में कोई सुधार चाहने वालों के लिए शुल्क दोगुना कर दिया है। स्नातक के दिन से छह साल के भीतर अंकपत्र में सुधार चाहने वालों के लिए शुल्क 500 रुपये से बढ़ाकर 1,000 रुपये और छह साल से अधिक की अवधि के लिए 1,000 से बढ़ाकर 2,000 रुपये कर दिया है। छह साल के भीतर अपने डिग्री प्रमाणपत्र में सुधार चाहने वालों के लिए शुल्क 500 से बढ़ाकर 1,000 रुपये कर दिया गया है। छह साल से अधिक के लिए शुल्क 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये कर दिया गया है।



## केजरीवाल की पत्नी देख सकती हैं उनके चिकित्सा रिकॉर्ड

**अदालत ने दी अनुमति**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता को उनके चिकित्सा रिकॉर्ड उपलब्ध कराने की अनुमति दे दी और उन्हें उनकी ओर से मेडिकल बोर्ड या डॉक्टरों से स्वतंत्र रूप से सलाह लेने की अनुमति भी दे दी। हालांकि, अदालत ने केजरीवाल की उस अर्जी को खारिज कर दिया जिसमें चिकित्सकों से परामर्श के दौरान सुनीता केजरीवाल को उनकी 'अटेंडेंट' के तौर पर शामिल करने की अनुमति देने के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिए जाने का आग्रह किया गया था। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि केजरीवाल को अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया है और दिल्ली जेल नियमों के अनुसार, जेल अधीक्षक द्वारा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के साथ परामर्श करने के बाद किसी विचाराधीन कैदी के साथ 'अटेंडेंट' के रूप में परिवार के किसी सदस्य को तभी अनुमति दी जाती है जब कैदी अस्पताल में भर्ती हो।

## कुलगाम में 4 आतंकी मारे गए, एक जवान शहीद

श्रीनगर, एजेंसी

- **सुरक्षाबलों ने इलाके को घेरा अतिरिक्त बल भेजे गए**

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के मोदेरगाम गांव में संयुक्त सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें चार आतंकियों के मारे जाने की खबर है। वहीं, एक जवान शहीद हो गया और एक घायल है। घायल जवान को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के मुताबिक कुलगाम इलाके में आतंकियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया इनपुट मिला था। इसके बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान सेना के जवानों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। वहीं, इसके करीब दो घंटे बाद कुलगाम जिले के ही फ्रिसल चिन्निगम क्षेत्र में मुठभेड़ शुरू हुई, जहां पुलिस और सुरक्षा बल आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर रखा है। अतिरिक्त बलों को इलाके में भेजा गया है । मुठभेड़ ऐसे समय में हुई है जब पिछले शनिवार को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के कारण पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा कड़ी की गई है।

## वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 23 को पेश करेंगी बजट



- **संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा**

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा और 12 अगस्त को समाप्त होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को बजट पेश करेंगी। रीजीजू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत सरकार की अनुशंसा पर बजट सत्र, 2024 के लिए 22 जुलाई से 12 अगस्त, 2024 तक संसद के दोनों सदनों की बैठक बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली तीसरी सरकार का यह पहला बजट होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद की संयुक्त बैठक में अपने संबोधन में कहा था कि बजट में प्रमुख सामाजिक व आर्थिक फैसले लिए जाने की उम्मीद है। अप्रैल-जून में हुए लोकसभा चुनाव के कारण फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था।

## बारिश का कहर, रामनगर-रानीखेत मार्ग पर पुल बहा



रामनगर-रानीखेत मार्ग पर पुल बहा।

संवाददाता, हल्द्वानी

- **भूस्खलन के चलते मलबा आने से 80 से अधिक मार्ग अवरुद्ध**
- **बनबसा में शारदा बैराज का जलस्तर हुआ 1.21 लाख क्यूसेक, आवाजाही रोकी**

**अमृत विचार :** कुमाऊं में बारिश का कहर जारी है। भूस्खलन व मलबा आने से मंडल में 80 से अधिक छोटी-बड़ी सड़कें बंद हैं। रामनगर-रानीखेत और अल्मोड़ा को जोड़ने वाला मोहान के पास स्थित पुल पानी के तेज बहाव में बह गया। टनकपुर-तवाघाट और हल्द्वानी-अल्मोड़ा हाईवे पर लगातार बोल्डर गिरने से यातायात प्रभावित हो रहा है। उधर, बनबसा में शारदा बैराज का जल स्तर 1.21 लाख क्यूसेक तक पहुंच गया।

लगातार हो रही बारिश से कुमाऊं के अधिकांश नदी-नाले उफान पर हैं। बारिश की वजह से जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है, जिससे कुमाऊं भर में छोटी-बड़ी 80 से अधिक सड़कें बंद हैं। मार्ग अवरुद्ध होने से पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को खासी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। शनिवार दोपहर रामनगर-रानीखेत मोटर मार्ग पर सीमाड़ी पड़ाव के पास पन्याली गधेरे पर बना पुल टूटकर तेज बहाव में बह गया। भतरौंजखान, भिकियासैंण, रानीखेत, अल्मोड़ा, कर्णप्रयाग समेत अनेक स्थानों के लिए आवाजाही यहीं से होती है। हालांकि मोहान से चिमटाखाल-भौनखाल -चौडीघट्टी मार्ग से होते हुए रानीखेत जा सकते हैं। सूचना के मुताबिक पिथौरागढ़ जनपद में 27, चंपावत में 23 सड़कें बंद हैं। अल्मोड़ा में 8, बागेश्वर में 10 सड़कें बंद हैं, जबकि नैनीताल की 19 सड़कें बंद हैं। शारदा बैराज का जलस्तर 1.21 लाख क्यूसेक पहुंच गया।

### कुमाऊं में रेड अलर्ट

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने रविवार को भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान जताया है और रेड अलर्ट जारी किया है। साथ ही कुछ जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कुमाऊं मंडल के सभी जिलों में कहीं-कहीं बहुत भारी से अत्यंत भारी और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। गढ़वाल मंडल के चमोली रुद्रप्रयाग और पौड़ी जिले में भी भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा देहरादून, उत्तरकाशी, टिहरी और हरिद्वार जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## बदरीनाथ धाम से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बाइक पर गिरी चट्टान

ब्यूरो, देहरादून

- **गौचर के पास हुए इस हादसे में हैदराबाद के दो लोगों की मौत**

**अमृत विचार :** चमोली जिले में शनिवार को भीषण हादसा हुआ है। बदरीनाथ धाम के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बाइक के ऊपर चट्टान गिर गई। गौचर के पास हुए इस हादसे में बाइक सवार हैदराबाद निवासी दो युवकों की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार हैदराबाद (तेलंगाना) निवासी चार लोग ऋषिकेश से दो मोटर साइकिलें किराए पर लेकर बदरीनाथ धाम के दर्शन करने आए थे। शनिवार की सुबह चारों दोनों बाइक पर सवार होकर वापस लौट रहे थे। कर्णप्रयाग-गौचर के बीच चटवापीपल से गुजरते वक्त बुलेट मोटरसाइकिल (यूके14टीए 7060) पर एकाएक चट्टान के बोल्डर गिर गए। जिससे बाइक पर सवार दोनों की मौत हो गई। जवानों ने पत्थरों को हटाकर नीचे दबे शवों को निकाला। एक का शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया था। साथ में जा रहे दूसरी बाइक सवार ने दोनों व्यक्तियों की शिनाख्त की। मृतकों में निर्मल शाही पुत्र रामकृष्ण शाही (36) व सत्यनारायण (50) हैं। दोनों हैदराबाद (तेलंगाना) के पद्माराव नगर के रहने वाले थे। प्रभारी निरीक्षक निरीक्षक कर्णप्रयाग ने बताया कि दोनों बदरीनाथ दर्शन कर ऋषिकेश लौट रहे थे। तभी चटवापीपल के पास हादसा हुआ।

## गरीब परिवारों को हर माह मिलेगा आयोडाईज्ड नमक

- **मुख्यमंत्री धामी ने किया 'मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना' का शुभारंभ, गरीब परिवारों को मिलेगा आठ रुपये प्रति किलो**

ब्यूरो, देहरादून



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना' का शुभारंभ किया। साथ में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य भी थीं।

**अमृत विचार :** राज्य में अब गरीब परिवारों को हर माह आयोडाईज्ड नमक मिलेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को 'मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना' का शुभारंभ किया। योजना में अंत्योदय और प्राथमिक परिवार योजना के करीब 14 लाख राशन कार्ड धारकों को प्रतिमाह आठ रुपये प्रति किलो की दर से आयोडाईज्ड नमक उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को आयोडाईज्ड नमक का वितरण भी किया।

हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र, नींबूवाला में 'मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना' का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के हर गरीब और समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति का जीवन बेहतर और सार्थक बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत संपूर्ण देश में निःशुल्क राशन वितरण किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत उत्तराखंड के 14 लाख गरीब परिवारों को हर महीने मुफ्त राशन का लाभ मिल रहा है। राज्य सरकार जनता को शुद्ध और बेहतर पोषणयुक्त राशन देने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कुछ लोगों द्वारा फोर्टिफाइड चावल को प्लास्टिक का चावल बताकर आमजन को भ्रमित किया जा रहा था, जो कि पूर्ण रूप से असत्य है।

केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं शहरों से लेकर पर्वतीय क्षेत्र के अंतिम गांव तक पहुंच रही हैं। राज्य में गरीबी रेखा से बाहर निकलने के मामले में पर्वतीय जनपदों का बेहतर प्रदर्शन है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना गरीब परिवारों की आवश्यकताओं को पूर्ण करने का एक प्रयास है। मुफ्त खाद्यान्न योजना से गरीब परिवारों के भरण-पोषण में मदद मिलती है। मुफ्त खाद्यान्न के साथ ही उसमें पोषण तथ्यों का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

## धर्म छुपाकर की दोस्ती, फिर बनाए संबंध

संवाददाता, रुद्रपुर



युवक को पकड़कर ले जाते हिंदुवादी संगठन के कार्यकर्ता।

- **असली नाम पता चलने पर अश्लील फोटो दिखाकर ब्लैकमेल किया**
- **लव जिहाद का मामला, पीड़िता ने सौंपी तहरीर**

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में लव जिहाद का मामला सामने आया है। जहां एक युवक ने धर्म छुपाकर युवती से पहले दोस्ती की फिर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। असली नाम पता चलने पर युवती ने विरोध जताया तो युवक ने अश्लील फोटो दिखाकर उसे ब्लैकमेल किया। मामले का पता चलने पर हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने आरोपी युवक की धुनाई कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

अल्मोड़ा की रहने वाली युवती ने बताया कि वर्ष 2021 में उसकी मुलाकात अल्मोड़ा स्थित एक बैंक में कार्य करने वाले युवक से हुई। उसने अपना नाम समीर बताया। धीरे-धीरे दोनों में दोस्ती हो गई। बताया कि कुछ माह बाद युवक उसे आवास विकास चौकी इलाके के जगतपुरा वार्ड में लेकर आया और किराए के मकान में रहने लगा। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब उसे पता चला कि युवक का असली नाम समीर नहीं, बल्कि रामनगर निवासी सैफ अली है तो उसने युवक से नाराजगी जताई। युवक ने अश्लील फोटो दिखाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और धर्म बदलने का दबाव बनाने लगा। शुक्रवार की शाम को हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने युवक को पकड़कर धुनाई कर दी और आवास विकास पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर, थाना प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि महिला दरोगा को प्रकरण की जांच सौंप दी गई है।

**सुरक्षा का जिम्मा** — कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की सुरक्षा को ऑपरेशन मानसून शुरू, 1288 वर्ग किलोमीटर में फैला है कॉर्बेट टाइगर रिजर्व

## जान जोखिम में डाल वन्यजीवों की रक्षा कर रहे सीटीआर के जवान

विनोद पपनै, रामनगर



**अमृत विचार :** बियावान जंगल में घुप्प अंधेरा ऐसा कि हाथ को हाथ नहीं दिखाई दे, ऊपर से मूसलाधार बारिश, जंगल में कहीं से बाघ तो कहीं से गुलदार के दहाड़ने की आवाज... ऐसी ही दुरुह स्थितियों में जान जोखिम में डालकर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) के कर्मचारी जंगलों में शिकारियों की घुसपैठ रोकते हैं। रात के अंधेरे में अजगर, कोबरा, करैत जैसे जानलेवा सांप-बिच्छुओं से बचते-बचाते हुए शिकारियों की घुसपैठ रोकना और जंगल के चप्पे-चप्पे पर नजर रखना आसान नहीं है। फिर भी ये वनकर्मी बारिश के मौसम में 'ऑपरेशन मानसून' के तहत पार्क में सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहते हैं। सीटीआर के पर्यटन जोन बंद होने के बाद बारिश के मौसम में 'ऑपरेशन मानसून' शुरू हो जाता है। एक जुलाई से कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के 1288.32 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैले जंगल में रेड अलर्ट घोषित हो गया है। मानसून सत्र तक सभी वनकर्मियों की छुट्टियां रद कर दी गई हैं, वनकर्मी शिकारियों से वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद हैं।

### सीटीआर की दक्षिणी सीमा अति संवेदनशील

बारिश शुरू होते ही शिकारियों की नजर बाघ, गुलदार और हाथी समेत अन्य जंगली जानवरों के साथ ही पेड़ों पर रहती है। सीटीआर में उत्तर प्रदेश के अमानगढ़, अफजलगढ़, शेरकोट, धामपुर नगीना, नजीबाबाद और मंडावली से शिकारियों की घुसपैठ का खतरा बना रहता है। दक्षिणी सीमा पर प्रत्येक दो किमी में 40 वन चौकियां हैं। इनसे विशेष नजर रखी जाती है। बारिश में सड़कें क्षतिग्रस्त होने से कर्मचारी जंगल से बाहर नहीं आ पाते हैं इस वजह से वन चौकियों में पर्याप्त मात्रा में राशन व जीवन रक्षक दवाइयां भेज दी गई हैं। पार्क में जिन इलाकों में वनकर्मी नहीं पहुंच पाते हैं, वहां ड्रोन और थर्मल कैमरे से निगरानी होती है।

> सीटीआर के फील्ड कर्मचारी वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण के लिए पूरी मुस्तैदी से दिन-रात तैनात हैं। खोजी कुत्तों, ड्रोन, तथा हाथियों से भी गश्त की जा रही है। वन्यजीवों की सुरक्षा, शिकारियों की घुसपैठ रोकने को हर पल निगहबानी के लिए हम चौकस हैं। - डॉ. धीरज पांडेय, निदेशक, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व

### ऐसे होती है जंगल की निगेहबानी

एक हजार वन कर्मी, 4 स्नीफर डॉग्स व 12 हाथियों के माध्यम से गश्त करते हैं। इसके अलावा वन कर्मियों की लंबी और छोटी दूरी की पैदल गश्त, ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे से निगरानी, वायरलैस सेट से सूचनाओं का आदान-प्रदान होता है। इतनी चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की वजह से ही सीटीआर में शिकारियों का घुसपैठ करना आसान नहीं है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# चार्टन लॉज में फिर भू-धंसाव, कई मकानों को खतरा

## 18 परिवारों को सीधा खतरा, दहशत में आए लोग बारिश के बीच ही घरों से बाहर निकले, प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** चार्टन लॉज क्षेत्र में बीते वर्ष हुए भूस्खलन के बाद अब इस मानसून सीजन के शुरू होते ही एक बार फिर से शनिवार को भूस्खलन हो गया, जिससे 18 परिवारों पर सीधा असर पड़ा है। साथ ही आसपास के अन्य कई घरों पर भी खतरा मंडराने लगा है। शनिवार शाम को हुए भूस्खलन के बाद लोगों में दहशत का माहौल है। डर के चलते लोग भारी बारिश में घरों से बाहर निकल आये, हालांकि सूचना के बाद मौके पर प्रशासन की टीम पहुंच चुकी थी।

बता दें कि बीते वर्ष क्षेत्र में हुए भू-धंसाव को रोकने के लिए अस्थाई रूप से लगाए गए कट्टों की दीवार शनिवार को नीचे की ओर खिसकने से ऊपर स्थित आवासीय भवन खतरे की जद में आ गए हैं, जिससे आसपास के करीब 30 अन्य मकानों पर भी खतरा मंडराने लगा है। साथ ही खतरे की जद में आये 18 परिवारों को भी प्रशासन ने घर खाली करने के नोटिस दिए थे लेकिन उसके बावजूद परिजनों की ओर से घर खाली नहीं किये जा रहे हैं।


चार्टन लॉज क्षेत्र में शनिवार शाम को फिर से हुए भूस्खलन का दृश्य। ● अमृत विचार


चार्टन लॉज क्षेत्र में दहशत के कारण घरों से बाहर निकले लोग। ● अमृत विचार

### नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग भी धंसा, मरम्मत में जुटी टीम

**नैनीताल :** नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी बारिश के चलते सड़क में भू-धंसाव हो गया। सूचना के बाद क्षेत्र एनएच व एडीबी की टीम ने निरीक्षण कर धंसाव वाली जगह में भरान शुरू कर दिया है। बता दें कि बीते कुछ महीने पहले ही नैनीताल हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में हनुमान गढ़ी से रूसी बाईपास तक सीवर लाइन बिछाने का कार्य किया गया था, जिसके बाद एडीबी की ओर से सड़क में डामरीकरण कर सड़क की मरम्मत कर दी गई थी, लेकिन बारिश के दौरान शुक्रवार को सड़क कई स्थानों से धंस गई है। कई स्थानों में जलभराव हो चुका था। तीन पुल और रूसी बाईपास के समीप सड़क में ज्यादा धंसाव हुआ था। सड़क में धंसाव की सूचना मिलने के बाद विभागों में हड़कंप मच गया। इधर शनिवार को एनएच व एडीबी की टीम ने सड़क का निरीक्षण किया, जिसके बाद मरम्मत के कार्य शुरू कर दिए हैं। एडीबी के सहायक अभियंता अनिल परिहार ने बताया कि जिन स्थानों में धंसाव हो रहा है वहां भरान किया जा रहा है। वहीं जल भराव की समस्या का भी समाधान कर दिया गया है। एडीबी के सहायक अभियंता अनिल परिहार ने बताया कि सड़क में भू-धंसाव की जांच की जा रही है।

### बारिश से नाली व कलमठ सफाई की खुली पोल

**गरमपानी :** बेतालघाट ब्लॉक के गांवों को जोड़ने वाली सड़कें बारिश में जलमग्न हो रही हैं। इससे विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली की भी पोल खुल रही है। बेतालघाट समेत तमाम गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण रातीघाट-बेतालघाट मोटर मार्ग पर जगह जगह जलभराव से परेशानी बढ़ गई है। जलभराव से जहां आवाजाही करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा वहीं महत्वपूर्ण मोटर मार्ग के अस्तित्व पर भी संकट गहरा गया है। धनियाकोट निवासी आरटीआई कार्यकर्ता कृपाल सिंह मेहरा ने बारिश से पूर्व नाली व कलमठ सफाई के नाम पर भी बजट ठिकाने लगाने का आरोप लगाया है। मझेड़ा गांव निवासी योगेश पांडे, दिगंबर त्रिपाठी, गजेंद्र सिंह, गोविन्द सिंह, विनोद मेहरा आदि ने मोटर मार्ग पर जलभराव की समस्या से निजात दिलाने को ठोस उपाय किए जाने की मांग उठाई है।


बारिश के बाद नैनी झील में समाया कूड़ा। ● अमृत विचार

### कोसी में बारिश के साथ पहाड़ियों से गिरे पत्थर, आवाजाही प्रभावित

**गरमपानी :** बारिश के बीच कमजोर हो चुकीं पहाड़ियों से अब पत्थर भी गिरने लगे हैं। अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे व रानीखेत खैरना स्टेट हाईवे के साथ ही ग्रामीण सड़कों पर जगह जगह पत्थर गिरने से दिक्कत बढ़ गई है। शनिवार सुबह से शुरू हुई बारिश के साथ ही क्वारब, काकड़ीघाट, नावली, जौरासी, लोहाली, भोर्या बैंड, पाडली समेत तमाम स्थानों पर भी पत्थर गिरते रहे। भुजान-बेतालघाट व रातीघाट-बेतालघाट मोटर मार्ग पर भी पत्थरों के गिरने से आवाजाही खतरनाक हो गई। कई वाहन चपेट में आने से बाल बाल बचे। लोडर मशीनों की मदद से सड़कों पर गिरे पत्थरों को हटाने का कार्य देर शाम तक जारी रहा।

### सुबह खिली धूप, दोपहर बाद शुरू हुई झमाझम बारिश


बारिश के बाद राजमहल कम्पाउंड में हुआ भूस्खलन।

**नैनीताल :** मौसम विभाग की ओर से जारी अलर्ट के तहत सरोवर नगरी में शनिवार सुबह से धूप खिली रही लेकिन दोपहर 2 :30 बजे बाद अचानक मौसम ने करवट बदली और बारिश का दौर देर शाम तक चलता रहा, जिससे माइनस 8 फिट तक पहुंच चुके झील के जलस्तर में करीब दो फिट 10 इंच की बढ़ोतरी हुई तो वहीं प्राकृतिक आपदाओं की संभावनाएं बढ़ने लगी हैं। वहीं बारिश के बीच सैलानियों ने रंग-बिरंगी छत्रियों के सहारे सरोवर नगरी की नैसर्गिक सुंदरता का लुत्फ उठाया। मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार शुक्रवार को नगर का अधिकतम तापमान 17 डिग्री तो वहीं न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं बारिश से नगर में जगह जगह सीवर ओवर फ्लो हो गए, तो वहीं नाले चौक हो जाने से नालों का पानी सड़कों पर भर गया।

### राजमहल कंपाउंड में भूस्खलन, मकान में घुसा मलबा

**नैनीताल :** शुक्रवार देर रात राजमहल कम्पाउण्ड क्षेत्र में भूस्खलन से एक घर में मलबा घुस गया। इस दौरान घर में तीन लोग मौजूद थे। गनीमत रही कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। अभी तक प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं दी गई है। कमरे में मौजूद सुरेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि रात लगभग 10 बजे मकान के पीछे मलबा आ गया था, जिसके बाद आनन फानन में तीनों लोग बाहर निकले। उनकी अंगुली में हल्की चोट आयी है। मजदूरों को लगवाकर मलबा साफ करवाया जा रहा है।

# डायरिया की जांच कराने वालों की संख्या बढ़ी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मानसून सीजन शुरू होते ही नगर के कृष्णापुर क्षेत्र में करीब तीन दर्जन से अधिक लोगों में डायरिया के लक्षण पाए गए हैं, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम की ओर से क्षेत्र में लोगों की जांच की गई। वहीं जल संस्थान की ओर से भी पानी के नमूने लिए गए, जिसके बाद पूरे क्षेत्र के लोगों में भय व डर का माहौल है। शनिवार को सुबह से ही जिला चिकित्सालय बीडी पांडे अस्पताल में जांच कराने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। अस्पताल में डायरिया, पीलिया व टाइफाइड के मरीजों की संख्या काफी बढ़ गयी है।

बता दें कि अचानक लोगों में लक्षण पाए जाने के बाद लोगों ने जल संस्थान पर गंदगी युक्त पानी सप्लाई करने का भी आरोप लगाया था। उन्होंने पानी में खराबी के चलते क्षेत्र में डायरिया फैलने की बात कही थी, जिसके बाद जल संस्थान ने पानी के सैम्पल लेकर जांच को भेज दिए हैं।

डॉ.मनोज कांडपाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्र में 35 घरों के लागों की जांच की, जिसमें 38 लोगो में डायरिया के लक्षण पाए गए हैं, जिसमें से कुछ को अस्पताल में भर्ती किया गया है। अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ.एमएस दुग्ताल ने कहा कि मानसून के दौरान डायरिया, पीलिया व मलेरिया आदि बीमारियों के फैलने की संभावना काफी बढ़ जाती है, इसलिए अगर पेट की समस्या या कोई भी अन्य समस्या होती है तो तुरंत डॉक्टर का परामर्श लें।


बीडी पांडे अस्पताल में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

### डायरिया जागरूकता अभियान के तहत लोगों को दी जानकारी

**नैनीताल :** डायरिया फैलने के बाद स्वास्थ्य विभाग चौकन्ना हो गया है, जिसके चलते बीडी पांडे अस्पताल में शनिवार को नर्सिंग छात्राओं व आशाओं की ओर से जागरूकता कार्यक्रम किया गया। लोगों को डायरिया से बचने के सुझाव दिए गए। शुक्रवार को तल्लीताल क्षेत्र में दो दर्जन से ज्यादा डायरिया के केश सामने आये। इसी के तहत नर्सिंग की छात्राओं व आशाओं की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया। बीडी पांडे अस्पताल के डॉ. संजीव खर्कवाल ने बताया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों व तीमारदारों को जागरूक किया जा रहा है।

### महिला के साथ 27 हजार की ऑनलाइन ठगी

**नैनीताल :** नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में एक महिला के साथ 27 हजार की ऑनलाइन ठगी हो गई। मल्लीताल निवासी रीना ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा कि शुक्रवार रात उसके मोबाइल में एक अज्ञात नम्बर से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने उसके पिता से जान पहचान होने की बात कहकर कहा कि उसने गलती से उसके अकाउंट में 50 हजार रुपये सेंड कर दिए हैं। मोबाइल में 50 हजार रुपये प्राप्त होने का एक मैसेज आया था। जिसको देखते हुए उसने गूगल पे के माध्यम से 27 हजार वापस कर दिए, लेकिन जब अकाउंट में देखा तो उसके पास 50 हजार रुपये नहीं आये थे, जिससे उसको ठगी का अहसास हुआ। महिला ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### ट्रांसफॉर्मर से लगातार चिंगारी निकलने से लोग भयभीत

**भीमताल :** भीमताल के बाईपास मार्ग पर बायोटेक के भीतर बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर में पिछले दो दिनों से लगातार चिंगारी निकल रही है। आसपास रहने वाले निवासियों ने बताया कि दो दिनों से लगातार स्पार्क होने के बावजूद विभाग का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने स्पार्किंग के संबंध में बिजली विभाग के कर्मचारियों को सूचित किया है।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

## सार-संक्षेप

### चिड़ियाघर तक का सफर इलेक्ट्रिक कार से तय होगा

**नैनीताल :** नगर पालिका ने शनिवार को जू शटल सेवा की निविदा जारी कर दी है। आगामी 20 जुलाई को निविदा खोली जाएगी, जिसके लिए पालिका ने इस बार यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शटल सेवा के लिए इलेक्ट्रिक कार का ही विकल्प रखा है। शटल सेवा में अधिकतम 10 कारो का ही संचालन किया जा सकता है। बीते वर्ष जू शटल सेवा का टेंडर 40 लाख रुपये में शुभमन साह के नाम हुआ था जिसका समय 31 मई को समाप्त हो चुका था, लेकिन लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते पालिका द्वारा अब निविदा जारी कर दी गयी है।

### गैरीखेत गांव में गुलदार का आतंक, बैल को मारा

**नैनीताल :** गैरीखेत गांव में गुलदार का आतंक फैला है। स्थानीय निवासी नैन सिंह ने बताया उनके पशु घास चरने के लिए घर से लगे जंगल में गए हुए थे। इसी दौरान गुलदार ने उनके बैल पर हमला बोल दिया और उसे घसीट कर जंगल में ले गया। जब तक स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तब तक उसे मार चुका था। गुलदार के आबादी वाले क्षेत्रों में आने से अब स्थानीय ग्रामीणों में दहशत देखने को मिल रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि उन्होंने इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों को दी लेकिन अब तक कोई भी घटनास्थल तक नहीं पहुंचे। वहीं स्थानीय लोगों ने आबादी वाले क्षेत्र में पिंजरा लगाने की मांग की है।

### सफाई दुरुस्त करने की मांग जोर पकड़ने लगी

**भीमताल :** भीमताल में 16 जुलाई से प्रारंभ होने वाले हरेला मेला के दौरान सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। मेला स्थल के आसपास कोई भी स्थाई रूप से शौचालय नहीं होने के कारण नगर पालिका के द्वारा बाहर से वाहन में बने शौचालयों की व्यवस्था की जाती है। पर इन शौचालयों को बाईपास मार्ग में आबादी के बीच लगा दिया जाता है। दुकानों के सापेक्ष एक तो शौचालयों की संख्या कम होती है वहीं दूसरी तरफ आबादी के बीच शौचालयों को लगा देने से दुर्गंध फैलती है और कई लोग वहीं पास में बहने वाले ड्रेन ए का प्रयोग करते हैं जिससे सारी गंदगी भीमताल झील में जाती है।

### बुजुर्ग पर जानलेवा हमला करने वाले सांड को पकड़ा

**गरमपानी :** गरमपानी बाजार में बुजुर्ग पर जानलेवा हमला करने वाले सांड को आखिरकार पकड़ लिया गया। पंचायत प्रतिनिधियों व व्यापारियों की मांग पर हरकत में आए प्रशासन ने सांड को नगर पालिका भवाली के वाहन से बाजपुर स्थित गोशाला भेज दिया। बाजार क्षेत्र में घूम रहे अन्य बेसहारा पशुओं को गो सदन भेजने की मांग उठाई है। गरमपानी बाजार क्षेत्र में बीते बुधवार को आवारा सांड ने स्थानीय बुजुर्ग को जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। सांड के हमलावर होने से दहशत का माहौल पैदा हो गया। आवारा सांड जहां तहां लोगों पर हमलावर होने लगा। ग्राम प्रधान त्रिभुवन पाठक व गरमपानी ईकाई के व्यापार मंडल अध्यक्ष मनीष तिवारी व स्थानीय लोगों ने सांड के आंतक से निजात दिलाने की पुरजोर मांग उठाई बकायदा उपजिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा गया। मामले की गंभीरता को देख एसडीएम विपिन चंद्र पंत ने सांड को गोसदन भेजने के लिए निर्देशित किया। भवाली स्थित नगर पालिका के वाहन से सांड को बाजपुर स्थित गोशाला भेज दिया गया। सांड को गोसदन भेजने से अब क्षेत्रवासियों पर काफी हद तक खतरा टल गया है।

### सास-बहू सम्मेलन के जरिए साझा की महत्वपूर्ण जानकारियां

**गरमपानी :** हाईवे स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर सुयालबाड़ी में हुए कार्यक्रम में आसपास के गांवों से पहुंची महिलाओं को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। स्वास्थ्य विभाग से संचालित योजनाओं की जानकारी देकर लाभ उठाने का आह्वान किया। गर्भवती महिलाओं को समय समय पर स्वास्थ्य जांच कराने, टीकाकरण समेत कई बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सा प्रभारी डा. सत्यवीर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्ज्वलित कर किया। चिकित्सा प्रभारी डा. सत्यवीर सिंह ने स्वास्थ्य विभाग से संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से पहुंची सास बहुओं को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं रमा देवी, गीता नेगी, आंनदी देवी, मुन्नी देवी, दीपा सुयाल, पना देवी, रेखा नेगी, विमला, बसंती, मंजू देवी, सुनीता आर्या आदि मौजूद रहीं।



वुडलैंडस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वन महोत्सव के तहत पौधे रोपते शिक्षक-शिक्षिकाएं।

### वन महोत्सव के तहत विद्यालय परिसर में किया पौधरोपण

**हल्द्वानी :** 'निर्मल हो अंबर यहां, जो स्वयं सजग हो जाएं हम, पल-पल प्रकृति बचाएं हम, वन महोत्सव मनाए हम' इस महत्वपूर्ण संदेश के साथ शनिवार को वुडलैंडस सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिम्मतपुर तल्ला में वन महोत्सव का आगाज हुआ। सौहार्द जनसेवा समिति के तत्वावधान में विद्यालय परिसर में अनेक पौधे लगाए गए। जिनमें अशोक, नीम, जामुन के साथ-साथ कई औषधीय पौधों का भी रोपण किया गया। समिति की अध्यक्ष विद्या महतोलिया एवं उनके सदस्यों व विद्यालय की अकादमिक निदेशिका लता खोलिया एवं प्रधानाचार्य मनदीप कौर व गणमान्य शिक्षक वर्ग की उपस्थिति में पूरा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### पर्यावरण सुरक्षा को न्यायालय परिसरों में पौधरोपण


न्यायालय परिसर में पौधरोपण करते न्यायाधीश।

**नैनीताल :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति मनोज तिवारी के निर्देश पर वन महोत्सव के तहत जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के नेतृत्व में शनिवार को जिला न्यायालय नैनीताल, हल्द्वानी व रामनगर व अन्य स्थानों पर देवदार, बांज, मोर पंखी, पांगर, पदम आदि के पौधे रोपित किए गए। जिला न्यायाधीश सुबीर कुमार ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर कहा कि पौधों का रोपण करके ही पर्यावरण को स्वच्छ व संतुलित किया जा सकता है। इस दौरान प्रथम अपर जिला न्यायाधीश राहुल गर्ग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि प्रकाश, सिविल जज सीनियर डिविजन हर्ष यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी , सिविल जज तनुजा कश्यप, प्रथम अपर सिविल जज रुचिका गोयल आदि मौजूद रहे।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत रोपे पौधे

**भीमताल :** भीमताल के समीप चांफी में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने पौधे लगाने के साथ ही उसकी वर्षभर देखभाल करने की भी बात की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष कमला आर्या, भवाली वन क्षेत्र के फॉरेस्टर किशन भगत, महामंत्री योगेश तिवारी, भाजपा नेता अखिलेश सेमवाल, प्रधान पवन बेलवाल व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### जयंती पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया

**भीमताल :** एक विधान, एक निशान, एक संविधान का नारा देने वाले भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती भीमताल क्षेत्र में मनाई गई। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर याद किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कमला आर्या, महामंत्री योगेश तिवारी व कमलेश रावत, पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, पुष्कर मेहरा, महेश चंद्र जोशी, पंकज जोशी, शरद पांडे, सुनीता पांडे, अखिलेश सेमवाल, आशु पाठक, नीरज संगुडी, दीपक पांडे आदि उपस्थित रहे।



**आज का मौसम**

हल्की गरज के साथ बारिश

26.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.19 | सूर्यास्त 07.15

**एक नजर**

### भाइयों पर छेड़छाड़ का आरोप

**हल्द्वानी :** कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने दो सगे भाइयों पर छेड़छाड़, मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को बताया कि भूपेंद्र और उमेश सिंह उसके सगे भाई हैं। अक्सर दोनों उससे किसी न किसी बात को लेकर लड़ते-झगड़ते रहते हैं। कुछ दिन पहले दोनों ने उससे मारपीट, गाली-गलौज व छेड़छाड़ की। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नरीमन चौराहे पर पेड़ की छंटाई के चलते कॉल टैक्स पर रोके गए वाहन, कार व दोपहिया वाहन नई बस्ती में घुसे तो जाम हुईं संकरी गलियां

# कटाई-छंटाई से लगा जाम, गलियों में घुसे बड़े वाहन फंसे


**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** काठगोदाम में पेड़ों की कटाई-छंटाई से लोगों की भारी फजीहत हो रही है। रोड बंद होने की वजह से लोग गलियों में घुसे और गलियां जाम हो गईं। जिसके चलते गलियों में रहने वालों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

नैनीताल रोड चौड़ीकरण के लिए इन दिनों पेड़ों को सड़क से हटाने का काम चल रहा है। शनिवार को काठगोदाम नरीमन तिराहे पर मौजूद दशकों पुराने पाकड़ के पेड़ की कटाई-छंटाई की गई। इसके लिए सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर एक बजे तक कॉलटैक्स तिराहे से नैनीताल की ओर जाने पर मनाही थी। हालांकि पुलिस पहले ही डायवर्जन प्लान जारी कर चुकी थी, लेकिन स्थानीय लोगों के सामने उक्त सड़क के अलावा कोई विकल्प नहीं था। पुलिस ने कॉल टैक्स से आगे बढ़ने से रोका तो लोगों ने गलियों से रास्ता तलाश लिया। दो पहिया वाहनों के साथ चार पहिया वाहन भी गलियों में दाखिल हो गए और देखते ही देखते काठगोदाम रेलवे स्टेशन के सामने नई बस्ती की गलियों में जाम लग गया।


नरीमन तिराहे पर पाकड़ के पेड़ की कटाई-छंटाई करता श्रमिक। ● अमृत विचार


कॉलटैक्स तिराहे पर रोका गया यातायात।


रेलवे स्टेशन के सामने की गली में लगा जाम।

### तिकोनिया वर्कशॉप लाइन में भी लगा रहा जाम

**हल्द्वानी :** तिकोनिया वर्कशॉप लाइन में शनिवार को दिनभर जाम रहा। दरअसल, यहां सड़क का एक हिस्सा बरसात में धंस गया था। इस हिस्से को दुरुस्त करने के लिए सड़क को और चौड़ा खोदा गया है। जिसके चलते सड़क पर जाम जैसे हालात बने रहे हैं। इसी सड़क से रोडवेज, केमू की बसों के अलावा चोरगलिया और गौला पार जाने वाले वाहनों का भारी बोझ होता है।

## रुद्रपुर के युवक की सांप के डसने से मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कमरे में घुसे सांप ने सो रहे युवक को डस लिया। उसे पहले जिला अस्पताल और फिर हायर सेंटर ले जाया गया। हायर सेंटर पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

देवरिया उत्तर प्रदेश निवासी आजाद अंसारी (21 वर्ष) पुत्र शमशुद्दीन रुद्रपुर में रहकर वहीं स्थित एक कंपनी में काम करता था। बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह वह अपने कमरे में सोया हुआ था। इसी बीच सांप कमरे में घुसा और उसे डस लिया। सांप के डसने पर उसकी नींद खुली और कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में उसे रुद्रपुर के जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत बिगड़ने पर उसे हल्द्वानी डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सालय पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बारिश से उफान पर आया कलसिया नाला किनारे पर बने दो मकानों को खाली कराया

अधिकारियों ने किया नालों का निरीक्षण, 64 संवेदनशील मकानों में रह रहे लोगों से सतर्क रहने की अपील

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** पर्वतीय क्षेत्रों में हो रही बारिश की वजह से कलसिया नाला उफान पर आ गया है। इसके बाद जिला प्रशासन ने कलसिया नाले से सटे दो मकानों को खाली कराया। इस पर मकानों में रह रहे लोग रिश्तेदारों के यहां चले गए।

मौसम विभाग ने शनिवार को नैनीताल जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया था। शुक्रवार की रात से बारिश शुरू हुई जो शनिवार की सुबह थोड़ी देर के लिए बंद हुई और दोपहर बाद फिर शुरू हो गई। जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश होने से बरसाती नाले कलसिया और रकसिया उफान पर आ गए हैं। इधर, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी व एसडीएम परितोष वर्मा ने गौला पुल, कलसिया, रकसिया नाले का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कलसिया नाला उफान पर था, इसके बाद उन्होंने नाले से सटे दो मकानों को खाली कराया और लोगों को उनके परिचितों के यहां सुरक्षित स्थान पर भेज दिया। इसी के साथ ही कलसिया नाले के किनारे बसे 64 अन्य संवेदनशील मकानों में रह रहे लोगों को भी सतर्क रहने को कहा है। किसी भी आपात स्थिति में नगर निगम इंटर कॉलेज में बने अस्थायी राहत शिविर पहुंचने को कहा गया है। इसके बाद तिकोनिया में जेसीबी लगाकर पानी के बहाव को दिशा दी जा रही है।


अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम की ओर कटाव करती गौला नदी व पूर्व में कटाव के कारण ढह गई थी सुरक्षा दीवार (लाल घेरे में)।


कटाव के कारण टूटी पड़ी स्टेडियम की सुरक्षा दीवार।

### स्टेडियम की तरफ भूकटाव कर रही गौला

**हल्द्वानी :** पिछले कई दिनों से हो रही बारिश से गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के अस्तित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है। गौला नदी ने स्टेडियम की ओर भूकटाव करना शुरू कर दिया है। वर्ष 2021 में हुई अतिवृष्टि से स्टेडियम की सुरक्षा दीवार व पैदल रास्ता बह गया था। तब रेलवे ने नदी का बहाव बदलकर स्टेडियम बनाने की तात्कालिक व्यवस्था की थी, लेकिन तीन वर्ष बीतने के बाद भी सुरक्षा दीवार नहीं बन सकी और क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत नहीं की जा सकी है।

### ग्रामीण गौला में गिरा, हालत गंभीर

**भीमताल :** विकासखंड ओखलकांडा के खनस्यू में गौला नदी में ग्रामीण के बह जाने से खलबली मच गई। बीडीसी मेंबर रवि गोस्वामी ने बताया कि ललित बर्गली शाम को घर जा रहे थे कि अचानक उनका पांव फिसल जाने से वह गौला नदी में गिर गए। दो सौ मीटर बहने के बाद ग्रामीणों ने उन्हें नदी से बाहर निकाला। ग्रामीण ललित बर्गली को ओखलकांडा चिकित्सालय ले जाया गया है।

# दमुवाढूंगा में तीनों पोखरों की कराई जाएगी जांचः मंडलायुक्त

**फॉलोअप**

- दमुवाढूंगा में मौजूद हैं तीन पोखर
- एक को पाट कर बना दिया बाजार, अभी भी जारी है निर्माण

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** पोखर पर धड़ल्ले से हो रहे अतिक्रमण की जांच होगी। मंडलायुक्त दीपक रावत ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं। दमुवाढूंगा में मौजूद हर अतिक्रमण इस दायरे में है। मौजूद पोखर को पुनर्जीवत करने और जिन पर अतिक्रमण है उन्हें ढहाया जाएगा।

काठगोदाम का दमुवाढूंगा क्षेत्र नगर निगम में शामिल हो चुका है, लेकिन यहां अभी भी नजूल और सरकारी भूमि है। जो कई प्रमुख विभागों की है। दमुवाढूंगा में कुल तीन पोखर हैं। पहला सरदार की कोठी में, दूसरा कमला बैंक्वेट हॉल के पास और तीसरा वार्ड 36 जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में स्थित है। सबसे बड़ा पोखर जवाहर ज्योति और दूसरा बड़ा पोखर कमला बैंक्वेट हॉल के पास है। जवाहर ज्योति स्थित करीब डेढ़ से दो बीघा भूमि फैले पोखर को एक व्यक्ति ने धीरे-धीरे कर पाट दिया। पहले तीन दुकानें बनाई और जब किसी ने आपत्ति नहीं की तो नया निर्माण शुरू करा दिया। इसी तरह कमला बैंक्वेट हॉल के पास स्थित पोखर को कब्जाने की योजना चल रही है। एक स्थानीय भू-माफिया ने इस पोखर के किनारों पर तार-बाड़ भी कर दी है।


कमला बैंक्वेट हॉल के सामने पोखर पर किया गया तारबाड़। ● अमृत विचार

### भू-माफिया ने काटी कॉलोनी, मकान बिक चुके

**हल्द्वानी :** सरकारी भूमि लावारिस पड़ी है। इसे देखने वाला कोई नहीं है। जबकि दमुवाढूंगा में लोगों ने पोखर के साथ नाले और नहरों तक पर अतिक्रमण कर लिया है। कुछ समय पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट के निरीक्षण में सामने आया था कि किस तरह एक बरसाती नाले को पाट कर एक भू-माफिया ने वहां कॉलोनी काट दी है। कॉलोनी के सारे मकान बिक चुके हैं और इन्हें हटाना पुलिस के लिए टेढ़ी खीर है। तमाम स्थानों पर दुकानें भी बन चुकी हैं और यह सिर्फ इसलिए क्योंकि न तो इन्हें रोका गया और टोका गया।

> मामला संज्ञान में आया है। जांच के आदेश दे दिए हैं। पता किया जा रहा है कि दमुवाढूंगा क्षेत्र में कितने पोखर हैं और वर्तमान में इन पोखरों की क्या स्थिति है। इन्हें पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जाएगा। जिन पर अतिक्रमण होगा, उन्हें साफ किया जाएगा। **– दीपक रावत**, मंडलायुक्त कुमाऊं

## शौर्य दिवस पर वीर नारियां होंगी सम्मानित

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** आगामी 26 जुलाई को जिले में शौर्य दिवस मनाया जाएगा। एडीएम पीआर चौहान ने शौर्य दिवस के कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर बैठक की और निर्देश दिए।

चौहान ने शनिवार को नगर निगम सभागार में बैठक के दौरान कहा कि 26 जुलाई को सुबह मैराथन होगी। सुबह 9 बजे शहीद सैनिक स्मारक में कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी और वीर नारियों को सम्मानित किया जाएगा। 10 बजे से एमबीपीजी कॉलेज सभागार में विभिन्न स्कूलों के बच्चों व एनसीसी कैडेट्स देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम करेंगे। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (सेनि) रमेश सिंह को संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए।

# प्रेमिका बालिग हुई तो शादी से मुकर गया प्रेमी

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**मामला**

- काठगोदाम पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया मुकदमा
- नाबालिग होने के समय शादी का झांसा देकर बनाए थे संबंध

**अमृत विचार :** प्रेमिका नाबालिग थी, तब प्रेमी ने शादी का झांसा देकर उससे संबंध बनाए। प्रेमिका बालिग हुई और जब शादी के लिए कहा तो प्रेमी मुकर गया। इस मामले में बालिग प्रेमिका ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

काठगोदाम थाना क्षेत्र में रहने वाली लड़की ने बताया कि उसके लंबे समय से एक युवक से प्रेम संबंध थे। जब संबंध बने तो लड़की नाबालिग थी। नाबालिग रहते वक्त युवक ने उससे कहा कि जब वह बालिग होगी तो वह उससे शादी कर लेगा। यही झांसा देकर उसने लड़की से शारीरिक संबंध बनाए। इधर, कुछ वक्त पहले लड़की बालिग हुई और जब उसने शादी का वादा याद दिलाया तो प्रेमी मुकर गया। प्रेमिका के कई बार गिड़गिड़ाने पर भी वह नहीं माना। जिसके बाद लड़की ने काठगोदाम पुलिस को तहरीर दी।

काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## उत्थान मंच में 12 से हरेला महोत्सव

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** हीरानगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में हर वर्ष की भांति इस वर्ष पर हरेला महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। इसको लेकर मंच के पदाधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।


मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल व महासचिव यूसी जोशी ने बताया कि 12 जुलाई को हरेला महोत्सव का आगाज होगा, जो 16 जुलाई तक चलेगा। पांच दिवसीय महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम होंगे। महोत्सव में स्थानीय और लोक कलाकार अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे। कहा कि हरेला पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। उन्होंने कुमाऊंवासियों और पर्वतीय समाज के लोगों से उत्साह पूर्वक महोत्सव में प्रतिभाग करने और महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की है।

# ओपीडी और आईपीडी में अब मरीजों को कम शुल्क देना होगा

**संवाददाता, हल्द्वानी/देहरादून**

**अमृत विचार :** राज्य के सरकारी चिकित्सालयों में अब मरीजों को ओपीडी और आईपीडी पंजीकरण के लिए कम शुल्क देना होगा। यही नहीं एंबुलेंस और बैड चार्जेज भी कम देना होगा। प्रदेश के वित्त मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रस्ताव का अनुमोदन कर चिकित्सा सेवा शुल्क की दरों को कम कर दिया है। जल्द ही यह राज्य के सरकारी चिकित्सालयों में लागू होगा।

उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी में अभी तक 13 रूपये लिया जा रहा है, जिसे अब 10 रूपये किया गया है। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 15 रूपये से 10 रूपये, जबकि जिला व उप जिला चिकित्सालय में 28 रूपये से 20 रूपये किया गया है। वित्तमंत्री ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आईपीडी में अभी तक 17 रूपये लिया जा रहा है, जिसे अब 15 रूपये किया गया है। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 57 रूपये से 25 रूपये जबकि जिला व उप जिला चिकित्सालय में 134 रूपये से 50 रूपये किया गया है। इसी तरह विभागीय एंबुलेंस में अभी तक रोगी वाहन शुल्क 05 किलोमीटर तक 315 रूपये न्यूनतम रूपये एवं अतिरिक्त दूरी के लिए 63 रूपये प्रति किलोमीटर लिया जा रहा है,जो अब 05 किलोमीटर तक 200 रूपये न्यूनतम तथा अतिरिक्त दूरी के लिए 20 रूपये प्रति किलोमीटर लिया जाएगा।



उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रेफर करने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा मरीजों से पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसी तरह उप जिला चिकित्सालय से जिला चिकित्सालय में रेफर करने पर जिला चिकित्सालय द्वारा पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा। अब राज्य में यूजर्स चार्जेज में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि नहीं जाएगी।

## आबादी में गुलदार दिखने से दहशत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** तिकोनिया स्थित कैनाल रोड में गुलदार दिखने से लोगों में दहशत का माहौल है। बीते शुक्रवार की रात क्षेत्र में गुलदार देखा गया, जिसकी सूचना लोगों ने वन विभाग को दी। टीम के पहुंचने तक गुलदार कलावती कॉलोनी की ओर निकल गया था। कुछ दिन पूर्व शीशमहल स्थित निर्मला स्कूल के पास गुलदार ने सात वर्षीय बच्चे को अपना निवाला बनाया था।

इधर, हल्द्वानी रेंज के रेंजर आनंद कुमार ने बताया कि गुलदार पर नजर रखने के लिए दो टीमें लगाई गई हैं। गुलदार की लोकेशन फिलहाल बमौरी क्षेत्र में मिली है। वहीं नवाबी रोड, कलावती कॉलोनी, दमुवाढूंगा व आसपास के इलाकों में भी गुलदार को चहलकदमी करते देखा गया है। गुलदार की लोकेशन ट्रैस होते ही टीम की ओर से पिंजरा लगाया जायेगा।

**जन सुनवाई** मंडलायुक्त की जन सुनवाई में उमड़ी फरियादियों की भीड़, अधिकांश समस्याओं का मौके पर किया निस्तारण

# साहब...कंपनी नहीं दे रही वेतन और ग्रेच्युटी, दिलवा दीजिए

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त दीपक रावत ने शनिवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जन समस्याओं पर सुनवाई की। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। बाकी समस्याओं के समाधान को अधिकारियों और पक्षकारों को तलब किया।

जनसुनवाई में दीपक कुमार निवासी हल्द्वानी ने बताया कि वह पशुपति लैमिनेटर्स प्रा.लि. काशीपुर में कार्यरत थे, बाद में उन्होंने काम छोड़ दिया। कंपनी ने एक माह का वेतन व ग्रेच्युटी नहीं दी है। इस पर मंडलायुक्त ने अगले सप्ताह कंपनी के निदेशक और प्रबंधक को तलब किया है। कमला उपाध्याय ने आवासीय परिसर से विद्युत लाइन शिफ्ट करवाने का अनुरोध किया। इस पर मंडलायुक्त ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को बुलाया तो उन्होंने बताया कि फरियादी के मकान बनाने से पूर्व विद्युत लाइन थी। नियमानुसार विभागीय खर्चे से लाइन शिफ्ट नहीं हो सकती है, यदि वह लाइन शिफ्ट करना चाहती हैं तो स्वयं का खर्च करना होगा जिसकी डीपीआर बना दी गई है।

किरन खोलिया निवासी हल्दूचौड़ ने बताया कि उनकी दिव्यांग पेंशन पहले मिल रही थी, अब नहीं मिल रही है। इस पर जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि 18 वर्ष के बाद पेंशन स्वतः समाप्त हो जाती है। पेंशन दोबारा चालू करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस पर मंडलायुक्त ने फरियादी को सीएससी से ऑनलाइन आवेदन की बात कही। शाइस्ता रेहमान निवासी बनभूलपुरा ने तलाकशुदा शौहर के घर से स्त्री धन वापस दिलाने की गुहार लगवाई। घनश्याम सिंह निवासी कालाढूंगी ने अवैध कब्जा हटाने का अनुरोध किया। नरेन्द्र सिंह निवासी मुखानी ने बताया कि संजय सिंह हिम्मतपुर मल्ला ने धनराशि की धोखाधड़ी की शिकायत की। इस पर आयुक्त ने दोनों को तलब किया है।


कैंप कार्यालय में जन सुनवाई करते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

### आपदा प्रभावितों को तुरंत राहत राशि पहुंचाएं

मंडलायुक्त रावत ने कहा कि लोग भूमि क्रय करने पर रजिस्ट्री के पश्चात दाखिल खारिज भी अवश्य करा लें। इससे भविष्य में होने वाली अनावश्यक परेशानियों से बचा जा सकता है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ितों को बिना किसी परेशानी के तत्काल राहत राशि देने के निर्देश दिए। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि बारिश में नालों, रपटों में जाने से परहेज करें।

# 10वीं की छात्रा हुई लापता कोच पर अपहरण का आरोप

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

- शहर के प्रतिष्ठित स्कूल के कोच के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा
- सहेली बोली, आखिरी बार स्कूल के कोच के साथ देखी थी छात्रा

**अमृत विचार :** शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ने वाली 10वीं की छात्रा लापता हो गई। वह घर से स्कूल के लिए निकली थी और फिर लौट कर नहीं आई। उसे आखिरी बार उसी के स्कूल के फुटबॉल कोच के साथ देखा गया था। परिजनों ने कोच पर अपहरण करने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 15 वर्षीय भतीजी उनके साथ ही रहकर पढ़ाई करती है। वह शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में 10वीं की छात्रा है। बीती 3 जुलाई को वह स्कूल के लिए घर से निकली थी, लेकिन लौट कर नहीं आई। छुट्टी का समय गुजरने के बाद तलाश करते हुए स्कूल पहुंचे तो स्टाफ ने बताया कि छात्रा स्कूल पहुंची ही नहीं। लापता छात्रा की एक सहेली से पूछताछ में सामने आया कि उसे आखिरी बार स्कूल के फुटबॉल कोच के साथ देखा था। आरोप है कि कोच ही उसे अपने साथ ले गया है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है। कोतवाली के एसएसआई महेंद्र प्रसाद टम्टा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# साफिया के साथ षड्यंत्र में बेटा भी शामिल

## कंपनी बाग को खुद-बुर्द करने के मामले में 15 पन्नों की चार्जशीट दाखिल, मोईद को बतौर आरोपी शामिल किया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा में कंपनी बाग (मलिक का बगीचा) को खुर्द-बुर्द करने के मामले में तीन माह से सलाखों के पीछे कैद साफिया मलिक का बेटा अब्दुल मोईद भी इस केस में फंस चुका है। पुलिस ने तीन माह बाद जो चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की है, उसमें मोईद भी आरोपी है। 15 पन्नों की चार्जशीट में साफ है कि किस तरह मां-बेटे ने मिलकर कंपनी बाग की जमीन को खुर्द-बुर्द किया।

कंपनी बाग की ये वही जमीन है, जिस पर काबिज अवैध अतिक्रमण को ढहाने के एवज में लोगों ने हिंसा की। निजी, सरकारी वाहन और थाना फूंका गया। जमकर पथराव और गोलीबारी हुई और पांच लोगों की जान चली गई। इस मामले में चार मुकदमे हुए। चौथा मुकदमा नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने 22 फरवरी को कोतवाली में दर्ज कराया। जिसमें अब्दुल मलिक, उसकी पत्नी साफिया मलिक, अख्तरी बेगम, नबी रजा खां, गौस रजा खां और बरेली निवासी अब्दुल लतीफ को नामजद किया गया। फर्जीवाड़े के साथ मृत व्यक्ति के नाम से कोर्ट में याचिका लगाने का भी आरोप था। जांच शुरू हुई तो सरकारी भूमि को कब्जाने की उलझाई गई गुत्थी खुलने लगी। नामजद के अलावा जांच में दो लोगों के नाम सामने आए, जिसमें एक नाम अब्दुल मलिक के बेटे अब्दुल मोईद का था। अब्दुल मोईद अपने पिता के साथ नैनीताल जेल में पहले ही बंद है। जांच में सामने आया कि दो लोग पूरे षड्यंत्र में शामिल हैं। पहला आरोपी बाबू रजा नाम का व्यक्ति था। दूसरा बड़ा नाम अब्दुल मलिक के बेटे अब्दुल मोईद का है। मोईद को पुलिस ने बतौर आरोपी चार्जशीट में शामिल किया है। इसके बाद नैनीताल जेल में बंद अब्दुल मोईद को 14 दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की और बयान दर्ज किए।


अब्दुल मलिक।


साफिया मलिक।


अब्दुल मोईद।

### मौत से पहले गौस रजा खां का बयान अहम

**हल्द्वानी :** पूरे षड्यंत्र में गौस रजा खां का नाम अहम है। 82 साल की उम्र में गौस ने बिस्तर पर दम तोड़ा। वह पहले दिल्ली में भर्ती था। मौत से पहले पुलिस ने गौस रजा खां के बयान दर्ज किए और ये बयान केस में बेहद अहम साबित होंगे। दरअसल, पुलिस ने शपथ पत्र को फर्जी बताया था, जबकि उसमें गौस के हस्ताक्षर थे। जब गौस से पूछा गया तो उसने बताया कि वह लंबे समय से बिस्तर पर है। उसने न तो शपथ पत्र में हस्ताक्षर किए और न ही तहसील गया।

### बिजली-पानी के कनेक्शन मोईद के नाम

**हल्द्वानी :** किस तरह नजूल की भूमि को खुर्द-बुर्द किया गया, वह सब चार्जशीट में दर्ज है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुख्य षड्यंत्रकारी अब्दुल मलिक, साफिया मलिक और अब्दुल मोईद ने मकान और प्लॉट तो बाबू को बेचा, लेकिन बिजली और पानी के कनेक्शन अब्दुल मोईद के नाम लिया। उक्त कनेक्शन लेने के एक या दो साल बाद मुख्य षड्यंत्रकारी ही उक्त भवन या प्लॉट को खरीद लेते थे।

### 2120 पन्नों में दर्ज सबूत और सर्पोटिंग डॉक्यूमेंट

**हल्द्वानी :** पुलिस ने सहायक नगर आयुक्त की ओर से दर्ज मामले की चार माह से अधिक समय तक जांच की और अब एक सप्ताह पहले चार्जशीट दाखिल की। चार्जशीट तो सिर्फ 15 पन्नों की है, लेकिन सहायक दस्तावेज 2120 पन्नों का है। जिसमें वह स्टाम्प शामिल हैं, जिस पर जमीनें या मकान बेचे गए और रजिस्ट्री कराई गई। पुलिस ने कंपनी बाग में बिकी हर जमीन और मकान खरीदने वाले के साथ शपथ पत्र बनाने वाले वकील से भी पूछताछ कर बयान दर्ज किए हैं।

### खरीद-फरोख्त के सभी दस्तावेज निकले फर्जी

**हल्द्वानी :** मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस की जांच में ऐसे और पांच नाम सामने आए हैं, जिनका इस पूरे षड्यंत्र में अहम किरदार है। हालांकि इनका नाम चार्जशीट में शामिल नहीं हैं। पुलिस के मुताबिक बाबू रजा वही व्यक्ति था, जिसे अब्दुल मलिक ने आगे कर बगीचे में सवा करोड़ रुपये के प्लाट बेचे थे। फरवरी 2024 को बाबू रजा की मौत हो चुकी है। जांच में यह भी सामने आया कि अभी तक खरीद-फरोख्त के जितने भी दस्तावेज सामने आए, वो फर्जी निकले।

> चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी गई है। हमारे पास समय कम था, अन्यथा कुछ और लोगों के नाम भी चार्जशीट में दर्ज किए जाते। फिलहाल, अब्दुल मोईद की भूमिका सामने आने के बाद नाम जोड़ दिया गया है।
> –प्रह्लाद नारायण मीणा, एसएसपी नैनीताल

# सुयालबाड़ी में कूड़ा वाहन नहीं पहुंचने से लगा गंदगी का ढेर

**गरमपानी, अमृत विचार :** अव्यस्था से जूझ रहे सुयालबाड़ी बाजार क्षेत्र में सप्ताह भर से भी अधिक समय से कूड़ा वाहन के न पहुंचने से सफाई व्यवस्था पटरी से उतर गई है। बाजार क्षेत्र में लगे गंदगी के ढेर व्यस्था पर सवाल उठ रहे है। पंचायत प्रतिनिधियों व व्यापारियों ने जल्द व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई है।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत बाजार क्षेत्रों से कूड़ा वाहन के जरिए कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था बनाई गई। कुछ दिन व्यवस्था ठिक रहने के बाद अब व्यवस्था पटरी से उतर गई है। कूड़ा निस्तारण न होने से बाजार क्षेत्रों में गंदगी का ढेर लग जा रहा है। सुयालबाड़ी व आसपास के बाजार क्षेत्रों में भी हालात बद से बद्तर हो चुके हैं। कूड़ा वाहन के न पहुंचने से जगह जगह गंदगी का अंबार लग चुका है। गंदगी से उठ रही दुर्गंध से आवाजाही करने वाले लोग परेशान हैं जबकि संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ता ही जा रहा है। ग्राम प्रधान हंसा सुयाल, व्यापारी नेता मदन सुयाल, कुबेर सिंह जीना आदि ने कूड़ा निस्तारण को ठोस उपाय किए जाने की मांग उठाई है।

## सार-संक्षेप


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराते मरीज। ● अमृत विचार

### चार दिन से टॉर्च की रोशनी में हो रहा मरीजों का इलाज

**हल्दूचौड़ :** नगर के एकमात्र सामुदायिक केंद्र में बिजली नहीं होने पर अस्पताल में रोशनी के लिए मरीजों और डॉक्टरों को टॉर्च का सहारा लेना पड़ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को विद्युत आपूर्ति कर रहे ट्रांसफार्मर में तकनीकी फॉल्ट होने की वजह से विगत चार दिन से अस्पताल की बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है जिसके चलते भारी बरसात में उपचार को अस्पताल में आ रहे मरीजों का इलाज मोबाइल की टार्च की रोशनी में किया जा रहा है। विद्युत व्यवस्था सुचारू कराए जाने को लेकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा यूपीसीएल के जिम्मेदार अधिकारियों से बात करने पर यूपीसीएल ने निर्माणदायी संस्था ब्रिडकुल के अनुबंध का हवाला देते हुए पल्ला झाड़ लिया। अब ब्रिडकुल और यूपीसीएल एक दूसरे पर जिम्मेदारी थोप रहे हैं।

### 24 घंटे में चोरी के माल समेत आरोपी दबोचा

**रामनगर :** पुलिस ने चैबीस घण्टे के भीतर से चोरी किए गए समान को बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी कोतवाल ने बताया कि नदीम अंसारी पुत्र स्व. खलील अंसारी नि.खताडी निकट बड़ी मस्जिद द्वारा तहरीर दी थी कि उसके न्यू फ्रेन्डस कलोनी तेलीपुरा रोड स्थित उसके खुद के नए घर में अज्ञात चोर द्वारा घर का ताला तोड़कर लेपटॉप, स्पीकर तथा वाई फाई चोरी कर लिया गया है। प्रभारी कोतवाली मो. यूनुस के नेतृत्व में घटना का 24 घण्टे से पहले खुलासा कर आरोपी सुरजीत सिंह निवासी शिवकालोनी तेलीपुरा रोड रामनगर को चोरी किए गए सामान के साथ गिरफ्तार किया गया।

### रानीखेत जाने को खुला है चिमटाखाल-भौनखाल मार्ग

**रामनगर :** उपजिलाधिकारी राहुल शाह ने बताया कि मोहान पुलिस चौकी से लगभग 300 मीटर आगे भतरौजखान/रानीखेत (जनपद अल्मोड़ा) को जाने वाले राज्य मार्ग पर अत्यधिक वर्षा से पुल क्षतिग्रस्त होने के पश्चात पुलब बहने से मार्ग पर आवागमन पूर्ण रूप से बंद हो गया है। उपरोक्त पुल जनपद अल्मोड़ा में अवस्थित है, सड़क पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड रानीखेत के अधीन है। अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी ओमकार पाण्डे द्वारा अवगत कराया गया है की यथाशीघ्र वैली ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। रानीखेत भतरोंजखान को जाने वाले वाहनों हेतु मोहान से चिमटाखाल–भौनखाल–चौड़ीघट्टी मार्ग वर्तमान में सुचारु है।


पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान मौजूद हरिशरणं समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

### हरेला पर्व से पूर्व पौधरोपण कार्यक्रम शुरू

**रामनगर :** कल्पतरु वृक्षमित्र समिति के आह्वान पर हरेला पर्व से पूर्व पौधरोपण कार्यक्रम शुरू हो गया है। श्री हरिशरणं सेवा समिति द्वारा दो वट पौधे लगाए गए। बता दें कि हरिशरणं सेवा समिति द्वारा इस वर्ष 108 उपयोगी पौधे लगाने एवं उनकी देख रेख करने का संकल्प कल्पतरु के अध्यक्ष अतुल मेहरोत्रा के साथ लिया गया है। कार्यक्रम के दौरान कथा व्यास एवम हरिशरणं सेवा समिति के संयोजक शशांक भारद्वाज ने पौधों के महत्व पर चर्चा की। इस दौरान कलपतरु वृक्षमित्र समिति के सदस्यों के साथ ही हरिशरणं के संरक्षक अशोक अग्रवाल, सचिव शलभ मित्तल, कुलदीप अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, बिशन दत्त, संजीव मित्तल, सुनील देवल, नीरज देवल मौजूद रहे।

### दो दिन से बिजली नहीं आने से ग्रामीण परेशान

**भीमताल :** विकासखंड भीमताल के अन्तर्गत ग्राम सभा मलवाताल से ताड़ा तक दो दिनों से बिजली नहीं आने से जनता खासी परेशान है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता खीम सिंह गंगोला ने बताया कि बरसात से पूर्व बिजली विभाग के द्वारा जो ग्राम सभा को जाने वाली बिजली लाइन में नुकसान पहुंचाने वाले पेड़ों की लापिंग होनी थी वह नहीं हुई जिसके चलते यह समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं बताया कि बरसात में संवेदनशील क्षेत्र में शामिल होने के बावजूद इसको प्राथमिकता से किया जाना चाहिए थे। जो नहीं किया गया। जिसके चलते अब दो दिनों से भारी बरसात के चलते लोग परेशानी से जूझ रहे हैं।

### ज्वैलर्स से रंगदारी मांगने की धमकी नहीं होगी बर्दाश्त

**हल्द्वानी :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि हल्द्वानी महानगर में एक ज्वैलर्स को सिद्धू मूसेवाला का हत्यारा बनाकर रंगदारी का संदेश देने वाले को पुलिस तत्काल गिरफ्तार करे। अन्यथा रंगदारी व अवैध वसूली का व्यापारी पुरजोर विरोध करेंगे। कहा कि ज्वैलरी व्यवसाय अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए शरारती तत्वों व धोखाधड़ी करने वालों के पहले निशाने पर रहते हैं। पुलिस को ज्वैलरी वालों को प्राथमिकता देते हुए उनपर विशेष ध्यान रखना होगा। कोई अपराधी अपनी पहचान बना कर रंगदारी मांगने की जुर्रत करे इससे पहले उसे सलाखों के पीछे पहुंचाना होगा।

# फाल्ट से कई घरों के उपकरण फुंके

**रामनगर :** शुक्रवार रात पीरुमदारा के निकटवर्ती ख्वाजपुर गांव में ट्रांसफार्मर में आए फाल्ट से अचानक विद्युत तारों में 11000 केबी का करंट दौड़ पड़ा, जिससे दर्जनों परिवारों के विद्युत संचालित संयंत्र धमाके के साथ आग की चपेट में आ गए।

प्रगतिशील काश्तकार पूर्ण चंद्र शर्मा ने जानकारी मुहैया कराते हुए बताया कि ख्वाजपुर क्षेत्र में अचानक हुई इस घटना से ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई इससे ग्रामीण में अफरा तफरी का कुछ देर माहौल भी बना रहा। कई परिवारों के विद्युत उपकरण फुंकने से उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि कुछ परिवारों के मवेशियों को भी नुकसान पहुंचा है। कई ग्रामीणों के टीवी, फ्रिज, पंखे, कूलर, पानी और चारा काटने की मोटर सहित अन्य विद्युत संचालित उपकरण इस घटना से फुंक गए। प्रातः ग्रामीणों ने घटना की सूचना विभागीय अधिकारियों को दी। उधर विभाग के एसडीओ दर्पण सिंह ने बताया कि ख़्वाजपुर क्षेत्र में पिनइंसुलर अचानक पिंचर होने की वजह से यह दिक्कत आयी थी।

# रामनगर में निर्धन छात्राओं के लिए बनेगा छात्रावास

अच्छी खबर

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** केद्र सरकार ने जनपद नैनीताल में 50-50 बच्चों के दो आवासीस छात्रावास मंजूर किए हैं। छात्राओं के लिए आवासीय छात्रावास रामनगर जीजीआईसी और छात्रों के लिए हल्दूचौड़ (हल्द्वानी) इसी सत्र से चलने वाले छात्रावासों के लिए शासन से बजट भी मिल गया है। इन आवासीय छात्रावास में अनाथ, घुमन्तु जाति, भीख मांगने वाले, कूड़ा बीनने वाले, बीपीएल कार्डधारक, बेसहारा बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी। इन बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था के लिए नजदीक के किसी विद्यालय में उन्हें दाखिला दिलाया जाएगा। छात्रावास में बच्चों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और शैक्षिक गतिविधियों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

साथ ही बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तकों, यूनिफार्म, बिस्तर, फर्नीचर, खेल और शैक्षिक सामग्री के साथ-साथ गुणवत्तायुक्त भोजन का विशेष इंतजाम किया जाएगा। इसके लिए प्रति छात्रावास 3.5 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है। जिला परियोजना कार्यालय (समग्र शिक्षा) की ओर से रामनगर और हल्द्वानी के खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को व्यवस्थाएं पूरी करने के आदेश संबंधी पत्र पूर्व में जारी किया जा चुका है।

छात्रावास इसी सत्र से शुरू होने हैं, इसलिए बीईओ कार्यालय अस्थायी भवन की तलाश कर रहा है। साथ ही वार्डन, कुक आदि के चयन की प्रक्रिया चल रही है। नैनीताल के जिला समन्वय समग्र शिक्षा रविंद्र तिवारी ने बताया कि रामनगर में बेसहारा बालिकाओ का प्रवेश अटल उत्कृष्ट जीजीआईसी में दिलाया जाएगा। इसलिए आवासीय छात्रावास जीजीआईसी के आसपास बनेगा।

# लो-वोल्टेज से ग्रामीण परेशान

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** बैलपड़ाव क्षेत्र में रिजॉर्ट में हो रहे बिजली के उपयोग से उपभोक्ता परेशान हैं, जिससे ग्रामीणों को लो-वोल्टेज का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लो-वोल्टेज से कई उपकरण फुंक चुके हैं। शनिवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य बेलपोखरा अनिल कंबोज ने विद्युत विभाग के एसडीओ दीपक पाठक को रिजॉर्ट के स्वामी पर कार्रवाई की मांग कर ज्ञापन दिया।

क्षेत्र पंचायत सदस्य अनिल ने बताया कि ग्राम शिवलालपुर जोशी बेलपोखरा में वन्या जिम कॉबेर्ट रिजॉर्ट में 5 किलोवाट का कनेक्शन गांव के ही टांसफार्मर दिया गया है, जिससे क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या के साथ ग्रामीणों के फ्रिज, पंखे, टीवी भी फुंक रहे हैं। वहीं उपखंड अधिकारी दीपक पाठक ने कहा कि बरसात में कहीं भी बिजली के खंभों व तारों पर करंट फैलने व चिंगारी उठने पर निम्न नंबरों 9012719550, 7902120763, 9917474898, 9917474896 पर संपर्क कर जानकारी दें।


बरसात के चलते हल्द्वानी रेलवे स्टेशन के सामने धंसी सड़क। ● अमृत विचार

### बारिश से हुआ जलभराव, सड़कें धंसी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पिछले दो दिन से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया। वहीं कई सड़कें धंस गई हैं। शनिवार को रोडवेज स्टेशन के पास ऑफिसर्स कॉलोनी को जाने वाली सड़क पर बनी स्लैब अचानक धंस गई। जिससे कुछ देर तक यातायात बाधित रहा। बाद में पत्थर व मिट्टी डालकर यातायात सुचारू किया गया। वहीं कैंसर अस्पताल को जाने वाली सड़क भी धंस गई है। बारिश से शहर व आसपास की तमाम गलियों में जलभराव हो गया। तीनपानी स्थित कई स्थानों में नाली का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहने लगा। शनिवार को अधिकतम तापमान 29 .5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 .1 डिग्री सेल्सियस रहा। इधर, मौसम विभाग ने रविवार को भी पर्वतीय क्षेत्र में मध्यम से भारी और मैदानी क्षेत्रों में मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि हल्द्वानी, रुद्रपुर आदि शहरों में 15 से 20 मिमी व पर्वतीय क्षेत्रों में 15 से 35 मिमी तक बारिश हो सकती है।


लालकुआं की ज्वलंत समस्याओं को लेकर नगर में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### ज्वलंत मुद्दों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया

**लालकुआं, अमृत विचार :** लाल कुआं विधानसभा क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर में भारी बरसात के बावजूद जुलूस निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद 15 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार के माध्यम से सीएम धामी को ज्ञापन भी प्रेषित किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकर्ता ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक पब्लिक स्कूल में एकत्र हुए, जहां से कांग्रेसियों ने विधायक सुमित हृदेश व जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल एवं हरेंद्र बोरा के नेतृत्व में लालकुआं में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार को कमीशन खोरी का आरोप लगाते हुए जोरदार नारेबाजी की। उसके बाद जोरदार नारे लगाते हुए तहसील परिसर पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार मनीषा बिष्ट को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से विधायक सुमित हृदेश, जिलाध्यक्ष राहुल सिम्वाल, पूर्व मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरेंद्र बोरा, शहर अध्यक्ष भुवन पांडे, बिंदुखत्ता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू, कुंदन सिंह, पूर्व अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश दुमका आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

अग्रवाल न्यूरो एण्ड मेडिकल सेन्टर, हल्द्वानी
डॉ. रजत अग्रवाल
(न्यूरोफिजिशियन)
पूर्व विशेषज्ञ : सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली
सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी
सुविधायें :-
• मिर्गी दौरे • हिस्टीरिया • लकवा (Stroke) • सिर दर्द / माइग्रेन / चक्कर आना • मस्तिष्क ज्वर • दिमाग में सूजन • दिमाग में सूजन • मानसिक तनाव, घबराहट, मन उदास • कमर व गर्दन का दर्द • शियाटिका, स्पोन्डिलाइटिस • हाथ पैरों में सुन्नपन • झनझनाहट • दिमागी कमजोरी • याददाश्त की कमी • बैचेनी एवं नींद न आना।
New Well Equipped Setup - अपने नए सेन्टर में
नया पता : होटल पर्ल इन के पीछे, निकट सरगम सिनेमा, रामपुर रोड, हल्द्वानी, Mob. 7302293944

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)


॥श्री:॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय

उपलब्ध चिकित्सक

नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)

वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

जोशी क्लीनिक

डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन
(उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)

1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा


2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलोका)

Cupping Therapy

रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम तिराहा, कालाढूंगी रोड हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

# प्रभावितों के पुनर्वास और निर्माण में तेजी लाएं: राजेश

## सिंचाई सचिव ने जमरानी बांध परियोजना का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के बाद पिछले कई माह से ठंडे बस्ते में पड़ी जमरानी बांध परियोजना पर अफसरों की तंद्रा टूटी। सिंचाई सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने जमरानी बांध का निरीक्षण किया और निर्माण एवं पुनर्वास को लेकर जरूरी निर्देश दिए।

सिंचाई सचिव ने शनिवार को अमृतपुर में प्रस्तावित जमरानी बांध परियोजना का निरीक्षण किया। इस मौके पर परियोजना के उपमहाप्रबंधक बीबी पांडेय ने बताया कि 150.6 मीटर ऊंचाई का कंक्रीट ग्रेविटी बांध का निर्माण प्रस्तावित है। इस बांध के बनने से नैनीताल जिले को हर वर्ष 42.70 मिलियन क्यूबिक मीटर पेयजल मिलेगा। इसके वित्त के लिए केंद्र व राज्य सरकार के बीच एमओयू साइन किया गया है। केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पहली किश्त के लिए 157.50 करोड़ की धनराशि दे दी है। राज्य सरकार ने पुनर्वास के लिए 200 करोड़ की धनराशि दी है। इस पर सचिव कुमार ने कहा कि जमरानी बांध परियोजना केंद्र व राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। बांध के निर्माण में तेजी लाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय बनाएं। प्रभावितों के पुनर्वास के लिए जिला प्रशासन के साथ समन्वय कर उनकी आपत्तियों को निस्तारित कर पुनर्वास में तेजी लाई जाए। प्रभावितों को जल्द मुआवजा देने की कार्यवाही भी की जाए। उन्होंने कहा कि जिले स्तर की लंबित समस्याओं को तत्काल सुलझाएं, यदि शासन स्तर पर किसी भी प्रकार की सहायता की जरूरत है तो सचिव स्तर पर समन्वय बनाकर समाधान किया जाए। इस दौरान ललित कुमार, अजय पंत, पंकज ढौंडियाल, हिमांशु पंत, उमेश कुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


जमरानी बांध परियोजना का निरीक्षण करते सिंचाई सचिव डॉ. आर राजेश कुमार।

# तिकोनिया की धंसी सड़क को जल्द बनाएं: सुमित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- विधायक ने निरीक्षण के बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** विधायक सुमित हृदयेश ने तिकोनिया में अतिवृष्टि से धंसी सड़क का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द सड़क निर्माण के निर्देश दिए, ताकि जनता को सहूलियत हो सके।

विधायक सुमित शनिवार की दोपहर तिकोनिया पहुंचे। यहां वर्कशॉप लेन वाली सड़क बीते बुधवार को हुई अतिवृष्टि से धंस गई थी। तब से वहां यातायात ठप है। इस बीच व्यापारियों ने बताया कि सड़क धंसने से इस रोड पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। इस वजह से सड़क किनारे लगने ठेलों, खोमचों का व्यापार प्रभावित हो गया है। वहीं, जनता को भी नगर निगम के सामने से घूमकर आना पड़ रहा है।

इधर, सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सड़क के नीचे 40 मीटर नहर क्षतिग्रस्त हो गई है, इसमें ह्यूम पाइप बनाकर व्यवस्था की जा रही है। अभी सड़क का खुदान हो रहा है, संभावना है कि एक सप्ताह में निर्माण पूरा हो जाएगा। इस पर विधायक ने कहा कि पाइप बिछाने का काम जल्द किया जाए और गुणवत्ता में लापरवाही नहीं हो।


तिकोनिया के पास धंसी सड़क का निरीक्षण करते विधायक सुमित हृदयेश।

## सार-संक्षेप


हॉकी खेल शिविर के लिए ट्रायल देते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### हॉकी के लिए 23 खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल

**हल्द्वानी :** गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को खेल विभाग ने खेलो इंडिया सेंटर के तहत हॉकी खेल शिविर के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल लिया। इसमें अधिकतम 16 वर्ष के 23 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया है। जिसमें 17 बालिकाएं और 6 बालक शामिल रहे। इन खिलाड़ियों का फिजिकल टेस्ट पूरा कर लिया गया है। जल्द ही खेल विभाग चयनित खिलाड़ियों की लिस्ट जारी करेगा। जिला प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल ने बताया कि 30 खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। जिसमें से 15 बालक व 15 बालिकाएं होंगी। अभी बालकों की संख्या पूरी नहीं हो पाई है, जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। मंगलवार से स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर शुरू हो जाएगा।

### फोर्टिफाइड चावल की गुणवत्ता पर होगी चर्चा

**हल्द्वानी :** प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत फोर्टिफाइड चावल की गुणवत्ता के संबंध में जिले के प्रत्येक ब्लॉक में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। फोर्टिफिकेशन संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम की ओर से विकासखंडवार कार्यशाला की समय सारणी जारी कर दी गई है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक शिक्षा पुष्कर लाल टम्टा ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारी व उप शिक्षा अधिकारियों को प्रत्येक स्कूल में पीएम पोषण योजना का कार्य करने वाले एक कार्मिक को नामित कर निर्धारित तिथि को कार्यशाला में प्रतिभाग करने के लिए निर्देशित करने और प्रतिभागी का विवरण कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।

### ट्रेन व प्लेटफार्म के बीच फंसा यात्री, बची जान

**हल्द्वानी :** काठगोदाम रेलवे स्टेशन में एक यात्री गाड़ी संख्या 13020 में चढ़ने का प्रयास कर रहा था, तभी उसका पैर फिसल गया। जिससे वह प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच फंस गया। मौके पर तैनात रेलवे के सुरक्षा कर्मी ने उसे ऊपर खींच लिया। जिससे उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार यात्री प्लेटफार्म संख्या एक पर चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा था। जिसे रेलवे के सुरक्षा कर्मी मोहर सिंह कुशवाह ने नीचे उतरने को कहा। लेकिन व्यक्ति ने सुरक्षा कर्मी की बात को अनसुना कर दिया और ट्रेन में चढ़ने लगा। तभी पायदान से नीचे फिसल कर वह ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच फंस गया। इस पर सुरक्षा कर्मी मोहर ने तत्परता दिखाते हुए उसे ऊपर खींच लिया।

### जानवरों से मनुष्य में संक्रमण पहुंचने का खतरा

**हल्द्वानी :** विश्व जूनोसिस दिवस पर राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की स्ववित्त पोषित कंपनी इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड ने राजकीय पशु चिकित्सालय में शनिवार को शिविर लगाया। जिसमें पालतू जानवरों को एंटी रेबीज के निशुल्क टीके लगाए गए। कंपनी के मार्केटिंग अधिकारी लविश कुमार ने बताया कि 100 से अधिक पालतू जानवरों को टीके लगाए गए हैं।



टीकाकरण शिविर के दौरान पालतू जानवरों को टीका लगते डॉ आरके पाठक।

अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक आरके पाठक ने बताया कि जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियों को जूनोटिक डिजीज कहा जाता है। जानवरों से मनुष्य में रेबीज, टेपवर्म, बर्ड फ्लू, स्वाइन फ्लू आदि बीमारियां फैलने का खतरा रहता है, जो सीधे संपर्क, भोजन, पानी व पर्यावरण के माध्यम से मनुष्यों में फैल सकते हैं। जूनोटिक बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर वर्ष 6 जुलाई को विश्व जूनोसिस दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पशु चाहे पालतू हो या घुमंतू, उसके काटने, पंजे की खरोंच आदि लगने पर तुरंत इलाज कराना चाहिए।

### एमबीपीजी में कर्मचारियों के लिए बनेगा कक्ष

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों के लिए एक कार्यालय कक्ष बनाया जाएगा। इसके लिए नैनीताल–ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट ने अपनी सांसद निधि से 3 लाख रुपये दिए हैं। बजट मिलने के बाद कॉलेज प्राचार्य एनएस बनकोटी ने नगर निगम के एई को एस्टीमेट बनाने के लिए पत्र लिखा है। प्राचार्य बनकोटी और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र सिंह रौतेला ने सांसद अजय भट्ट का धन्यवाद दिया। बताया कि एस्टीमेट बनने के बाद कार्यालय कक्ष का काम शुरू कर दिया जाएगा।

### संस्कृत महाविद्यालय का किया पर्यवेक्षक दल ने निरीक्षण

**हल्द्वानी :** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के पर्यवेक्षक दल ने शनिवार को रेलवे बाजार स्थित श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय का निरीक्षण किया। इसमें भौतिक एवं अन्य प्रलेखों का निरीक्षण करते हुए अध्यक्ष प्रो. मदन मोहन झा ने बताया कि संस्कृत महाविद्यालय में शास्त्री की मान्यता देने के लिए जरूरी अर्हताएं देखी जा रही हैं। दल में प्रो. आरएल नारायण सिन्हा, डॉ. देवानन्द शुक्ल शामिल रहे। इस दौरान पूर्व प्राचार्य मनोज कुमार पांडेय, कीर्ति बल्लभ कलौनी, डॉ. नारायण दत्त थुवाल, मोहित जोशी, रजनी बेलवाल, साकेत पाठक आदि मौजूद रहे।


क्लीनिक का निरीक्षण करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

### कालाढूंगी में बिना नाम के चल रहा क्लीनिक सील

**कालाढूंगी :** स्वास्थ विभाग की टीम ने अनियमिताएं पाए जाने पर शनिवार को बिना नाम के चल रहे क्लीनिक को सील कर दिया। दस्तावेज पूर्ण करने तक क्लीनिक बंद व 10 हजार का जुर्माना लगाया गया। शनिवार को दिन में स्वास्थ विभाग की टीम ने पुलिस के साथ गुलजारपुर चकलुवा में बिना नाम के चल रहे क्लीनिक का निरीक्षण किया। जहां खुली दवाएं व इंजेक्शन पाये जाने पर दवाएं व अन्य सामाग्री सीज कर दी गयी। डॉ. अमित मिश्रा ने बताया कि सीएमओ कार्यालय से उक्त क्लीनिक पर कार्रवाई की प्रतिलिपि मिलने पर कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि क्लीनिक चला रहे मलखान सिंह के पास कोई वैध डिग्री नहीं मिलने के साथ कोई पंजीकरण नहीं था। वहीं बीएसडब्लू की कोई सुविधा नहीं है।

### पर्वतीय धान की दर्जनों प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर

**हल्द्वानी :** पर्वतीय धान की दर्जनों प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर हैं, जिनके संरक्षण के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। धान की लठमार, साठी, कुरुपा चीनी, उखड़ी, अल्मोड़ी, काला मुखड़ी, हंसराज, लुवाकाट सहित दर्जनों प्रजातियों का प्रयोग अब किसान नहीं कर रहे हैं, जिससे इनके विलुप्त होने का खतरा बढ़ गया है। कम लागत व अधिक उपज की होड़ में किसान हाइब्रिड बीज बोने लगे हैं, जिससे परंपरागत बीज विलुप्त होते जा रहे हैं। वन विभाग के रेंजर मदन सिंह बिष्ट का कहना है कि इनके बढ़ने के लिए अनुकूल माहौल बने, इसके लिए ठोस प्रयास किए जाने की जरूरत है। इधर, कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हाइब्रिड बीज में मेहनत कम व उत्पादन ज्यादा होता। इनमें एक बार रोग लगने के बाद कीट पूरे खेत की फसल को खराब कर सकता है। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वीके यादव ने बताया कि हाइब्रिड बीजों की आयु 10 से 12 साल होती है, इसलिए किसानों को परंपरागत बीजों का चयन करना चाहिए।

# एमबीपीजी की मुस्कान ने फतह की कांग यात्से चोटी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज की छात्रा मुस्कान तिवारी ने लद्दाख में 6.5 हजार फीट ऊंची कांग यात्से-2 चोटी को फतह किया है। अब मुस्कान का अगला लक्ष्य एवरेस्ट फतह करना है। 18 वर्षीय मुस्कान एमबीपीजी कॉलेज में बीएससी की छात्रा है।



शनिवार को मुस्कान ने कॉलेज प्राचार्य एनएस बनकोटी से मुलाकात की और अपना अनुभव साझा किया। बताया कि उनका बेस कैंप 5 हजार फीट की ऊंचाई पर था। 18 जून को बेस कैंप से ट्रैकिंग शुरू हुई। 20 जून को रात 11 बजे कांग यात्से-2 की चोटी पर चढ़ाई शुरू की। 21 जून की सुबह 7.30 बजे 6.5 हजार फीट ऊंची चोटी को फतह किया। इससे पहले उन्होंने दिल्ली में 10 दिन की ट्रेनिंग भी ली। ट्रेनिंग के बाद 9 जून को लद्दाख के टेबल टॉप नामक जगह पहुंचे। 11 जून को निम्मू पहुंचे और 14 जून को मारखा वैली में कदम रखा। जहां से 18 जून को बेस कैंप पहुंचे। मुस्कान ने उत्तरकाशी के नेहरू पर्वतारोहण संस्थान से भी ट्रेनिंग ली है। बताया कि उनका लक्ष्य अब एवरेस्ट को फतह करना है।

जल्द ही उन्हें दिल्ली में एवरेस्ट फतह करने के लिए होने वाली चयन प्रक्रिया में शामिल होना है। उनके पिता अशोक तिवारी एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं और माता बीना देवी गृहणी हैं। उनकी दो बहनें करिश्मा और चांदनी हैं। वह एनसीसी 1 यूके एयर स्क्वाड्रन की कैडेट हैं। मुस्कान की इस सफलता पर एनसीसी के विंग कमांडर एनएस पंवार, फ्लाइट लेफ्टिनेंट अमित कुमार सचदेव, प्रो. नवल लोहनी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र सिंह रौतेला ने बधाई दी है।

# परीक्षाएं नजदीक, 40 प्रतिशत छात्रों को नहीं मिली किताबें

संवाददाता, हल्द्वानी




- यूओयू में बीए और बीएससी के अधिकांश छात्र-छात्राओं को हो रही दिक्कत
- 100 से अधिक पाठ्यक्रमों में पढ़ते हैं प्रदेश के 80 हजार छात्र 19 से होनी हैं परीक्षाएं

**अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) में 19 जुलाई से परीक्षाएं होनी हैं, लेकिन अभी तक कई छात्र-छात्राओं को किताबें नहीं मिल पाई हैं। बीए और बीएससी में कुछ ही छात्रों को किताबें मिल पाई हैं। परीक्षाएं नजदीक हैं, ऐसे में छात्रों को किताबें नहीं मिलने से दिक्कत हो रही है।

यूओयू में 100 से अधिक पाठ्यक्रमों में प्रदेशभर से 80 हजार छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं, जिनके लिए 125 स्टडी सेंटर हैं। आठ वेंडरों के जरिये विश्वविद्यालय की किताबें उपलब्ध होती हैं, लेकिन वेंडर किताबें उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। जिस कारण स्टडी सेंटर तक किताबें नहीं पहुंच पा रही हैं। यूओयू के कुलसचिव संजय खत्री ने बताया कि सभी वेंडरों से 10 जुलाई तक किताबें उपलब्ध कराने को कहा गया है। करीब 35 से 40 प्रतिशत छात्रों को किताबें नहीं मिल पाई हैं। उन्होंने कहा कि 10 जुलाई तक किताबें नहीं मिलने पर वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### यूओयू में शुरू हुए दो नए कोर्स

**हल्द्वानी :** यूओयू में इस बार दो नए कोर्स शुरू किये गए हैं। सर्टिफिकेट प्रोग्राम में सर्टिफिकेट इन एंटरप्रेन्योरशिप स्किल्स एंड एंटरप्राइज डेवलपमेंट और डिप्लोमा इन एंटरप्रेन्यारशिप स्किल्स एंड एंटरप्राइज डेवलपमेंट कोर्स में इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। यूओयू में एमबीए, विशेष बीएड और एमसीए में प्रवेश के लिए छात्र सोमवार से आवेदन कर सकते हैं। विशेष बीएड में 500 सीटों के लिए अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इसी तरह एमबीए में एक हजार सीट हैं, जिनमें अभ्यर्थी प्रवेश ले सकते हैं। पिछले साल केवल 170 बच्चों ने एमबीए में प्रवेश लिया था।

### प्राचार्य ने निदेशालय को दी जानकारी

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी, महिला और गौलापार डिग्री कॉलेज को क्लस्टर के तौर पर शुरू करने की योजना के तहत एमबीपीजी कॉलेज की ओर से निदेशालय को जानकारी उपलब्ध करा दी गई है। प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने बताया कि शनिवार को शिक्षकों, छात्रों की संख्या और विषयवार जानकारी निदेशालय को दे दी गई है।

# कागजों में सिमट कर रह गई पहली जैविक मंडी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भूमि का चयन होने के बावजूद जैविक मंडी कागजों में ही सिमट कर रह गई है। जिससे किसानों के उत्पादों को बाजार नहीं मिल पा रहा है।

जैविक खेती और उत्पादों की खूब चर्चा होती है, लेकिन धरातल पर इस ओर कोई ठोस प्रयास नहीं हो रहे हैं। किसान स्वयं से जैविक उत्पाद उगा रहे हैं, मगर उनके उत्पादों को बाजार नहीं मिल पा रहा है। पूर्व में हल्द्वानी में राज्य की पहली जैविक मंडी खोलने की चर्चा हुई थी, जिससे किसान काफी खुश थे। यह मंडी आज तक अस्तित्व में नहीं आ सकी है।

जैविक मंडी के लिए पूर्व में ही भूमि का चयन कर लिया गया था। एफटीआई रोड स्थित मंडी परिषद की करीब ढाई एकड़ भूमि में इसका निर्माण होना था। इसके लिए बजट भी तैयार कर लिया गया था। इस जैविक मंडी में किसान सुविधा केंद्र व हाट बाजार बनाने की भी योजना थी। जिससे जैविक खेती को बढ़ावा मिलता और काश्तकारों को अपने उत्पादों के अच्छे दाम भी मिलते। मगर आज तक योजना धरातल पर परवान नहीं चढ़ पाई है।

> जैविक मंडी पर शीघ्र अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। इसके लिए प्रस्ताव को आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे किसानों को लाभ मिल सके। **-डॉ. अनिल कपूर डब्बू,** अध्यक्ष मंडी परिषद

> भूमि का चयन व बजट होने के बावजूद जैविक मंडी अस्तित्व में नहीं आ सकी है। नवीन मंडी का भी विस्तार नहीं हुआ है। **-कैलाश जोशी,** अध्यक्ष मंडी आढ़ती एसोसिएशन

इधर, नवीन मंडी का विस्तार नहीं होने से आढ़तियों में रोष है। करीब 208 आढ़तियों के पास मंडी का लाइसेंस है, लेकिन उन्हें दुकानें आवंटित नहीं हुई हैं।

## अग्रवाल सभा ने किया पौधरोपण

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अग्रवाल सभा की ओर से नैनीताल रोड स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में शनिवार को पौधरोपण किया गया।

जिसमें अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग, महामंत्री मनोज अग्रवाल, संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, सुशील कुमार अग्रवाल, सुशील बंसल, सतीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, राजेंद्र कुमार, अग्रवाल मुन्ना, आशुतोष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## तमंचा रखने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**लालकुआं :** कोतवाली पुलिस ने हल्दूचौड़ क्षेत्र में एक युवक को अवैध तमंचा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक डीएस फर्त्याल ने बताया कि देर रात गश्त के दौरान पुलिस टीम ने कार की तलाशी ली तो कार के डेश बोर्ड से एक तमंचा 12 बोर मय 2 कारतूस बरामद हुए। जिसके आधार पर पुलिस ने कवींद्र सिंह निवासी इंद्रानगर प्रथम बिन्दुखत्ता के विरुद्ध अपराध पंजीकृत कर उसे न्यायालय पेश किया।






# सभी अधिकारी 24 घंटे मोबाइल खुला रखें

## बाढ़ और जल भराव संभावित क्षेत्रों पर रखें पैनी नजर, डीएम ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि मानसून प्रारंभ हो चुका है। मौसम विज्ञान विभाग की ओर से लगातार पूर्वानुमान चेतावनी जारी की जा रही है। इसलिए सभी अधिकारी अलर्ट रहें। साथ ही बाढ़ और जल भराव वाले संभावित क्षेत्रों में पैनी नजर रखें और 24 घंटे अपने-अपने मोबाइल को खुला रखें।

शनिवार को जिलाधिकारी ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित दैवीय आपदा (बाढ़) तैयारियों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि मानसून की दो बारिश हो चुकी हैं जहां कमियां सामने आयी हैं वहां संबंधित अधिकारी जमीनी स्तर पर निरीक्षण करें और आवश्यक तैयारियां करें। ऐसे क्षेत्र जहां पिछले वर्षों में जलभराव एवं बाढ़ का अधिक प्रभाव रहा है वहां पर सुरक्षात्मक कार्यों पर अधिक ध्यान दें।

उन्होंने कहा कि विगत वर्ष काशीपुर, बाजपुर, सितारगंज और खटीमा आदि क्षेत्र में बाढ़ एवं जलभराव हुआ था। उसको देखते हुए अभी से कम करने के लिए कार्य करें। साथ ही बाढ़, जल भराव संभावित क्षेत्रों पर पैनी नजर रखें। तहसीलों में स्थापित सभी कंट्रोल रूम, बाढ़ चौकियां, बाढ़ नियंत्रण केंद्र सक्रियता से कार्य करें और सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान करें ताकि आपदा राहत कार्य शीघ्रता से किये जा सके। उन्होंने कहा कि वर्षा काल में सर्प दंश के मामले भी अधिकांश रहते हैं इसलिए चिकित्सालयों में पर्याप्त स्नैक एन्टीवेनम रखने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज शर्मा, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पांडेय, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एसबी पांडे, अधिशासी अभियंता लोनिवि ओपी सिंह, सिंचाई पीसी पांडे, जल संस्थान तरुण शर्मा, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध मौजूद थे। इसके अलावा वर्चुअल के माध्यम से सभी उप जिलाधिकारी, ईओ व विभागीय अधिकारी जुड़े थे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

### तराई में बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से मिली राहत

**रुद्रपुर** : शनिवार को तराई में तीन मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। वहीं बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली है। पहाड़ों में लगातार बारिश हो रही हैं। वहीं तराई में हल्की बारिश के चलते तापमान में उतार-चढ़ाव आ रहा है। शनिवार को भी दोपहर बाद हुई हल्की बारिश के बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि तराई का अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस रहा है। वातावरण में नमी की मात्रा 86 फीसदी, जबकि पूर्व की दिशा से 11.8 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। उन्होंने बताया कि रविवार और सोमवार को भी इसी तरह का मौसम रहेगा।

# प्रेम विवाह से नाराज युवती के परिजनों ने की मारपीट

**काशीपुर:** प्रेम विवाह से नाराज युवती के परिजनों ने उसके पति और ससुर के साथ अभद्रता व मारपीट की। इस दौरान उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। युवती की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

शिवराजपुर थाना कुंडा निवासी अंकिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जनवरी 2024 को उसने अपनी सहमति से संजीव कुमार के साथ प्रेम विवाह किया था। इसी कारण उसके परिवार के लोग उसके ससुराल वालों से रंजिश रखते हैं। विवाद के चलते पुलिस उसके पति और ससुर को भी पाबंद मुचलका कर चुकी है। आरोप है कि 26 जून को रात लगभग दो बजे सर्वेश कुमार और विजेन्द्र कुमार व सचिन, सतेन्द्र लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर उसके घर में घुस आए। इन लोगों ने उसके और उसके पति संजीव के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

# ट्रांसफार्मर फटने से झुलसी महिला से मिले मंत्री बहुगुणा


अस्पताल में महिला का हालचाल जानते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा। ● अमृत विचार

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** ट्रांसफार्मर फटने से गरम तेल की चपेट में आकर झुलसी महिला को देखने शनिवार को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने डॉक्टरों से महिला के स्वास्थ्य की जानकारी ली और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। अस्पताल पहुंचे कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अन्य मरीजों से भी वार्ता की और ओपीडी रजिस्टरों को चेक किया। वहीं बाहर से दवा लिखने पर डॉक्टरों की फटकार लगाई।

बुधवार को मीना बाजार निवासी उर्मिला सक्सेना पत्नी अनिल कुमार रास्ते से गुजर रही थी। तभी अचानक ट्रांसफार्मर फटने से खौलता तेल उनके शरीर पर गिर गया था। हादसे में उर्मिला गंभीर रूप से झुलस गई थीं। सूचना पर पहुंचे पूर्व सभासद रवि रस्तोगी ने घायल उर्मिला के घर जाकर हाल जाना। उन्होंने तत्काल हादसे की सूचना ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को दी। ऊर्जा विभाग के जेई महेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। दूसरी तरफ ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बिजली गिरने से यह हादसा हुआ है। घायल महिला की हर संभव मदद की जाएगी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी, पंडित दिनेश भट्ट, विजय सलूजा, राजेश त्यागी, सुखदेव सिंह, उदय राणा आदि मौजूद थे।

# जूनोसिस संक्रमण से किया सचेत

**गोष्ठी**

- मुख्य अतिथि पशु चिकित्सा अधिकारी ने दी बीमारी और बचाव के बारे में जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विश्व जूनोसिस दिवस के उपलक्ष्य में सीएमओ कार्यालय सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें रुद्रपुर व किच्छा क्षेत्र की 40 आशा कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान जूनोसिस संक्रमण बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

शनिवार को आयोजित गोष्ठी के दौरान मुख्य अतिथि पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुधा कृपाल ने बताया कि जूनोसिस संक्रमण बीमारी के प्रति जागरूक करने के लिए प्रति वर्ष 6 जुलाई को विश्व जूनोसिस दिवस मनाया जाता है। पशुओं में होने वाली बीमारी जो इंसानों में फैलती है उसके बारे में जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि जूनोसिस बीमारी जानवरों के काटने, उनके संपर्क में आने, उनकी लार व मल-मूत्र, दूध, मांस या उन पर आश्रित विभिन्न प्रकार के जीव व कीटाणुओं से मनुष्य को हो सकती है।

सीएमओ ने बताया कि जानवरों के संपर्क में आने से मनुष्यों में बर्ड फ्लू, स्वाइन फ्लू, इबोला, निपाह, रेबीज, ब्रूसेलोसिस, लेप्टोस्पायरोसिस, हुकवर्म, सालमोनेलोसिस, ग्लैंडर्स, एवियन, इन्फ्लूएंजा, वेस्ट नाइल वायरस जैसी बीमारियां होती हैं। इस अवसर पर आईडीएसपी के एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. संतोष पांडेय, एनआरसीपी के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश आर्या, डॉ. सुधा कृपाल, हिमांशु मस्युनी, चांद मियां, प्रदीप महर, तौफीक अहमद, मनोज कुमार आर्य, निधि शर्मा, लक्ष्मी पोखरिया, पूजा, मयंक नैनवाल, सचिन समेत कई लोग मौजूद रहे।



गोष्ठी को संबोधित करतीं दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुधा कृपाल।

# बुलेट के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**काशीपुर, अमृत विचार :** काशीपुर निवासी काजल ने बताया कि उसका विवाह बीती 28 नवंबर 2011 को हिंदू रीति रिवाज के साथ यहीं के निवासी हर्ष के साथ हुआ था। शादी में उसके परिजनों ने हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था।

शादी के कुछ समय बाद ही पति हर्ष व ससुरालियों ने दबाव बनाते हुए कहा कि अपने मायके से पैसे और बुलेट लेकर आओ, नहीं तो उनके घर से चली जाओ। असमर्थता जताने पर ससुरालियों ने शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दहेज की मांग पूरी न करने पर बीती 5 जून 2023 को उक्त लोगों ने मारपीट करते हुए धक्के देकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पति व ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चेक बाउंस में दंपति को तीन माह की कैद

संवाददाता, काशीपुर

**फैसला**

- अदालत ने 30.50 लाख रुपये का जुर्माना किया

**अमृत विचार:** चेक बाउंस के मामले में एसीजे तृतीय की अदालत ने एक दंपति को तीन माह के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपियों पर तीस लाख पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

मेन चौराहा स्थित एक म्यूजिक कार्नर के स्वामी आसित अग्रवाल ने अपने अधिवक्ता पवन कुमार के माध्यम से कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत कर कहा था कि कुआं खेड़ा में एक संस्था चलाने वाले विशालनगर निवासी ओमवीर सिंह यादव और उनकी पत्नी नीरु यादव ने उनकी फर्म से लाइट म्यूजिक का सामान 30,29,403 रुपये में खरीदा था। भुगतान के बदले में उन्हें बंधन बैंक का एक चेक 26 अक्टूबर 2021 को दिया। यह चेक उसने बैंक ऑफ बड़ौदा की काशीपुर शाखा के अपने खाते में लगाया। 30 अक्टूबर को यह चेक बाउंस हो गया। आरोपियों ने उसके नोटिस का भी जवाब नहीं दिया। अदालत ने आरोपियों को एनआई एक्ट के तहत तलब किया। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का परिशीलन कर अदालत ने दोनों आरोपियों ओमवीर और उसकी पत्नी नीरु को तीन-तीन माह के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उन पर तीस लाख पचास हजार का जुर्माना भी डाला है। जुर्माना अदा न करने पर उन्हें एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

प्रवेश प्रारम्भ
B.I.U. BIUCOP BAREILLY
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# अगले दो दिन तराई में और होगी बारिश

**काशीपुर:** तराई में अगले दो दिन हल्की से मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान मौसम वैज्ञानिकों ने लगाया है। साथ ही अधिकतम तापमान 28 से 30 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इसके चलते लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिलने की उम्मीद है। जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि शनिवार को तराई का अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस रहा। शनिवार को तराई में 2.4 एमएम बारिश हुई है। उन्होंने बताया कि अगले दो दिन 10 से 20 एमएम बारिश होने की संभावना है।

# बंगाली कॉलोनी में बनाएं पुलिया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने बीते दिनों पकड़िया बंगाली कॉलोनी में पानी में डूबकर एक बच्चे की मौत के मामले को लेकर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पहुंचकर नोडल अधिकारी दिनेश यादव से मुलाकात की। ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण की मांग की। नोडल अधिकारी यादव ने आश्वस्त किया कि शीघ्र पुलिया का निर्माण कराया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, गणेश चौसाली, भवानी भंडारी, विश्वजीत मित्तल, प्रकाश आर्य, प्रमोद गडकोटी आदि थे।


खटीमा में सीएम के कैंप कार्यालय में नोडल अधिकारी से मिले भाजपा कार्यकर्ता।

### पुलिया निर्माण को जिलाधिकारी से मिले कांग्रेसी

**खटीमा** : कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमेश राठौर बॉबी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी उदयराज सिंह से मुलाकात की। उन्होंने बीते दिनों बच्चे की मौत के बाद पुलिया बनाने की मांग कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि बंगाली कालोनी के करीब 50 परिवारों को आने जाने वाले रास्ते पर एक पुलिया की जरूरत है। पुलिया न होने से सड़क पर जलभराव हो जाता है। जिससे जान माल का खतरा बना रहता है। ज्ञापन देने वालों में पकड़िया निवासी अमर पोद्दार, सोनू बक्शी, माधव चंद, विक्रम सिंह चौहान, नवीन जोशी, राकेश सिंह आदि थे।

# गर्भ में पल रहे बच्चे को अपना न बताकर दिया तीन तलाक

**काशीपुर:** दहेज के लिए गर्भ में पल रहे बच्चे को अपना न बताकर पति ने तीन तलाक देकर विवाहिता को घर से निकाल दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत ससुरालियों पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। काशीपुर निवासी महिला ने बताया कि उसका निकाह अक्टूबर 2023 को तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद निवासी शाहरुख से मुस्लिम रीति रिवाज के साथ हुआ था। शादी के समय उसके परिजनों ने काफी दान-दहेज भी दिया। लेकिन ससुराली नाखुश थे। आये दिन पति व ससुराली कम दहेज के ताने देते हुए उसके साथ मारपीट करते व मायके से दो लाख रुपये की नगदी व एक बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करते। दहेज की मांग पूरी न करने पर बीती 18 अप्रैल 2024 को उक्त लोगों ने मायके छोड़ दिया और उक्त मांग पूरा न करने पर जान से मारने की धमकी दी। तब से वह अपने मायके में रह रही है तथा तीन माह के गर्भ से है। आरोप है कि गर्भ की खबर सुनकर ससुराली उसे अस्पताल लाए, जहां उक्त बच्चे को पति ने अपना न बताकर तीन बार तलाक देते हुए और जान से मारने की धमकी दी।

प्रवेश प्रारम्भ
B.I.U. BIUCHJ BAREILLY
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
• बी.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
• बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) • एम.ए. (अंग्रेजी)
• एम.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• बी.कॉम. (ऑनर्स) • एम.कॉम.
• बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) • एम.बी.ए.
• बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

**राहत** जून के पहले सप्ताह से जुलाई मध्य तक लगाई जाती है धान की फसल, रोपाई के लिए अधिक पानी की पड़ती है आवश्यकता

# धान के लिए वरदान बनी बारिश, किसानों के चेहरे खिले

अजीत प्रताप गोस्वामी, काशीपुर

**अमृत विचार :** धान की फसल उगाने वाले किसानों के लिए झमाझम बारिश सौगात लेकर आई है। धान की रोपाई में अधिक पानी की आवश्यकता होती है, ऐसे में जून के शुरूआती समय में फसल लगा चुके किसानों के चेहरे खिल उठे हैं।

ऊधम सिंह नगर में बड़े पैमाने पर खेती की जाती है। धान की फसल की बात की जाए तो 98565 हेक्टेयर भूमि पर फसल लगाई जाती है। धान की रोपाई जून के पहले सप्ताह से जुलाई के मध्य तक की जाती है। ऐसे में किसानों को बारिश की बहुत जरूरत रहती है।

किसानों के अनुसार बिना बारिश के धान की खेती करना मुश्किल होता है, लेकिन इस साल के मौसम से लग रहा है कि मानसून मेहरबान होगा और अच्छी फसल होगी। बारिश आते ही किसान अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। किसान लगातार धान की बुवाई कर रहे हैं।

### मानसून में देरी से चिंतित रहे किसान

**काशीपुर** : धान की फसल की बुआई जून से पहले सप्ताह से शुरु हो जाती है। इस साल तराई में मानसून के 15 दिन के देरी से पहुंचने से शुरुआती समय में बुवाई कर चुके किसान काफी चिंतित रहे। 28 जून को मानसून के पहुंचने के बाद लगातार हो रही रिमझिम बारिश से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं।

### फसल खाने वाले कीटों से बारिश ने दिलाया छुटकारा

**काशीपुर** : किसानों के अनुसार, बारिश होने और उमस बढ़ने के चलते फसल के झुलसा रोग व तना छेदक कीटों की चपेट में आने की संभावना बनी रहती है। वहीं बारिश आने से फसल के रोग मुक्त होने की संभावना काफी गुना बढ़ जाती है।

### खेतों में जलभराव से बचें किसान

**काशीपुर** : कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, बारिश केदौरान किसानों को खेतों से जल निकास की व्यवस्था बनानी अनिवार्य है। खेतों में जलभराव होने से धान के पौधे के जलने व सड़ने की संभावना बनी रहती है।

> धान की फसल के लिए पानी की अधिक आवश्यकता होती है। भूमिगत जल के स्थान पर बारिश का कई गुना पानी फायदेमंद होता है। मौजूदा समय में हो रही बारिश धान की फसल के लिए संजीवनी है।
>
> -**एके वर्मा**, जिला कृषि अधिकारी, उधमसिंह नगर


दिनेशपुर में धान की रोपाई करते किसान। ● अमृत विचार

### दिनेशपुर में मौसमी धान की रोपाई शुरू

दिनेशपुर : बारिश शुरू होने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। किसानों ने मौसमी धान की रोपाई शुरू कर दी है। बारिश होने से तापमान में काफी गिरावट आने से मौसम सुहाना हो गया है। बारिश से कई स्थानों पर जल भराव की स्थिति बनी हुई है। धान बीज विक्रेता पूर्व एमडी श्यामपाल यादव ने बताया कि क्षेत्र के अधिकांश किसानों ने उत्तराखंड बीज प्रमाणीकरण संस्था व पंजाब एवं सीड प्लांटों से निर्मित बीजों की मांग पर पीआर-113, 121, 126, 130, 131 एवं एचकेआर-47, बासमती 1692, 1504, नूरी, शरबती आदि बीजों से पौध तैयार की है। प्रगतिशील किसान मोहन जोशी ने बताया कि बाहरी प्रदेशों व धान मिलो एवं आढ़तियों की डिमांड पर किसानों ने धान का बीज मंगवाकर पौध तैयार की है। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई से बारिश शुरू होते ही समय से किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दी है। किसानों को समय से धान की रोपाई करने पर सही मात्रा में पैदावार मिलती है। छोटी जोत किसान चंचल सिंह देऊपा ने बताया कि क्षेत्र के अधिकांश किसान जैविक खाद व कीटनाशक दवा का प्रयोग कर रहे हैं।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
• B.Sc. Nursing (4 Year)
• Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
• G.N.M (3 Year)
• A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
• O.T. Technician
• Optometry
• Cardiology
• Physiotherapy
• C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
• D. Pharma
Facilities Available
❖ QCI Rating 'A' Institute
❖ Scholarship Facility
❖ Smart Classes
❖ 100% Placement
❖ Clinical Training in 1050 Beded Hospital
❖ Experienced Faculty
❖ Well Equipped Computer Lab.
❖ Library
❖ Modern Specialization Laboratory
❖ Value Added Courses
❖ Field Visits
❖ Wi-Fi & Lush Green Campus
❖ Hostel
❖ Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

## एक नजर

### मोहर्रम में 10 फीट से अधिक ऊंचा न बनाएं ताजिया

**जसपुर :** कोतवाल ने मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। जसपुर कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने सोशल मीडिया पर एक सूचना जारी कर कहा कि 17 जुलाई को मोहर्रम का पर्व पर किसी भी ताजिये की ऊंचाई 10 फीट से अधिक न रखी जाए। विगत वर्ष पूर्व में अवगत कराने के बावजूद कुछ ताजियों की ऊंचाई लगभग 15 फीट थी। इससे ताजियों को गली-मोहल्लों से निकालने में अत्यंत परेशानी हुई थी। ताजिये निकालते समय ऊंचाई के कारण कानून संबंधी कोई समस्या उत्पन्न होती है और शांति व्यवस्था भंग होती है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी उनके साथ ताजिये निकालने वाले सहयोगियों की होगी।

### 4.75 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**जसपुर :** पुलिस ने गांधी पार्क निवासी विशाल को भगवंतपुर रोड आम के बाग में स्मैक बेचते हुए गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 4.75 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

संघर्ष समिति ने लोनिवि के सहायक अभियंता को सौंपा ज्ञापन, जर्जर सड़क का जल्द निर्माण नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

# बिगवाड़ा-दक्ष रोड का पुनर्निर्माण नहीं होने से आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** बिगवाड़ा-दक्ष मुख्य मार्ग की जर्जर हालत से आक्रोशित संघर्ष समिति ने लोनिवि के सहायक अभियंता विनोद चंद्र सनवाल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही सड़क का पुनर्निर्माण नहीं किया तो संघर्ष समिति आंदोलन करेगी।

शनिवार को बिगवाड़ा-दक्ष रोड पुनर्निर्माण संघर्ष समिति के पदाधिकारी लोक निर्माण विभाग के कार्यालय पहुंचे। संघर्ष समिति का कहना था कि पिछले कई सालों से बिगवाड़ा-दक्ष मुख्य मार्ग की हालत जर्जर है। खराब सड़क होने के कारण राहगीरों के अलावा कई कॉलोनियों के लोग परेशान हो रहे हैं। आए दिन लोग हादसों का शिकार होकर चोटिल हो रहे हैं।


लोनिवि के सहायक अभियंता को ज्ञापन देते संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

इसके अलावा बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या पैदा हो जाती है। उन्होंने सहायक अभियंता से वर्षा काल को देखते हुए दो से तीन दिन के अंदर गड्ढों को भरने, निकाय चुनाव की आचार संहिता से पहले सड़क निर्माण की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांग जल्द पूरी नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष दुष्यंत खैतवाल, महामंत्री अभिषेक यादव, कोषाध्यक्ष सुखदेव सिंह, दीपक गहतोड़ी, सतीश वर्मा, विभूमि रंजन, अजय फुटेला, नवीन नैनवाल, अजय राज शर्मा, जगदीश टम्टा, लक्ष्य शर्मा, मनोज भंडारी, नितिन रावत आदि मौजूद रहे।

### बरसात में खस्ताहाल हुआ खटीमा-मझोला मार्ग

**खटीमा :** बरसात शुरू होने की साथ ही खस्ताहाल खटीमा-मझोला आवागमन के लिए जोखिम भरा होने लगा है। खटीमा से मझोला मार्ग पर होने वाले गड्ढों को समय पर नहीं भरा जा रहा है, इससे बरसात के कारण उनका आकार बढ़ता जा रहा है और सड़क बदहाल होती जा रही है। इससे इन पर गुजरने वाले राहगीरों की परेशानी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। खटीमा से मझोला मार्ग लंबे से समय से क्षतिग्रस्त है। इन सड़कों की खस्ताहाल को लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायतें की गई हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता पलड़िया बताते हैं कि यह मार्ग अब एनएच डिविजन हल्द्वानी को स्थानांतरित कर दिया गया है। अब इस रोड की बरसात के बाद मरम्मत की जाएगी। यहां के निवासी हरगोविंद सिंह सिद्धू ने कहा कि इस रोड पर लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय अचानक गड्ढा सामने आने पर वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ जाता है। जिससे कई घटनाएं हो चुकी हैं। बरी अंजनिया के ग्राम प्रधान कौशल कुमार कुशवाहा ने भी इस रोड के विषय में चिंता व्यक्त की है। इस पर ईश्वर सिंह, राजू फाइटर, उत्तम कुमार, दिनेश, संजय कुमार सोनू आदि ग्रामीणों ने मार्ग की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।


खस्ताहाल खटीमा-मझोला मार्ग। ● अमृत विचार

### सड़क हादसे में सब्जी विक्रेता की मौत

**काशीपुर:** मंडी से सब्जी खरीदने गए युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

ग्राम पंचायत बांसखेड़ी काशीपुर निवासी जगदीश (36) ठेले पर घूम-घूमकर सब्जी बेचने का कार्य करता था। शनिवार सुबह 6 बजे वह सब्जी खरीदने के लिए सब्जी मंडी समिति, सरवरखेड़ा गया था। सब्जी खरीदने के बाद वह अपनी बाइक से रिक्शा को बुलाने के लिए रोड किनारे पर खड़ा था। तभी एक अन्य तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसको टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर घर में कोहराम मच गया है। मृतक के तीन बच्चे हैं। बड़ा पुत्र यश 12 वर्ष, आदित्य 10 वर्ष और पुत्री सिया 8 वर्ष है। तीनों बच्चों व पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गुस्साई महिलाओं ने चौकी में टांगी चूड़ियां

एक सप्ताह बाद भी नहीं हो सका अपना घर सोसाइटी में चोरी का खुलासा, महिलाओं ने किया चौकी में हंगामा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कुंडेश्वरी रोड स्थित अपना घर सोसाइटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के घर हुई चोरी के खुलासे की मांग को लेकर महिलाओं ने पुलिस चौकी का घेराव किया। चौकी प्रभारी की अनुपस्थिति में महिलाओं ने उनके कार्यालय पर चूड़ियां टांग दीं।

अपना घर सोसाइटी निवासी बृजेश सिंह पिथौरागढ़ डिग्री कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। 9 से 27 जून तक उनका परिवार पिथौरागढ़ में था। वापस आकर देखा कि मकान के ताले टूटे थे। चोर घर से करीब 10-11 तोला सोना व चांदी के आभूषण और 20 हजार रुपये नकदी आदि ले गए थे। वारदात का खुलासा नहीं हो पाने से भड़के कॉलोनीवासियों ने शनिवार को कुंडेश्वरी चौकी का घेराव किया। गुस्साई महिलाओं ने चौकी प्रभारी की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय पर चूड़ियां टांग दीं। कुछ देर बाद पहुंचे चौकी प्रभारी राजेंद्र मौनियाल ने महिलाओं व अन्य लोगों को समझाते हुए बताया कि पुलिस लगातार सुरागरसी में जुटी है। कॉलोनी में सीसीटीवी कैमरों का अभाव है। सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है। उन्होंने जल्द की वारदात


आक्रोशित महिलाओं को समझाते चौकी प्रभारी। ● अमृत विचार



कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी के कार्यालय पर चूड़ी टांगती महिला। ● अमृत विचार

गंगोला, अंजली भारती, रवि प्रकाश ,रवि गुप्ता , राजेंद्र ढिल्लों, महेश चंद्र, मातम्वर सिंह कोश्यारी, हिरदेश कुमार, योगेंद्र कुमार, राजीव कुमार, मनीषा, हेमा रावत, दीपा सत्यवाली आदि मौजूद थे।


रुद्रपुर में एसपी का घेराव करते व्यापारी। ● अमृत विचार

# रुद्रपुर में एसपी सिटी का किया घेराव

संवाददाता, रुद्रपुर

**लामबंद**
- व्यापारियों ने चोरी के खुलासे की उठाई मांग
- खुलासा नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार:** व्यापारी के घर हुई चोरी का खुलासा नहीं होने पर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारी नेताओं ने एसपी सिटी का घेराव किया और जल्द खुलासा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। एसपी सिटी ने तत्काल थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप को चोरी का खुलासा करने के निर्देश दिए।

शनिवार को घेराव के दौरान महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि 29 जून की सुबह साढ़े दस बजे रुद्रपुर के व्यापारी अमित कुमार छाबड़ा एक धार्मिक कार्यक्रम में गए हुए थे। 30 जून की सुबह साढ़े तीन बजे लौटे तो देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा था। जब जांच की तो पाया कि चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर 50 हजार की नगदी सहित ढाई लाख कीमत के जेवरात चुरा लिए हैं।

मामले की तहरीर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को सौंपी गई। आरोप था कि कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अभी तक कोई खुलासा नहीं किया है। इससे व्यापारियों में असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है। एसपी सिटी ने थाना अध्यक्ष भारत सिंह को फोन मिला कर जल्द खुलासे का आदेश दिया। इस मौके पर महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राय, आशीष छाबड़ा सचिन छाबडा, शिव छाबड़ा, सोम मुंजाल, मनीष गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# तमंचा दिखाकर कार लूटने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**खुलासा**
- बिहार में बेच डाली कार, बरामदगी के प्रयास जारी
- 12 बोर का तमंचा और कार की आरसी हुई बरामद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जून माह में तमंचा दिखाकर कार लूटकांड का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनसे 12 बोर का एक तमंचा व लूटी कार की आरसी बरामद की गई है। बावजूद पुलिस ने अभी तक लूटी गई कार बरामद नहीं की। बताया कि आरोपियों द्वारा लूटी कार को बिहार में बेच दिया गया है। उसकी बरामदगी के पुलिस प्रयास कर रही है।

शनिवार को खुलासा करते हुए एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कत्याल और सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि 26 जून को ग्रीन पार्क निवासी जसविंदर सिंह ने बताया था कि उसका आवास-विकास नैनीताल हाईवे पर ओम साई कार बाजार का कार्य है। बताया कि उसकी दुकान पर अबरार अंसारी व वंश मखीजा नाम के दो युवक आए और नेक्सन कार संख्या यूपी-22 एजे-3033 को खरीदने की बात करते हुए टेस्ट ड्राइव के नाम पर किच्छा बाईपास तक ले गए। वे तमंचा दिखाकर कार लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर थाना प्रभारी ट्रांजिट कैंप भारत सिंह और एसओजी प्रभारी संजय पाठक के नेतृत्व में टीम का गठन किया।

शनिवार को सुरागरसी के आधार पर पुलिस ने सामिया लेक सिटी निवासी अबरार अंसारी, विवेकानंद आवास विकास रुद्रपुर निवासी वंश मखीजा और लूटकांड में सहयोग देने वाले ग्राम बेरिया दौलत थाना केलाखेड़ा निवासी जितेंद्र उर्फ जतिन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से 12 बोर का तमंचा व लूटी कार की आरसी बरामद हुई है।.र

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि कार को लूटने के बाद वह ललितपुर के रास्ते गोरखपुर होते हुए बिहार के मोतिहारी पहुंचे। जहां कार को करीब पांच लाख रुपये में मनीष कुमार नाम के युवक को बेच दिया है। मिली रकम को आपस में बांट लिया। एसपी क्राइम ने बताया कि कार बरामदगी के लिए एक टीम का गठन कर बिहार रवाना किया जाएगा।



कार लूट के आरोपियों के साथ खुलासा करते एसपी क्राइम, एसपी सिटी और सीओ।

# आरओबी पर चढ़ रहे वाहनों से खतरा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** सर्विस रोड से आरओबी पर चढ़ रहे वाहन हादसों को दावत देते नजर आ रहे हैं। इन वाहनों द्वारा सर्विस रोड से अचानक आरओबी पर आ जाने से उतरते वाहनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं वाहनों की लाइन भी लग जा रही है। इससे यातायात बाधित हो रहा है।

बाजपुर रोड पर रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण किया गया है। इस पर तीन ओर बाजपुर रोड, रामनगर रोड और रेलवे स्टेशन रोड से वाहन चढ़ व उतर रहे हैं। रोड पर आरओबी समाप्त होने पर सर्विस रोड से भी वाहन आरओबी पर चढ़ रहे हैं। जहां सड़क व आरओबी की चौड़ाई कम होने से यह चढ़ते वाहन उतरते हुए वाहनों के लिए हादसों का सबब बन रहे हैं। शनिवार को भी रामनगर रोड से एक वाहन सर्विस रोड से आरओबी पर मुड़कर चढ़ने लगा, तो वहां उतरते हुए वाहनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस दौरान आरओबी पर उतरते वाहनों का जाम भी लग गया।


रामनगर रोड से आरओबी पर चढ़ते हुए वाहनों के कारण लगा जाम। ● अमृत विचार

# रंपुरा क्षेत्र में किशोरी ने फांसी लगाकर जान दी

संवाददाता, रुद्रपुर

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार:** रंपुरा चौकी इलाके में एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रंपुरा चौकी की भूतबंगला बस्ती निवासी 17 वर्षीय काजल अपनी मां-भाइयों के साथ किराए के मकान में रहती थी। शुक्रवार को मां-भाई रोजमर्रा की भांति काम पर चले गए और जब देर शाम घर लौटे तो देखा कि किशोरी ने कमरे की बल्ली से लटककर अपनी जान दे दी। जिसे देखकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी रंपुरा नवीन बुधानी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है, क्योंकि मौके पर कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

**आक्रोश** कोतवाल का घेराव कर सौंपी तहरीर, हंगामे के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

# अशोभनीय टिप्पणी पर हिंदूवादी संगठनों ने घेरी कोतवाली

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके में सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति द्वारा अशोभनीय धार्मिक टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। इससे भड़के विहिप गौ विभाग के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार देर रात्रि कोतवाली घेरी और कोतवाल धीरेंद्र कुमार को तहरीर सौंपी। इसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है।

विहिप के गौ विभाग के प्रांतीय मंत्री यशपाल राजहंस ने बताया कि देर शाम को सोशल मीडिया पर रुद्रपुर के रहने वाले सिद्धांत जोशी ने हिंदू समाज के आराध्य देवताओं के खिलाफ अश्लील भाषा के वार्तालाप की रिकॉर्डिंग वायरल की। अमर्यादित भाषा को सुनकर हिंदूओं में आक्रोश हो रहा है। आरोपी द्वारा जानबूझकर रिकॉर्डिंग को वायरल किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी सिद्धांत जोशी ऑनलाइन क्लासेज के माध्यम से समाज में तंत्र-मंत्र का प्रचार-प्रसार करता है। वह देवी देवताओं को पाखंड बता कर दुष्प्रचार भी करता रहता है। आरोप था कि आरोपी ने धार्मिक उन्माद भड़काने और आस्था पर कुठाराघात किया है। हंगामे के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत ले लिया और तहरीर के आधार पर सिद्धांत जोशी के खिलाफ एमएम, सीसी की धारा 270, 292, 299, 302 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।


कोतवाल का घेराव करते विहिप गौ विभाग के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


किच्छा में पुलिस अधिकारी से वार्ता करते हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता।

### किच्छा में भी देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी से रोष

**किच्छा :** सोशल मीडिया ग्रुप में हिंदू देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी किए जाने का आरोप लगाते हुए हिंदू संगठन से जुड़े तमाम युवा कोतवाली पहुंचे। उन्होंने ग्रुप एडमिन तथा अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की। साथ ही 48 घंटे के भीतर आरोपियों पर कार्रवाई न होने की दशा में आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। विश्व हिंदू महासंघ के जिला प्रभारी मुकेश राठौर एवं देवभूमि फाउंडेशन के अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा के नेतृत्व में युवाओं ने उप निरीक्षक राजेंद्र पंत को लिखित शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अन्य समुदाय के युवकों द्वारा भगवान श्री राम एवं माता सीता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की गई है।


प्रवेश प्रारंभ



वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
| --- | --- | --- |
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
| --- | --- | --- |
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट) मो. 9956248504

# छह खाद्य कारोबारियों पर दो लाख 60 हजार का जुर्माना

## फोर्टिफाइड चावल, मावा, मिठाई व अन्य में मिलावट का है मामला, सुनवाई के बाद न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी ने सुनाया फैसला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी व अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त व राजस्व) ऊधमसिंह नगर अशोक कुमार जोशी के न्यायालय में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने फोर्टिफाइड चावल, मावा, मिठाई व अन्य को लेकर न्यायालय में वाद दायर किया था। न्याय निर्णायक अधिकारी व अपर जिला मजिस्ट्रेट ने मामले की सुनवाई के बाद खाद्य पदार्थों को एफएसएसए एक्ट 2006 के मानकों के अनुरूप न पाये जाने पर विक्रय, संग्रहण और निर्माण करने वाले छह कारोबारियों पर दो लाख 60 हजार का अर्थदंड लगाया है।

मामले की सुनवाई के बाद शनिवार को जिला अभिहित अधिकारी ऊधमसिंह नगर डॉ. प्रकाश फुलारा ने बताया कि 3 मई 2023 को केंद्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी गाजियाबाद स्वाति कुमार ने फोर्टिफाइड चावल का नमूना लिया गया था। केंद्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने इस नमूने को जांच के लिए खाद्य विश्लेषक फिक्की अनुसंधान और विश्लेषण केंद्र द्वारका नई दिल्ली भेजा गया था। जांच में नमूना अधोमानक घोषित हुआ। 9 अप्रैल 2024 को उन्होंने न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी के न्यायालय में वाद दायर किया था। सुनवाई के बाद न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी ने खाद्य कारोबारी पर 1,50,000 का जुर्माना लगाया।

इसी तरह अन्य नमूनों को राज्य खाद्य एवं औषधि जांच प्रयोगशाला रुद्रपुर को भेजा गया था। यह नमूना जांच रिपोर्ट में मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। इनको लेकर भी न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी के न्यायालय में वाद दायर किया गया था। इन मामलों की सुनवाई के बाद टनकपुर रोड खटीमा के खाद्य कारोबारी का मावे के सैंपल फेल होने पर 25000, पुलभट्टा स्थित मिठाई विक्रेता का लाइसेंस नहीं होने पर 25000, बरा किच्छा के कारोबारी का मसूर की दाल का नमूना फेल होने पर 25000, सितारगंज में कारोबारी का धनिये का नमूना फेल होने पर 25000, ठाकुरद्वारा स्थिति मिठाई विक्रेता का रसगुल्ले का नमूना फेल होने पर 10000 हजार का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने सभी खाद्य कारोबारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि यदि किसी भी खाद्य कारोबारी द्वारा एफएसएस एक्ट 2006 के मानकों के अनुरूप खाद्य एवं पेय पदार्थों का विक्रय, संग्रहण और निर्माण किया गया तो उनके विरूद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि खाद्य एवं पेय पदार्थों को खरीदते समय निर्माण तिथि व उपभोग की तिथि व खाद्य कारोबारियों का खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण अवश्य देख लें। निम्न गुणवत्ता, अस्वछकर एवं अस्वास्थ्यकर खाद्य सामग्री विक्रय किये जाने पर टोल फ्री नम्बर 18001804246 पर शिकायत करें।

# राशन की दुकान हटाने पर भड़के लोग

- डीएसओ कार्यालय पर किया प्रदर्शन
- पुरानी व्यवस्था रखने की उठाई मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सस्ता गल्ला की दुकान हटाकर दूसरी स्थान पर दिए जाने से भड़के कार्डधारकों ने डीएसओ कार्यालय प्रदर्शन किया और पुराने कोटा धारक के यहां से राशन मुहैया कराने की मांग की। उन्होंने आगाह किया कि यदि कार्डधारकों की परेशानी पर गौर नहीं किया तो आंदोलन होगा।

शनिवार को आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी और सुभाष कॉलोनी के कार्डधारक डीएसओ कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने प्रदर्शन किया।


डीएसओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते कॉलोनी के कार्डधारक। ● अमृत विचार

उनका कहना था कि उनका राशन कार्ड विजय पाल व संदीप चावला कोटा धारक के यहां था, लेकिन अचानक दोनों कोटा धारक से हटाकर दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कर दिया। जिसकी वजह से कार्डधारकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अक्सर कार्ड धारकों को यातायात की व्यवस्था कर राशन लेने जाना पड़ता है। पुराने कोटे धारकों के यहां ही कार्डधारकों को राशन मुहैया करने की मांग की। इस मौके पर ऊषा रे, मंजीत गोलदार, आशा विश्वास, नित्या नंद बैरागी, सावित्री मजूमदार, शोभा रे, जमुना राय, भारती देवी, तपन तारा, कंचन बैरागी, मनीष विश्वास, चंद्र विश्वास, भारती सरकार, अंजना देवी मौजूद रहे।

# शिक्षक समस्याओं से शोध हो रहा प्रभावित

- पंतनगर विवि में पूटा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** पंतनगर यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (पूटा) की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम शनिवार को कृषि महाविद्यालय सभागार में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि कार्यवाहक कुलपति एवं अधिष्ठाता कृषि डॉ. एसके कश्यप और विशिष्ट अतिथि किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ मौजूद रहे।

उद्यान विभाग के प्राध्यापक एवं मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. ओमवीर सिंह ने पूटा की चुनाव प्रकिया से अवगत कराते हुए नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। पूटा अध्यक्ष डॉ. प्रमोद मल्ल ने कहा कि पंतनगर विवि देश में हरितक्रांति की जननी


शिक्षकों को संबोधित करते पूटा अध्यक्ष।

के रूप में जानी जाती है। लेकिन आज की बदलती परिस्थितियों में प्रदेश सरकार इसका कमतर मूल्यांकन कर रही है।

कहा कि शिक्षकों की अनेक समस्याएं इस समय उनमें भय पैदा कर रही हैं। इससे विवि में पठन-पाठन एवं शोध के लिए सकारात्मक वातावरण नहीं मिल पा रहा है। शिक्षकों का एरियर और वेतन समय से नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनमें रोष व्याप्त है। विधायक बेहड़ ने शिक्षकों की सभी समस्याओं के निराकरण के लिए पूरे सहयोग का आश्वासन दिया। पूटा महासचिव डॉ. अनूप सचान ने कुलपति डॉ. एमएस चौहान, डीन एजी एसके कश्यप आदि का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन ममता पांडे ने किया।


डॉ. प्रमोद मल्ल को प्रमाणपत्र प्रदान करते विधायक बेहड़ व डॉ. एसके कश्यप।

### इन शिक्षकों ने ली शपथ

**पंतनगर :** नव निर्वाचित कार्यकारिणी में पूटा अध्यक्ष के रूप में डॉ. प्रमोद मल्ल, उपाध्यक्ष के रूप में डॉ. विनय कुमार सिंह, महासचिव के रूप में डॉ. अनूप सचान, सचिव के रूप में डॉ. केपी सक्सेना व कोषाध्यक्ष के रूप में डॉ. एसपी गंगवार सहित कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. नवीन सिंह व डॉ. सुमन लता ने शपथ ग्रहण की।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती सादगी से मनाई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती को सादगी के साथ मनाया गया।

नगर निगम सभागार में निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान और भारत भूषण चुघ की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने चित्र पर पुष्प अर्पित किए और बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी एक सिद्धांतवादी थे। जिन्होंने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा दिलाने के लिए आंदोलन किया। राम प्रकाश गुप्ता, ठाकुर जगदीश सिंह, देवेंद्र सिंह बामल, केशव शर्मा, परवेज खान, हिमांशु शुक्ला, रोशन अरोड़ा, सतपाल गंगवार, सुशील चौहान, अक्षय गहलोत, मदन लाल शर्मा, विपिन पांडे मौजूद रहे।


डॉ. मुखर्जी की जयंती मनाते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



बरेली से पहुंचे छात्र-छात्राओं के साथ निदेशक डॉ. संजय कुमार और वैज्ञानिक।

## जैव प्रौद्योगिकी तकनीकों से रूबरू हुए बरेली के छात्र

**पंतनगर :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के परास्नातक सूक्ष्म जीवविज्ञान के छात्र-छात्राओं और शोधार्थियों ने हल्दी में उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद (बायोटेक) का भ्रमण किया। यहां निदेशक डॉ. संजय कुमार ने जैव प्रौद्योगिकी को विज्ञान की नई तकनीक बताते हुए बायोटेक्नोलॉजी की नवीन विधाओं की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से जैव प्रौद्योगिकी में बढ़ चढ़कर अनुसंधान करने का आह्वान किया। प्राध्यापक डॉ. संजय पटेल के नेतृत्व में बरेली से आए छात्रों ने बायोटेक में स्थापित आधुनिक प्रयोगशालाओं की शोध गतिविधियों को जाना। वैज्ञानिक डॉ. कंचन कार्की, डॉ. मणिंद्र मोहन व डॉ. सुमित पुरोहित ने जैव प्रौद्योगिकी में हो रहे नए अनुसंधान की जानकारियां दीं। इस दौरान डॉ. संजय पटेल, अनुज कुमार, सौरभ पंडा, ललित मिश्रा, मेधा सिंह, चांदनी जोशी, पूजा तिवारी, सरिता बिष्ट व बबिता रौतेला सहित लगभग 30 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## मां हिडम्बा देवी परिसर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा आज

**जसपुर।** समीपवर्ती गांव गोरा फॉर्म व दादू वाला के पास स्थित मां हिडम्बा देवी के महाभारत कालीन ऐतिहासिक मंदिर के जीर्णोद्धार के दौरान बनाए गए दो नये मंदिरों खाटूश्याम बाबा व नीब करौरी बाबा के मंदिरों में स्थापित की गईं मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा रविवार को की जाएगी। इसकी पूजा-अर्चना प्रातः 9 बजे शुरू की जाएगी। सामाजिक कार्यकर्ता गांव गोरा फॉर्म निवासी मनोज त्यागी ने बताया कि मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दोपहर में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। ये दोनों प्रतिमाएं मंदिर का जीर्णोद्धार करने वाले ठेकेदार हल्द्वानी निवासी सुशील दोहन ने अपने खर्चे पर दान स्वरूप स्थापित कराई हैं।

# हज यात्रा से 1024 लोग घर लौटे

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य से हज पर गए 1043 हाजियों में से 1024 हाजी सात अलग-अलग फ्लाइटों से सकुशल घर लौट आए हैं। इनमें दो नन्हीं बच्चियां भी शामिल हैं।

उत्तराखंड राज्य हज समिति के चेयरमैन खतीब अहमद ने बताया कि हज-2024 संपन्न होने के बाद अलग-अलग फ्लाइट से हाजियों के वतन लौटने का सिलसिला जारी है। नैनीताल जिले के आजाद नगर, हल्द्वानी निवासी शादाब अहमद की एक वर्षीय बच्ची नूरेन शादाब एवं हरिद्वार जिले के सती मोहल्ला रुड़की निवासी मोहम्मद सुहेल की डेढ़ वर्षीय बच्ची फातिमा जहरा अपने माता-पिता के साथ हज करके लौट आई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष राज्य से 1043 लोग हज की यात्रा पर गए थे। इनमें 549 पुरुष और 492 महिलाएं शामिल थीं। शेष 19 हाजी अलग-अलग फ्लाइट से आठ जुलाई तक वतन पहुंच जाएंगे। हज-2025 की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए हाजियों को पत्र भेजकर यात्रा का फीडबैक लिया जाएगा। हाजियों की मदद में ईओ मोहम्मद मीसम, अब्दुल कादिर, इजहार हुसैन आदि शामिल रहे।

### हाजियों ने साझा किए अनुभव



हज से लौटे हाजी नासिर अली निवासी जसपुर ने कहा कि अराफात के मैदान में लाखों हाजियों की भीड़ कयामत के दिन की याद दिला रही थी। ऐसा नजारा मैंने अपने जीवन में पहली बार देखा।
हाजी रईस अहमद निवासी जसपुर ने कहा कि जीवन में पहली बार हज का मौका मिला। खाना-ए-काबा, मदीना शरीफ, मीना, अराफात, मुजदलफा आदि स्थान की जियारत की। बड़ा सकून मिला।
हज्जन मुमताज बेगम, जसपुर ने कहा कि अल्लाह के करीब जाने का एहसास हुआ। नजारे ऐसे थे कि लौटने का मन नहीं कर रहा था। दुआ करती हूं कि अल्लाह सभी को हज कराए।

**आयोजन** भारतीयम स्कूल में आयोजित हो रही अंडर 17 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप

# कुश्ती में हरियाणा के पहलवानों का दबदबा

- सर्वाधिक 180 अंक हासिल कर हरियाणा की टीम ने पाया प्रथम स्थान

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** भारतीय कुश्ती संघ के तत्वावधान में आयोजित अंडर 17 राष्ट्रीय चैंपियनशिप फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन महिला प्रतियोगिता के दूसरे दिन हरियाणा के पहलवानों का दबदबा नजर आया।

हरियाणा के प्रतिभागी पहलवानों ने टीम रैंकिंग के अनुसार सर्वाधिक 180 अंक हासिल कर प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। जबकि दिल्ली की टीम दूसरे स्थान पर रही। भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में 45 किलोग्राम भार वर्ग के अंतर्गत हरियाणा के शिवम, एसएससीवी के यशवर्धन पवार और महाराष्ट्र के सौरभ ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 48 किलोग्राम वर्ग में हरियाणा के हर्ष ने प्रथम, एसएससीवी के धनराज जमनिक ने द्वितीय तथा महाराष्ट्र के सुजीत ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी कड़ी में 51 किलोग्राम भार वर्ग में दिल्ली के कार्तिक, महाराष्ट्र के अभिजीत एवं राजस्थान के विक्की बिश्नोई तथा 55 किलोग्राम भार वर्ग के अंतर्गत राजस्थान के अनुज कुमार विश्नोई, उत्तर प्रदेश के जयवीर सिंह, एसएससीवी के ईश्वर सिंह तथा 60 किलोग्राम वर्ग में आरू खांडेकर, हरियाणा के सत्येंद्र, दिल्ली के तुषार ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के दौरान 65 किलोग्राम भार वर्ग में दिल्ली के सागर, महाराष्ट्र के जगदीश और मयंक कुमार एवं 71 किलोग्राम भार वर्ग में दिल्ली के निशांत, हरियाणा के निशांत सिंह और महाराष्ट्र के अर्जुन ने तथा 80 किलोग्राम भार वर्ग प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के विवेक, एसएससीवी के यश कुमार और चंडीगढ़ के आकाश ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 92 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा के अर्जुन, महाराष्ट्र के सूरज और पंजाब के सन्नी सिंह तथा 110 किलोग्राम भार वर्ग प्रतियोगिता में पंजाब के जसपूरन सिंह, दिल्ली के विपिन, उत्तर प्रदेश के लक्ष्य कुमार और हरियाणा के हरदीप सिंह ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। टीम रैंकिंग के अनुसार हरियाणा की टीम ने सर्वाधिक 180 अंक, दिल्ली की टीम ने 151 अंक और एसएससीवी ने 150 अंकों का लक्ष्य हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान हासिल किया।


खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते सांसद करण भूषण सिंह एवं कुश्ती संघ अध्यक्ष संजय सिंह।

### किच्छा पहुंचने पर विधायक अरविंद पांडे का स्वागत

**किच्छा।** भारतीय कुश्ती संघ के तत्वावधान में नगर के भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल में प्रथम बार आयोजित तीन दिवसीय अंडर 17 राष्ट्रीय चैंपियनशिप प्रतियोगिता में पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अरविंद पांडे का तमाम गणमान्य लोगों ने गदा भेंटकर जोरदार स्वागत किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह एवं समाजसेवी अजय तिवारी के नेतृत्व में तमाम लोगों ने विधायक अरविंद पांडे का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह, उत्तराखंड कुश्ती संघ के सचिव अंकित त्यागी, उपाध्यक्ष एस फोनी, भारतीयम विद्यालय के प्रबंधक भरत गोयल आदि मौजूद रहे।


किच्छा में पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे को गदा देकर सम्मानित करते लोग।

## सार-संक्षेप

### आवारा पशुओं को गौशाला भेजने का अभियान शुरू

**काशीपुर :** शहर में आवारा घूमने वाले पशुओं से हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम ने अभियान चलाया है। इसके अंतर्गत शनिवार को नगर निगम की टीम ने शहर से दो सांडों को पकड़कर गौशाला भेज दिया। नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि आवारा सांडों को पकड़ने का अभियान शुरू किया गया है। शनिवार को महुआखेड़ागंज नगर पालिका से कैटल कैचर गाड़ी मंगा कर दो आवारा सांडों को पकड़कर कुंडेश्वरी के ग्राम पच्चावाला स्थित गौशाला में भेजा है। शीघ्र ही कुछ और सांडों को पकड़कर गौशाला भेजा जाएगा। प्रत्येक सांड के पालन पोषण के लिए निगम प्रशासन को गौशाला प्रबंधन को 24 हजार रुपये सालाना देगा। उन्होंने बताया कि पालतू पशुओं को छोड़ने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी की भी जा रही है।


### फ्रांस में वालिंटियर चुनी गईं पंत विवि की रितिका

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की रितिका पांडे को फ्रांस सरकार ने पूर्ण वित्तीय सहायता के साथ सात माह के लिए फ्रांस वॉलिंटियर के रूप में चुना है। अंतरराष्ट्रीय मामलों के निदेशक डॉ. एचजे शिव प्रसाद ने बताया कि ऑक के गेर्स में स्थित स्थानीय सार्वजनिक कृषि शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान से जुलाई 2023 में हस्ताक्षरित एमओयू-क्षितिज भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के तहत भारत और फ्रांस में फ्रांस वॉलिंटियर की सहायता प्राप्त हुई है।


रितिका पांडे।

### तालीम से ही बदल सकता है मुस्तकबिल

**जसपुर।** नौजवान-ए-अहले सुन्नत द्वारा जसपुर के उर्स ग्राउंड में शहीद-ए-आजम कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बलिया, बिहार के पूर्व सांसद मौलाना गुलाम रसूल बलियावी ने कहा कि तालीम से ही कौम-ए-मुस्लिम का मुस्तकबिल बदल सकता है। इसे हासिल करने के लिए पूरा प्रयास किया जाए। निकाह में फिजूल खर्च पर लगाम लगाकर बहुत सारी परेशानी से बचा जा सकता है। मौलाना इमरान हनफी (मुरादाबाद), मौलाना सैय्यद मुकीमुर्रहमान (रामपुर), मौलाना हाशमी नूरी (काशीपुर) ने करबला की दास्तान सुनाई। शरीफ अहम राजस्थान व अकील सिद्दीकी बरेलवी ने नाते रसूल पढ़कर समा बांधा। कॉन्फ्रेंस का संचालन यूसुफ रजा संभली ने किया।


सैय्यद मुकीमुर्रहमान।

### थाना झनकईया के आवासीय भवन का किया लोकार्पण

**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने थाना झनकईया में नवनिर्मित आवासीय भवन का विधिवत हवन पूजन के साथ लोकार्पण किया। उन्होंने कोतवाली के पुराने मामलों की समीक्षा की और बग्गा चौवन के ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ ने तेज बारिश के बीच झनकईया थाने पहुंचकर थाना परिसर में बने आवासीय भवनों का विधिवत पूजा अर्चना और हवन पूजन के साथ लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती थाने पर आवासीय भवन बहुत जरूरी थे। उन्होंने बग्गा चौवन का भी भ्रमण किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों ने आवागमन की सबसे गंभीर समस्या उठाई। इस अवसर पर आरए मनीष शर्मा, सीओ विमल कुमार, कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी मौजूद रहे।

### हनीफ गुड्डू बने मंगलौर उपचुनाव के सोशल मीडिया प्रभारी

**काशीपुर।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के निर्देश पर महानगर कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया काशीपुर के अध्यक्ष हनीफ गुड्डू को मंगलौर विधानसभा के उपचुनाव में प्रचार-प्रसार करने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं हनीफ गुड्डू ने उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत दर्ज कराने का भरोसा दिलाया है।

### किशोर न्याय बोर्ड की जिला सदस्य बनीं मेदिनी गुप्ता

**किच्छा।** उत्तराखंड सरकार द्वारा नगर निवासी वरिष्ठ समाजसेविका डॉ. मेदिनी गुप्ता को जिला ऊधमसिंह नगर किशोर न्याय बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया गया है। इससे पूर्व भी डॉ. मेदिनी गुप्ता जिला बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष एवं सदस्य के रूप में करीब 6 वर्षों तक कार्य कर चुकी हैं। वर्तमान में वे स्वास्थ्य विभाग पीसीपी एनडीटी के राज्य पर्यवेक्षक बोर्ड की सदस्य के रूप में अपने दायित्व को बखूबी निभा रही हैं। नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एके गुप्ता की पत्नी मेदिनी गुप्ता सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में भागीदारी निभाती हैं।


डॉ. मेदिनी गुप्ता।

### 26 मजदूरों को मोमबत्ती, अगरबत्ती बनाने का दिया प्रशिक्षण

**काशीपुर।** दैनिक मजदूरी से हटकर अपना स्वरोजगार कर सकें इसको लेकर प्रोजेक्ट उन्नति व मनरेगा के तहत पंजीकृत दैनिक मजदूरों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें 26 प्रशिक्षणार्थी लाभ ले रहे हैं। एक जुलाई से ब्लॉक सभागार में बैंक ऑफ बड़ौदा ओर से 10 दिवसीय प्रशिक्षण में मोमबत्ती, दीये, अगरबत्ती और धूप बनाना सिखाया जा रहा है। कोऑर्डिनेटर सुरेश विश्वकर्मा ने बताया कि ट्रेनर ममता मेहरा प्रशिक्षण दे रही हैं।

### ध्रुव और वासुदेव का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन

**शक्तिफार्म।** ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र ध्रुव रस्तोगी व वासुदेव उपाध्याय का जवाहर नवोदय विद्यालय रुद्रपुर में चयन हो गया है। उनके चयन पर विद्यालय प्रबंधन ने दोनों बच्चों को स्मृति चिन्ह व उनके माता-पिता को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधक नवीन चंद्र जोशी ने दोनों छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल, कैलाश पाठक आदि मौजूद थे।


वासुदेव उपाध्याय। ध्रुव रस्तोगी।


श्रम विभाग की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए बैठे लोग।

### 1500 श्रमिकों को बांटी किट, 3500 का स्वास्थ्य परीक्षण

**काशीपुर।** भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के क्रम में 1500 पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को किट वितरित की गई। इसमें कंबल, छाता, सेनेटरी नैपकिन आदि सामग्री शामिल है। साथ ही स्वास्थ्य शिविर लगाकर 3500 श्रमिकों को स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी विपिन कुमार बताया कि पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर का संचालन लगातार किया जा रहा है। वितरित सामग्री के अतिरिक्त पंजीकृत श्रमिकों को आर्थिक सहायता, मृत्यु उपरांत आर्थिक सहायता, छात्रवृत्ति अन्य आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का भी प्रावधान है। जिनके लिए श्रमिकों द्वारा आवेदन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आवेदनों की नियम अनुसार जांच कर राशि को उनके खाते में ट्रांसफर जाएगा।

### वन महोत्सव के तहत पौधरोपण किया

**शक्तिफार्म।** वन महोत्सव के तहत बाराकोली रेंज के अंतर्गत शक्तिफार्म द्वितीय बीट के प्लाट नं 41 में जनप्रतिनिधियों, स्थानीय निवासियों, रेंज के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से पौधरोपण किया। वन दरोगा रामचंद्र निषाद ने ग्रामीणों से अपने घरों के आसपास, खाली भूमि पर इस वर्षा काल में अधिक से अधिक संख्या में पौधों का रोपण एवं देखभाल करने का आह्वान किया। इस मौके पर विधान दास, वन दरोगा रामचंद्र निषाद, वन बीट अधिकारी भावेश पांडे, अर्जुन नाथ गोस्वामी, शुभम कुमार आदि मौजूद थे।


बाराकोली रेंज में पौधारोपण करते वन कर्मचारी।

# सड़क हादसे में कार सवार मां-बेटे की मौत, पिता घायल

## गणेशपुर की पुलिया के पास अज्ञात वाहन से टकराकर सड़क किनारे 10 फीट गहरी नहर में जा गिरी कार, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता बाजपुर

**अमृत विचार:** नेशनल हाइवे-74 पर हुए सड़क हादसे में कार सवार मां-बेटे की मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया है।



मितेंद्र सैनी।

पांडेयवाला रोड, गूघाल रोड, ज्वालापुर टाउन हरिद्वार निवासी मितेंद्र सैनी (24), अपनी मां मधु सैनी (52) और पिता पुष्पेंद्र सैनी (55) के साथ कार संख्या (डीएल3/सीबी0293) में रुद्रपुर की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि इसी बीच शनिवार की सुबह करीब साढ़े 9 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर गणेशपुर की पुलिया के पास कार किसी वाहन से टकराकर सड़क किनारे 10 फीट गहरी नहर में जा गिरी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए तीनों को आनन-फानन में उपजिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मितेंद्र सैनी को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से उसकी मां घायल मधु सैनी व पिता पुष्पेंद्र कुमार सैनी को प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायलों को काशीपुर उपचार के लिए ले जाया गया, लेकिन मधु ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर पहुंची केलाखेड़ा थाने की पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। नहर में गिरी कार को पुलिस ने क्रेन के माध्यम से बाहर निकाला। वहीं घटना की सूचना से मृतकों के स्वजनों में कोहराम मच गया है। हादसा किस चीज से टकराने के बाद हुआ इसका अभी पता नहीं चल पाया है, जबकि केलाखेड़ा थानाध्यक्ष ललित मोहन रावल के अनुसार प्रथम दृष्टया सड़क किनारे खड़ी डामर रोड मिक्श्चर मशीन से टकराने की बात सामने आ रही है, लेकिन कुछ लोगों द्वारा ट्रक व अन्य किसी वाहन से हादसा होने की बात भी कही जा रही है। फिलहाल पुलिस अभी जांच कर रही है। घटना स्थल के नजदीक स्थित एक ढाबे पर लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया जा रहा है।



बाजपुर के सरकारी अस्पताल में घायल मधु का प्राथमिक उपचार करते स्वास्थ्य कर्मी।



बाजपुर में नेशनल हाइवे-74 पर सड़क हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

### टूटा गमों का पहाड़

**बाजपुर :** पलभर के हादसे से पुष्पेंद्र सैनी पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जाता है कि सिविल सर्विसेज में सेवारत पुष्पेंद्र वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ में तैनात हैं और परिवार सहित वहीं पर रहते हैं तथा मृतक मितेंद्र सैनी अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। एक साथ हुई बेटे व पत्नी की मौत ने पुष्पेंद्र की दुनिया ही उजाड़ दी है।

### कार पेड़ से टकराई, क्रशर संचालक की मौत

**बाजपुर :** नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार सवार क्रशर संचालक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। ग्राम रम्पुरा शाकर के पूर्व ग्राम प्रधान खलीक अहमद उर्फ सज्जन प्रधान के बेटे सोहेल अहमद चौधरी उर्फ छोटू (32) शनिवार की तड़के करीब तीन बजे कार संख्या (यूके18/एम7737) से कालाढूंगी की ओर से बाजपुर की तरफ आ रहा था। नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर बरहैनी के जंगल में तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए और कार में सवार सोहेल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना से स्वजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मृतक युवा खनन कारोबारी था और वर्तमान में वह तराई मिनरल स्टोन क्रशर का संचालन कर रहा था। सोहेल दो भाइयों में छोटा था तथा गांव के नजदीक ही मटर प्लांट खोलने की तैयारी कर रहा था।



सोहेल।

### हादसे में युवक की मौत, पत्नी घायल

**बाजपुर :** सड़क हादसे में घायल व्यक्ति ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है, जबकि गंभीर रूप से घायल उसकी पत्नी का उपचार चल रहा है। जसपुर के मोहल्ला चौहान निवासी इमरान अली (30) पुत्र रियासत अली अपनी पत्नी हुमा रानी (28) के साथ शुक्रवार की देर रात करीब साढ़े आठ बजे जसपुर से हल्द्वानी अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। बताया जाता है कि इस बीच नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर गड़प्पू के जंगल में अचानक सामने से गाय आ गई। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर मवेशी से टकरा गई। हादसे में दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी जिन्हें सरकारी अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया था जिसके चलते दोनों को उपचार के लिए काशीपुर ले जाया जा रहा था जिसमें इमरान अली ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जबकि उसकी पत्नी हुमा रानी को गंभीरावस्था में उपचार के लिए एक प्राइवेट हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं हादसे की सूचना से मृतक के स्वजनों में कोहराम मच गया है।

# भाजयुमो जिला महामंत्री व जिला उपाध्यक्ष पर मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** चार जुलाई को पुतला फूंकने के दौरान गांधी परिवार पर अशोभनीय एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करना दो भाजयुमो नेताओं को महंगा पड़ गया। पुलिस ने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष की तहरीर पर भाजयुमो के जिला महामंत्री एवं जिला उपाध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने 5 जुलाई को कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि बयानबाजी प्रकरण में चार जुलाई को भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला भगत सिंह चौक पर फूंका था। आरोप था कि पुतला फूंकने के दौरान भाजयुमो के विपिन गहलौत उर्फ बिट्टू चौहान और रजत दीक्षित द्वारा कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर अशोभनीय आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। दोनों नेता उन्हें गोली मारने की भी धमकी दे रहे थे। जिसकी वीडियो-ऑडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई थी। वर्तमान में विपिन गहलोत उर्फ बिट्टू चौहान भाजयुमो का जिला महामंत्री है और रजत दीक्षित भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष है। वीडियो-ऑडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल होने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी रोष है और एक महिला के खिलाफ अमर्यादित भाषा बोलना माहौल खराब करने की कोशिश है। उन्होंने कोतवाल से दोनों ही नेताओं के खिलाफ गुंडा एक्ट या फिर तड़ीपार की कार्रवाई करने की मांग की थी। पुलिस ने भाजयुमो के दोनों पदाधिकारियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### काशीपुर में भी युकांइयों ने सौंपी तहरीर

**काशीपुर :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को गोली मारने की धमकी देने वाले भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के खिलाफ युवा कांग्रेस (युकां) कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर सौंपी है। कोतवाली पहुंचे युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि 05 जुलाई को रुद्रपुर में राहुल गांधी का पुतला फूंकने के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने उनके परिवार के प्रति अमर्यादित टिप्पणी की और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दी है। तहरीर देने वालों ने महानगर अध्यक्ष युवा कांग्रेस राहुल रमनदीप कम्बोज, महासचिव अनीता मारकंडे, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष लवदीप सिंह आदि शामिल थे।

## सार-संक्षेप



सरपुड़ा गांव में ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी के साथ नोडल अधिकारी दिनेश यादव।

### बग्घा में टाइल्स रोड, मेलाघाट में सड़क बनेगी

**खटीमा :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर नोडल अधिकारी दिनेश यादव ने शनिवार को बग्गा चौवन, मेलाघाट और मोहम्मदपुर भुड़िया का भ्रमण कर वहां की समस्याएं देखीं और लोनिवि को कार्यों का इस्टीमेट बनाने को कहा। बीते दिनों ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी ने सीएम धामी के समक्ष यहां की समस्याएं रखी थीं। शनिवार को सीएम धामी के निर्देश पर नोडल अधिकारी दिनेश यादव ने बग्गा चौवन, मेलाघाट, मोहम्मदपुर भुड़िया, प्रतापपुर गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बग्गा चौवन में मोहन सिंह चुफाल, प्रकाश कुमार, धर्म सिंह दसौनी, भाष्कारानंद जोशी, लाल सिंह बोरा की मांग पर पांच किलोमीटर टाइल्स रोड का इस्टीमेट तैयार करने के लिए पीडब्लूडी के अधिशासी अभियंता पंकज कुमार को दिए। वे बाद में नेपाल सीमा पर स्थित मेलाघाट गांव पहुंचे। यहां गांव के अंदर जाने वाली तीन किलोमीटर सड़क और अंदरूनी चार सड़कों को शीघ्र बनवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने मोहम्मदपुर भुड़िया गांव में देवहा नदी से हो रहे कटाव को देखते हुए पिचिंग के निर्माण और परवीन नदी की सफाई की बात कही।

### ढाबे पर शराब पी रहे दो गुटों में मारपीट, पथराव

**रुद्रपुर :** शुक्रवार की देर रात्रि ढाबे पर शराब पी रहे दो गुटों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों गुटों में पत्थरबाजी होने लगी। यहां तक की गैंगवार में एक-दूसरे की गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं। इसमें कई युवकों के घायल होने की चर्चा है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी वहां से फरार हो गए और निजी अस्पताल में उपचार कराने की बात सामने आई है। शुक्रवार को फ्लाईओवर के नीचे स्थित एक ढाबे में दो गुट शराब पी रहे थे। दिनभर शराब पार्टी चलने के बाद अचानक देर रात्रि साढ़े नौ बजे के करीब विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों गुट एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए और एक दूसरे पर पथराव करने लगे। जिसे देखकर वहां आसपास भगदड़ मचने लगी। चश्मदीदों का कहना है कि दोनों गुटों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें दोनों ओर से चार से पांच युवक गंभीर घायल हुए हैं और दो कार व बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गईं। सूचना मिलते ही आदर्श कॉलोनी चौकी पुलिस कर्मी मौके पर जब तक पहुंचे, सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया। वह चर्चा है कि घायल युवकों ने किसी निजी अस्पताल में जाकर उपचार भी करवाया।

### ट्रैक्टर पलटने से दबा चालक, हालत गंभीर

**खटीमा :** बनबसा में धान की रोपाई के लिए खेत तैयार करते समय ट्रैक्टर पलट गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चूना भट्टी बनबसा निवासी मोहन चंद ट्रैक्टर से अपने खेत में धान की रोपाई के लिए खेत की मड़ाई कर रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और चालक मोहन ट्रैक्टर के नीचे दब गया। आसपास के लोग ट्रैक्टर को पलटते देख उस ओर दौड़े और भारी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला। घायल को नागरिक अस्पताल लाया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**खटीमा :** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम बजेटी मुनस्यारी पिथौरागढ़ निवासी भुवन कुमार (42) पुत्र प्रेम लाल बस से शुक्रवार की देर शाम को अमाऊं के पास उतरा। जहां से वह अपने रिश्तेदार के घर जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। आसपास के लोगों की सूचना पर 108 से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने मरीज को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# आपदा प्रबंधन के कार्यों की समीक्षा की

**जसपुर, अमृत विचार :** राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के उपाध्यक्ष (दर्जा राज्य मंत्री) विनय रोहेला ने अधिकारियों की बैठक लेकर आपदा प्रबंधन कार्यों की समीक्षा की। साथ ही क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के उपाध्यक्ष (दर्जा राज्य मंत्री ) विनय कुमार रोहेला ने जसपुर खंड विकास कार्यालय के सभागार में अधिकारियों की एक विशेष बैठक बुलाई। उन्होंने अधिकारियों को संबोधित कर भू कटाव रोकने के लिए पीचिंग का निर्माण कार्य कराने, ढेला नदी के किलावली गांव के पास टूटे तटबंध की मरम्मत का कार्य करने, झूलती हुई विद्युत लाइन को सही करने, कश्यप कॉलोनी में सड़क का निर्माण समेत सभी कार्यों को शीघ्र करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की घर-घर जाकर जानकारी देने का आह्वान किया। इस मौके पर एसडीएम गौरव चटवाल, ब्लॉक प्रमुख संदीप कौर, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र मोहन गहलौत, जसपुर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी शाहिद अली, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा आदि मौजूद रहे।



जसपुर के खंड विकास कार्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेते अधिकारी।

# अब ग्रामीण खुद हटाएंगे मूर्ति

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** ग्राम रतनपुरा गुलड़िया में विवादित भूमि पर स्थापित भारत रत्न बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को हटाने के लिए दिनभर प्रशासन मशक्कत करता रहा। प्रशासन चाहता था कि किसी भी प्रकार से मूर्ति हटाई जाए इसके लिए जनपद के अनेक थानों की फोर्स भी बुला ली गई। स्वयं एसपी काशीपुर, एसडीएम बाजपुर दिनभर ग्रामीणों को मनाने में लगे रहे। अब अंतिम बार रविवार सुबह आठ बजे तक का समय दिया गया है जिसमें ग्रामीणों द्वारा स्वयं मूर्ति हटाने की बात कही गई है।

लगभग एक माह से कई दौर की वार्ता के बाद भी जब कोई सर्वमान्य हल नहीं निकला तो शनिवार को प्रशासन बुल्डोजर एवं भारी भरकम फोर्स के साथ मूर्ति हटाने पहुंच गया। प्रशासन के आते ही महिलाओं द्वारा बरसात के बीच बाबा साहब की प्रतिमा को चारों तरफ से घेर लिया गया और नारेबाजी शुरू कर दी गई। इसी बीच युवा वर्ग के लोग भी पहुंच गए और मूर्ति हटाने का विरोध किया गया, जबकि प्रशासन द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि मूर्ति अन्य जगह स्थापित की जा सकती है जिसमें ग्रामीण सहयोग करें तो प्रशासन भी पूरा सहयोग करेगा। इस बीच कई दौर की वार्ता के बाद ग्रामीणों ने लिखित रूप में रविवार (आज) की प्रातः आठ बजे तक मूर्ति हटाने की बात कही है। इस मौके पर एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी, एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार अक्षत कुमार भट्ट सहित अनेकों थानों की फोर्स कोतवाल, थानाध्यक्ष व ग्रामीण मौजूद रहे।



ग्राम रतनपुरा में मूर्ति हटाने के लिए ग्रामीणों से वार्ता करते एसपी। ● अमृत विचार

### पीएमएफएमई योजना का अधिक से अधिक करें प्रचार-प्रसार

**रुद्रपुर :** मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारीकरण योजना (पीएमएफएमई) का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने एवं अधिक से अधिक उद्यमियों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने योजना के तहत की गई प्रगति एवं दी गयी राजसहायता की जानकारी ली। शनिवार को विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि योजना के तहत लाभान्वित उद्यमियों से उनके द्वारा निर्मित उत्पादों एवं उत्पादों के विक्रय से संबंधित एवं उद्यम के संचालन में आ रही समस्याओं विपणन, कच्चा माल की उपलब्धता आदि पर भी उद्यमियों से जानकारियां लीं। उद्यमियों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, सहायक परियोजना निदेशक संगीता आर्या, स्टेट लीड पीएमएफएमई एवं योजना से संबंधित समस्त विभागीय कर्मचारियों, जिला रिसोर्स पर्सन, संबंधित बैंक प्रतिनिधियों एवं योजना के तहत लाभांवित उद्यमियों ने प्रतिभाग किया।

## वर्ग पहेली-123

**बाएं से दाएं**

3. 1. किसी बात 2. वर्णन 3. बातचीत, बहस, चर्चा।
4. घूमता हुआ, चक्कर खाता हुआ।
7. 1. कोई चीज़ इतनी तेज़ी से फेंकना या ढकेलना कि वह चक्कर खाते हुए आगे बढ़े 2. लुढ़कने में प्रवृत्त करना।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रकार का विद्युत चुंबकीय विकिरण जिसकी आवृत्ति उप-आण्विक कणों के आपसी टकराव से निकलती है।
2. 1. किसी कथन के पश्चात् होने वाली बातचीत (कथन)
3. 1. अपवित्र, अशुद्ध, नापाक, मलिन, गंदा 2. दुष्ट, ख़राब।
5. प्रेमिका, प्रेयसी।
6. खाने योग्य (पदार्थ)।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 | ■ | 2 |
| 3 | | | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 4 | | | 5 | |
| 6 | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| | ■ | 7 | | | |

### वर्ग पहेली -122 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 से | ■ | 2 झों | 3 क | ना |
| 4 क | रा | वा | ■ | ट | ■ |
| म | ■ | ■ | 5 अ | ■ | ■ |
| 6 अ | प | र | द | न | ■ |
| स | ■ | ■ | ब | ■ | 7 अ |
| ल | ■ | ■ | दा | ■ | चे |
| ■ | ■ | 8 अ | ना | कृ | त |

## सुडोकू -36

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 7 | | 9 | | 8 |
| | | | 2 | | | 7 | | 3 |
| | | 6 | 1 | 8 | | 4 | | |
| 8 | | 7 | | 9 | | | | 4 |
| 5 | | | | | | | | 1 |
| 4 | | | | 3 | | 6 | | 5 |
| | | 5 | | 4 | 6 | 2 | | |
| 9 | | 2 | | | 7 | | | |
| 6 | | 8 | | 2 | | | 3 | |

### सुडोकू -35 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 8 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 5 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 |
| 3 | 2 | 5 | 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 7 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 1 | 3 | 5 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 जुलाई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 8 जुलाई 04 .59 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** — आज सरकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लाभ उन्नति का अवसर प्राप्त हो सकते हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में संलग्न लोगों को व्यापार को बढ़ाने की ओर ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा के योग हैं।

**वृष** — आज संघर्ष करने से भाग्य साथ देगा विरोधी गुप्त रूप से आपके विरुद्ध सक्रिय रहेंगे। सावधानी बनाए रखें। सामाजिक कार्य में अभिरुचि बढ़ेगी। दूसरों की छोटी-मोटी बातों को तूल न देते हुए अपने लक्ष्य पर फोकस करना उचित रहेगा।

**मिथुन** — आज विरोधी पक्ष आपकी कमजोरी का लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। आपकी सूझबूझ से परिस्थितियों अनुकूल होने लगेंगे। कारोबार में विस्तार की योजना साकार होती हुई नजर आएगी। आर्थिक मामलों में शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आज परोपकार, दया, धर्म में अभिरुचि बढ़ेगी। किसी पुराने कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता प्राप्त होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। मजदूर वर्ग को रोजगार संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा। किसी भी जोखिम भरी योजना में निवेश करने से बचना चाहिए।

**सिंह** — आज नौकरी की तलाश में इधर से उधर भटकना पड़ सकता है। आपको शारीरिक परिश्रम अधिक करना पड़ सकता है। पहले के रुके हुए कार्य पर फोकस करना होगा। उद्योग धंधे से जुड़े लोगों को अपेक्षा से कम सफलता मिलेगी।

**कन्या** — आज किसी पुराने मुकदमे से छुटकारा मिलेगा। जेल से मुक्त होंगे। समाज में आपके कार्यों की सराहना होगी। व्यापार में नए मित्र बनेंगे। शासन सत्ता का लाभ मिलेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य के लिए लंबी यात्रा पर जाना सफल होगा।

**तुला** — आज नौकरी में पदोन्नति के योग बनेंगे। भूमि, भवन आदि के कार्य में लगे लोगों को विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। कोई काफी समय से रुका हुआ कार्य संपन्न होगा। राजनीति में आपके नेतृत्व की सराहना होगी।

**वृश्चिक** — आज किसी प्रियजन से दूर जाना पड़ सकता है। राजनीति में मिली असफलता अपमान का सबब बनेगी। व्यापार में तनाव होने से मन खिन्न रहेगा। यात्रा में किसी अनजान व्यक्ति पर अधिक विश्वास करना हानिकारक सिद्ध होगा।

**धनु** — आज कोई महत्वपूर्ण कार्य धन के अभाव में बाधित हो सकता है। कृषि कार्य में रुचि कम रहेगी। सरकारी की कोई योजना आपके लिए उन्नति कारक सिद्ध होगी। निर्माण संबंधी कार्य में अकारण विघ्न आ सकते हैं। किसी व्यापारिक यात्रा पर जा सकते हैं।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में झूठे आरोप में जेल जाना पड़ सकता है। नौकरी में मनचाही जगह स्थानांतरण हो सकता है। राजनीतिक विरोधी षड्यंत्र रच कर फसा सकते हैं। किसी विश्वासपात्र व्यक्ति से धोखा मिल सकता है। व्यापार में अधिक परिश्रम करना पड़ेगा।

**कुंभ** — आज नौकरी में अधीनस्थ से तालमेल बैठाने का प्रयास करें। लंबित कार्य निपट सकेंगे। व्यापार में नए अनुबंध के लिए आपको कठिन प्रयास करना पड़ेगा। आध्यात्मिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों को कोई सरकारी सहायता मिल सकती है।

**मीन** — आज दूर देश में लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। वाहन खरीदने की पुरानी इच्छा पूर्ण हो सकती है। शुभचिंतकों की सलाह की अनदेखी करने से बचना चाहिए अन्यथा बाद में पछताना पड़ सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
परदेशी बाबू — सुबह : 11 .29
कोहराम — रात : 07 .00

SONY PIX
वंडर वुमन — सुबह : 08 .57
65 — रात : 07 .25

&pictures
वलाटी — सुबह :11 .22
कंजूस मखीचूस — रात : 08 .00

ZEE CINEMA
फुकरे 3 — सुबह : 10 .26
सूर्यवंशी — रात : 08 .30

colors CINEPLEX
रुद्रन् — दोपहर : 01.13
हनुमान — रात : 08 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा तुम्हारे रिजल्ट का क्या हुआ?
चिंटू- पापा 80 प्रतिशत आए हैं।
पापा- लेकिन मार्कशीट पर तो सिर्फ 40 प्रतिशत लिखा है?
चिंटू- बाकी के 40 प्रतिशत आधारकार्ड लिंक होने पर होने पर सीधे अकाउंट में आएंगे।
चप्पल, दे चप्पल, दे चप्पल!

मास्टर जी- बताओ कौन सी ऐसी चीज है, जो खींचने से छोटी होती है?
टिंकू- सर बीड़ी...
मास्टर जी- नशेड़ी की औलाद, तू निकल मेरी क्लास से बाहर!

# हिन्दुत्वः समग्र दार्शनिक अनुभूति

लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हिन्दुओं को हिंसक कहा है। इस वक्तव्य पर अखिल भारतीय प्रतिक्रिया हो रही है। नेता प्रतिपक्ष से सदन की मर्यादा और अतिरिक्त शालीन व्यवहार की अपेक्षा रहती है,लेकिन राहुल जी ने मर्यादा तोड़ दी। वे प्रधानमंत्री को संसदीय परंपरा के अनुसार माननीय नहीं कहते। वे उन्हें 'नरेंद्र मोदी' कहते हैं। वे संभवतः यह बात भी नहीं जानते कि संसदीय व्यवस्था में नेता प्रतिपक्ष का पद बेहद सम्माननीय होता है। ब्रिटिश संसदीय परंपरा में वह 'गवर्मेंट इन वेटिंग' कहा जाता है। कमाल है कि वे भारतीय उपमहाद्वीप के अभिजनों की विश्ववरेण्य हिन्दू संस्कृति से अपरिचित हैं। हिन्दू उन्हें हिंसक दिखाई पड़ते हैं। हिन्दू समाज व्यवस्था का मूलभूत तत्व लोककल्याण है। हिन्दू भारत की प्रकृति और संस्कृति के संवाहक हैं। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। हिन्दू जीवनशैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है।

हिन्दुत्व समग्र दार्शनिक अनुभूति है,लेकिन भारतीय राजनीति के आख्यान में हिन्दू तत्व के अनेक चेहरे हैं। उग्र हिन्दुत्व, सांप्रदायिक हिन्दुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिन्दुत्व पर आक्रमण हैं। हिंसक हिन्दुत्व राहुल जी ने जोड़ा है। अंग्रेजी भाषांतर में हिन्दुत्व को हिन्दुइज्म कहा जाता है। इज्म विचार होता है। विचार 'वाद' होता है। वाद का प्रतिवाद भी होता है। पूंजीवाद-कैप्टलिज्म है। समाजवाद सोशलिज्म है। इसी तरह कम्युनिज्म है। अंग्रेजी का हिन्दुइज्म भी हिन्दूवाद का अर्थ देता है,लेकिन हिन्दुत्व हिन्दूवाद नहीं है। हिन्दुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। आस्तिकता हिन्दू जीवन की मूल प्रकृति है। हिन्दू होना परिपूर्ण लोकतंत्री होना है। हिन्दू सभी विचारों का आदर करते हैं।

हिन्दू धर्म वैदिक धर्म का विकास है। हिन्दू होना भारतीय जीवनशैली है। इस्लाम और ईसाइयत पंथ हैं। वे भारत के बाहर विकसित हुए। भारत में उनका परिचय हिन्दू धर्म से हुआ। हिन्दुओं के लिए भी इस्लाम व ईसाइयत सर्वथा नए विश्वास थे। भारतीय जनता का एक हिस्सा इस्लाम व ईसाइयत को भी धर्म कहता है,लेकिन हिन्दू धर्म ईसाईयत या इस्लामी पंथिक विश्वास जैसा नहीं है। ईसाईयत और इस्लाम में एक ईश्वर, एक देवदूत या पैगम्बर और एक पवित्र पुस्तक के प्रति विश्वास की धारणा है। हिन्दू धर्म किसी एक



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> दर्शन और वैज्ञानिक विवेक से हिन्दुओं ने विश्व वरेण्य संस्कृति का विकास किया। इसका ध्येय विश्व का लोकमंगल रहा है। हिन्दू धर्म जगत की व्यवस्था को बनाए रखने की आचार संहिता है। धर्म का संवर्द्धन और पालन प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है। हिन्दू मन पूरे विश्व को परिवार मानता है। प्रकृति के अंश हैं हम सब।

पवित्र पुस्तक या देवदूत से बंधा नहीं है। कुछ विद्वान भारत में सभी धर्मों में समन्वय की बातें करते हैं। वे इस्लाम और ईसाइयत को भी धर्म कहते हैं। सच यह नहीं है। पंथ, मत, मजहब और रिलीजन अनेक हैं। धर्म एक है। इसे सनातन धर्म भी कहते हैं। इसे वैदिक धर्म भी कहते हैं। भारत में धर्म और धार्मिक विकास की यात्रा मजेदार है। यहां दर्शन और वैज्ञानिक विवेक का जन्म पहले हुआ और धर्म संहिता का विकास बाद में। जिज्ञासा और प्रश्नकुलता हिन्दू दर्शन की विशेषता है। यहां साधारण हिन्दू भी आस्था पर प्रश्न करते हैं और संवाद भी। प्रश्नाकुलता और उदारता हिन्दू समाज की बड़ी पूंजी है। सबके प्रति बंधुभाव हिन्दू की प्रकृति है। ऐसा उदार हिन्दू समाज हिंसक नहीं हो सकता।

हिन्दू विचार में प्रकृति शाश्वत है। प्राकृतिक नियम शाश्वत होते हैं। प्रकृति सुंदर है। आनंदरस से भरी पूरी है। यह सत्य है। शिव है। कल्याणकारी है। इसी शिव और सुंदर का संवर्द्धन हम सबका कर्तव्य है। यह प्रतिपल सृजनशील है। नया आता है। अरुण होता है। तरुण होता है। गृह नक्षत्र सुनिश्चित नियम में गतिशील रहते हैं। प्रकृति के गोचर प्रपंचों में हिंसा नहीं है। वैदिक पूर्वजों ने प्रकृति के संविधान को 'ऋतु' कहा है। ऋतु वैज्ञानिक अनुभूति है और हिन्दू प्रतीति है। हिन्दू दृष्टि में प्रकृति की शक्तियां उपास्य हैं। इन्द्र, अग्नि, पृथ्वी, पर्जन्य, मरुत, रूद्र आदि अनेक वैदिक देवता हैं। वरुण देवता प्राकृतिक नियमों के संरक्षक-ऋतावा हैं। हिन्दू विश्वास में देवता भी नियम पालन करते हैं। मरुत वायुदेव भी नियमानुसार गतिशील ऋतजाता हैं (ऋ०3-15-11)। हिन्दू आस्तिकता में किसी भी शक्तिशाली मनुष्य या देवता को नियम पालन न करने की छूट नहीं है। ऋतु के संरक्षक शक्तिशाली वरुण को भी नहीं।

ऋग्वेद के अनुसार धरती और आकाश वरुण के नियम से धारण किए गए हैं-वरुणस्य धर्मणा (6-70-1)। ऐसे अनुभवजन्य विश्वास में हिंसा की जगह नहीं है। प्राकृतिक नियमों का धारण करना धर्म है। बताते हैं कि शक्तिशाली वरुण ने सूर्य का मार्ग निर्धारित किया है। यह है ऋतु नियम। सूर्य ने यह नियम पालन किया। यह हुआ सूर्य का धर्म। वैदिक काल के बाद ऋतु और धर्म एक ही अर्थ में कहे जाने लगे। ऋतु मार्गदर्शी है। इसके अनुसार कर्म करना धर्म है। धर्मानुसार कर्म में हिंसा नहीं। विष्णु बड़े देवता हैं। उन्होंने तीन पग चलके पूरी धरती नाप ली। ऋग्वेद के अनुसार वे धर्म धारण करते हुए तीन पग चले थे।

सूर्य, सविता देवता हैं। वे भी द्युलोक, अंतरिक्ष और पृथ्वी को धर्मानुसार प्रकाश से भरते हैं। (4-53-3) प्रजापति सत्यधर्मा हैं (10-121-9) सूर्य भी सत्यधर्मा हैं। प्रकृति की सभी शक्तियां ऋतुबद्ध धर्म आचरण करती हैं। इसलिए हिन्दुओं का आचरण भी नियमबद्ध होता है। सुख आनंद का आधार सत्य है। सत्य नित्य है। सत्य बोलना धर्म है। वैदिक काल से ही झूठ के लिए 'अनृत' शब्द प्रयुक्त होता रहा है। ऋतु सत्य है। अनृत झूठ है। पूर्वजों ने मानव समाज के लिए नियमों का विकास किया। देशकाल के अनुसार इसमें नया जुड़ता रहा है। काल बाह्य छूटता रहा है। इसी आचार संहिता का नाम धर्म पड़ा। हिन्दू धर्म सतत् विकासशील है। हिन्दू ईश्वर को भी मानने या न मानने के लिए स्वतंत्र हैं। बृहदारण्यक उपनिषद् (2-5-11) में कहते हैं, ''धर्म सभी भूतों का मधु है। समस्त भूत इस धर्म के मधु हैं।'' इसी मधु का नाम हिन्दुत्व है। हिन्दू मन स्वाभाविक ही उदार है।

दर्शन और वैज्ञानिक विवेक से हिन्दुओं ने विश्व वरेण्य संस्कृति का विकास किया। इसका ध्येय विश्व का लोकमंगल रहा है। हिन्दू धर्म जगत की व्यवस्था को बनाए रखने की आचार संहिता है। धर्म का संवर्द्धन और पालन प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है। हिन्दू मन पूरे विश्व को परिवार मानता है। प्रकृति के अंश में हम सब। प्रकृति में रहते हैं। इसी के अंगभूत घटक हैं। प्रकृति से हमारे व्यवहार की आत्मीयता भी हिन्दुत्व है। हिन्दू संपूर्ण अस्तित्व के प्रति सत्यनिष्ठ हैं। कठोपनिषद् में नचिकेता और यम के बीच प्रश्नोत्तर हैं। नचिकेता ने यम से पूछा, "जो धर्म से पृथक है, अधर्म से पृथक है, भूत भविष्य से भी पृथक है, कृपा कर के आप मुझे वही बताइए।" यहां दिक्काल से परे किसी अमृत तत्व की जिज्ञासा है। हिन्दू दिक्काल से परे भी सोचते रहे हैं। धर्म राष्ट्रजीवन की आचार संहिता है। इस आचार संहिता का विकास हजारों वर्ष की साधना से हुआ है। नचिकेता धर्म अधर्म और देशकाल-भूत भविष्य से परे सम्पूर्ण सत्य का जिज्ञासु है।

हिन्दुओं ने वैदिक काल में ही सभा और समितियों का विकास कर लिया था। सभा में मधुर बोलना उच्चतर जीवन मूल्य है। सभा के योग्य लोग सभ्य कहे जाते थे। लोकसभा पवित्र सदन है। कार्यवाही के नियम हैं। अध्यक्षीय आसन का सम्मान सभी सदस्यों का कर्तव्य है। इसी पवित्र सदन में प्रधानमंत्री को नमस्कार करते लोकसभा अध्यक्ष के झुकने की व्याख्या की गई। इस व्याख्या ने भारत का मन आहत किया है। वरिष्ठों का सम्मान हिन्दू संस्कृति का महत्वपूर्ण अंश है। ऋग्वेद में कहा गया है, "नमः ऋषभ्य, पूर्वेभ्यः, पूर्वजेभ्यः, पथिकृभ्यः-ऋषियों को नमस्कार, हमसे पूर्व जन्मे लोगों को नमस्कार, पूर्वजों को नमस्कार और पथ प्रदर्शक को नमस्कार है,लेकिन पवित्र संसद में झुककर नमस्कार का मजाक बनाया गया। यह आहतकारी है।

# भारतीय दर्शन एवं संत परंपरा

भारतीय दर्शन एवं संत परंपरा में विविध शंकराचार्य, गिरी, संत, संन्यासी, तपस्वी, ऋषि, मुनि, यति, नाथ, जोगी, मंहत और भी बहुत कुछ है। मठ, मढ़ी, आश्रम भी है। अखाड़ा परिषद जहां से प्रमाणित साधु कुंभ के उपरांत निकलते हैं, ऐसी सुनियोजित व्यवस्था है फिर भी कंवल बाबा, चटनी बाबा, भोले बाबा साकार हरी जैसे बाबाओं के दरबार भी हरे-भरे रहते हैं। हाथरस कांड गवाही देते हुए कह रहा है कि एक सामान्य सिपाही लाखों लोगों का भगवान बन गया। लाखों अनुयायी चरण धूल के लिए व्यग्र होते हुए अपने प्राण भी गवां देते हैं। ऐसे दरबार और लाखों अनुयायी पोल खोलते हैं। हमारी सामाजिक एवं धर्म व्यवस्था की। आज जब भारत बुलेट ट्रेन, सुपरसोनिक वायुयानों और तकनीकी प्रगति के युग का दावा ठोंक रहा है,उस देश में लाखों लोग किसी के पैरों की धूल लेकर कृतकृत्य हुए जा रहे हैं। चमत्कारी पानी संतान प्राप्ति की दिव्य औषधि बना हुआ है।

> भारत जैसे विचारवान देश में इस प्रकार की विवेकहीन धार्मिकता या अंधभक्ति कई बिंदुओं की ओर इशारे कर रही है। जैसे-जैसे भौतिक व्यवस्थाएं संपन्न हुई हैं वैसे-वैसे मानसिक जटिलताएं बढ़ती गई हैं।



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक, उझानी, बदायूं

भारत जैसे विचारवान देश में इस प्रकार की विवेकहीन धार्मिकता या अंधभक्ति कई बिंदुओं की ओर इशारे कर रही है। जैसे-जैसे भौतिक व्यवस्थाएं संपन्न हुई है वैसे-वैसे मानसिक जटिलताएं बढ़ती गई हैं। इन जटिलताओं का आसन समाधान पाने के लिए अल्प शिक्षित या अशिक्षित वर्ग इन फर्जी बाबाओं के दरबार में चक्कर काटता है। अधिकांश भीड़ ग्रामीण महिलाओं की मिलेगी जो अपनी छोटी-छोटी शंकाओं के समाधान इन दरबारों में ढूंढने पहुंच जाती हैं। ये लोग बहुत छोटे से दायरे का ही जीवन देखते व समझते हैं। ज्यादा बड़ी-बड़ी जटिल पौराणिक बाते, धर्मवेत्ताओ के आख्यान प्रवचन समझने में इन्हें मुश्किल लगती है,चूंकि इनका अधिकांश समय बुद्धि आधारित कार्य पर न होकर श्रम पर आधारित होता है। ये बाबा उनके इसी अल्प ज्ञान का लाभ उठाकर आसान शब्दों में लच्छेदार बातें पेश कर देते हैं,उन्ही के जीवन के उदाहरणों को सुनाकर लोकप्रियता हासिल कर लेते हैं। समस्या ये है कि भारत जैसे देश में असली संत, नकली साधु, कथावाचक, सरस कथावाचक, मोटिवेशनल स्पीकर,ओझा तांत्रिक, सिद्धि वाले बाबा जी, गाने वाले बाबाजी, जेल वाले बाबाजी, तेल वाले बाबा जी सबके पास उनकी सधी सधाई श्रोता पार्टी है। सब "मामेकम शरणं व्रज"(केवल मेरी शरण में आ जाओ) कहते हुए भक्त गढ़े जा रहे हैं। लाखों लोग अपना काम धाम छोड़कर इन बाबाओं का प्रताप बढ़ा रहे हैं। इससे इतना तो स्पष्ट होता है कि ये बाबागिरी एक मनोवैज्ञानिक खेल है। इस मनोवैज्ञानिक खेल का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लाभ, प्रभाव राजनीति पर भी है।

भारत का आदमी इतना खाली हो चुका है कि अपने जीवन की समस्या स्वयं न सुलझाकर, कहीं भी उलझने को तैयार हो जाता है। तुलसीदास जी तो कह ही गए थे "पंडित सोई जो गाल बाजवा।" और ये सारे बाबा काबा, तरह-तरह के वाचक अपने विचार को इनके माध्यम से विचारधारा बनाने की महत्वाकांक्षा हासिल कर लेते हैं। भारत जैसे देश में सामाजिक जागरूकता की दिशा में बड़े प्रयास चाहिए। धर्म के नाम पर होती सांस्कृतिक होड़, आर्थिक प्रदर्शन की होड़ रोकनी होगी। जिस किसी के अधिक फॉलोअर हैं ऐसे व्यक्ति कभी भी समाज के लिए "हर्ड पॉइजनिंग" (भीड़ के कानों में जहर घोलने) जैसे कार्य कर सकते हैं। इन पर अंकुश लगाना अत्यंत आवश्यक है।

# बिहार के इंजीनियरों से श्रेष्ठ निर्माता त्रेतायुग के वानर थे

पुल पर चलकर-पुल पार होते हैं, न कि नदी। 'सुशासन बाबू' के राज में विगत पंद्रह दिनों के अंतराल में समय और दूरी को पार करने के लिए बने बिहार की विभिन्न नदियों के ग्यारह पुल ढह गए। यह चौंका देने वाली ऐसी घटनाओं का विस्फोटक सिलसिला है,जिसने न केवल राज्य और वहां की सरकार, प्रशासन के साथ-साथ पूरे लोक निर्माण विभाग और तकनीकी व्यवस्था को हिला दिया,बल्कि मानवीय भावना को भी गहराई से झकझोर दिया। इससे विश्व में बिहार की इंजीनियरिंग और मेधा पर गंभीर सवाल उठे हैं।

राजनीतिक हलकों में ऐसा ध्वनित होता रहता है कि वर्तमान केन्द्रीय सरकार राम राज्य के उच्चादर्शों को प्रतिमान मानते हुए कार्य कर रही है। बिहार की सरकार उसी राम राज्य का मजबूत हिस्सा है। त्रेतायुगीन कथाओं के इतिहास में अंकित रामायण के महाकाव्य में भी एक भव्य पुल मौजूद है। भगवान राम की सेना के दो वानर बंधुओं नल और नील के मार्गदर्शन में वानर सेना द्वारा निर्मित पुल ने भारत और श्रीलंका की भूमि को जोड़ा, जिससे विशाल समुद्र को पार करके राक्षसराज रावण की लंका के द्वीप साम्राज्य तक पहुंचा जा सका। न केवल चट्टानों और गारे से,बल्कि भक्ति की इच्छा और विश्वास की शक्ति से बनाया गया यह पुल आज भी उद्देश्य और आस्था के मिलन का प्रतीक माना जाता है।

बिहार के हृदय में पुलों की एक गहरी कहानी है, जहां मिथकों की प्राचीन प्रतिध्वनियां और आधुनिक समय की वास्तविकताएं आपस में टकराती हैं। इस कहानी का रिश्ता बिहार से यूं कायम होता है कि बिहार की



अरविन्द त्रिपाठी
कानपुर

> रामायण का पुल, जिसे 'सेतु बंध' के रूप में जाना जाता है, साहस और दृढ़ संकल्प का एक वसीयतनामा था। यह केवल एक भौतिक संबंध नहीं था, बल्कि ईश्वरीय इच्छा और भक्तों के अटूट संकल्प का प्रकटीकरण था।

बेटी जगदंबा सीता के लिए हजारों साल पहले एक पुल बनाया गया था। राक्षसराज रावण ने उनका पंचवटी से अपहरण कर लिया और लंका ले गया,जिसके बाद उनके स्वामी भगवान श्रीराम ने उन्हें बचाने के लिए अदम्य धैर्य और साहस के साथ वीरतापूर्ण अभियान शुरू किया। शक्तिशाली हनुमान के नेतृत्व में वानर सेना ने राम के प्रति अपनी अटूट निष्ठा और न्याय के प्रति अपनी भक्ति से प्रेरित होकर विशाल महासागर पर पुल बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। यह पुल हजारों साल बाद भी मिथ और विज्ञान के बीच आज भी देखा जा सकता है, जिसके अस्तित्व पर समय-समय पर सवाल खड़े किए गए।

अब इसकी तुलना आधुनिक बिहार के पुलों से करें,जहां इंजीनियरिंग बुनियादी ढांचे और स्थिरता की चुनौतियों का सामना करती है। आवागमन और प्रगति को सुविधाजनक बनाने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन के बाद बने ग्यारह पुल अब टूट और बिखर गए हैं। इन्हें बनाने के लिए टेंडर जारी करने से लेकर तमाम विशेषज्ञ समितियों की ओर से चरणवार जांचा-परखा और मंजूर किया गया,लेकिन तकनीकी विफलताओं और पर्यावरणीय तनावों में निहित होने के बावजूद, इन पुलों के ढहने के कारण मानवीय प्रयास और नश्वर सरलता की सीमाओं की गहरी कहानी को प्रतिध्वनित करते हैं।

रामायण का पुल, जिसे 'सेतु बंध' के रूप में जाना जाता है, साहस और दृढ़ संकल्प का एक वसीयतनामा था। यह केवल एक भौतिक संबंध नहीं था,बल्कि ईश्वरीय इच्छा और भक्तों के अटूट संकल्प का प्रकटीकरण था। माता सीता और प्रभु राम के प्रति अपने प्रेम और निष्ठा से प्रेरित वानर सेना ने इस चमत्कार को बनाने के लिए अथक परिश्रम किया। उनके प्रयासों को एक ही उद्देश्य ने प्रेरित कियाः एकजुट होना और बचाव करना, विशाल महासागर द्वारा उत्पन्न दुर्जेय चुनौती को पार करना।

इसके विपरीत बिहार के पुल अपनी इंजीनियरिंग क्षमता के बावजूद अपने डिजाइन से परे की ताकतों के सामने झुक गए। भूविज्ञान, जलवायु और शायद अपेक्षाओं (इसे भ्रष्टाचार भी पढ़ सकते हैं) के बोझ की जटिलताएं उन पर भारी पड़ीं। फिर भी इन पुलों का जन्म भी उद्देश्य से हुआ था-समुदायों को जोड़ना, व्यापार को सुविधाजनक बनाना, जीवन को ऊपर उठाना। तो फिर रामायण के पुल को आज के बिहार के पुलों से क्या अलग करता है? यह केवल इस्तेमाल की गई सामग्री या इस्तेमाल की गई तकनीक नहीं है,बल्कि इरादे का सार और भावना की गहराई है। सेतुबंध का पुल अटूट विश्वास और धार्मिकता की खोज की नींव पर बनाया गया था। यह इस विश्वास का प्रमाण था कि समर्पण और एकता के माध्यम से असंभव को भी जीता जा सकता है। इसके विपरीत, बिहार के पुलों को विशेषज्ञता और आधुनिक तकनीक से तैयार किया गया था, लेकिन उन्हें ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसने मानव निर्माण की नाजुकता को उजागर किया। वे हमें याद दिलाते हैं कि प्रगति और नवाचार के बीच, एक विनम्र सत्य छिपा है प्रकृति की दुर्जेय शक्तियों के सामने हमारी रचनाओं की नश्वरता।

बिहार इन पुलों के ढहने के बाद के हालात से जूझ रहा है। यह न केवल इंजीनियरिंग की कमियों पर,बल्कि इतिहास और मिथक के स्थायी सबक पर भी विचार करने का समय है। रामायण का पुल एक कालातीत प्रकाश स्तंभ की तरह खड़ा है,जो हमें याद दिलाता है कि सच्ची महानता केवल निर्माण के कार्य में नहीं है, बल्कि इसे चलाने वाले लचीलेपन और उद्देश्य की भावना में है। बिहार में ग्यारह पुलों की कहानी में हम मानवीय महत्वाकांक्षा के द्वंद्व को देखते हैं,जहां निर्माण की इच्छा का सामना अस्तित्व की कठोर वास्तविकताओं से होता है। फिर भी इस चिंतन में आशा है कि जो कुछ गिर गया है उसके खंडहरों से, हम इस बात की गहरी समझ के साथ पुनर्निर्माण कर सकते हैं कि न केवल भौतिक खाई को पाटना,बल्कि समझ और भावना के अंतराल को भी पाटना क्या होता है,जो हमें एक सभ्यता के रूप में एकजुट करते हैं।

# अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन

हमारे ऋषि-मुनि पूर्वज, वैज्ञानिक, शात्र-पुराण और हमारा अनुभव सब प्रमाणिक तौर पर यह वाक्य कहते हैं- "प्रथम सुख निरोगी काया" "स्वास्थ्य एक अनमोल रत्न है", "हेल्थ इज वेल्थ" आदि। हमारा मुस्कुराता हुआ तेजमय चेहरा ही हमारे उत्तम स्वास्थ्य का दर्पण होता है। आपके चेहरे पर प्रसन्नता और खुशी सभी नजर आएगी जब आपका शरीर एक दम स्वस्थ्य और फिट होगा। हमारे इस नश्वर शरीर में यदि कहीं भी किसी भी अंग में थोड़ी सी भी परेशानी एवं पीड़ा है तो उतने से ही हम बेचैन हो जाते हैं। संसार की सारी खुशियां त्योहार, उत्सव और हर्षोल्लास उस व्यक्ति के लिए व्यर्थ व निरर्थक हैं,जिसके तन में कोई रोग लगा है। उसको कोई भी आनंद सुहाता नहीं है। उसको किसी भी आनंद में आनन्द नहीं मिल सकता और यदि आपका तन-मन स्वस्थ है तो छोटी सी खुशी में भी आप झूमने लगेंगे। आपके स्वस्थ चेहरे पर प्रसन्नता का भाव और तेज दूर से ही झलकता नजर आएगा।



जगपाल सिंह भाटी
बरेली

आज की इस मिलावटी दौर में स्वास्थ्य को स्वस्थ रखना बेहद कठिन और चुनौतीपूर्ण हो गया है। लाभ, लोभ, लालच और विलासिता के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति अपने पैरों पर कुल्हाड़ी चला रहा है। हर कोई अपने-अपने फायदे के लिए एक दूसरे को धोखा दे रहा है, जिसकी वजह से शुद्ध वस्तुएं मिलना असंभव सा हो गया है। यहां तक आज के समय में हवा और पानी भी जहरीले हो चले हैं। इस बेहद नाजुक दौर में निरोग स्वस्थ रहना कठिन हो गया है। बच्चा, जवान और बूढ़ा हर कोई आज दवा पर निर्भर हो गया है। मोटापा हाई ब्लड प्रेशर, शुगर कब्ज, अनिद्रा, कमजोरी, नजर कमजोर होना एवं समय से पूर्व बूढ़ा दिखना जैसे फैशन बन गया है। हम कुछ दैनिक नियमों से काफी हद तक अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। नियमित रूप से कम से कम 15 मिनट तक योग, व्यायाम, प्राणायाम या सुबह का टहलना जरूर करें।

प्रातः उठने के पश्चात सबसे पहले आंखों पर ताजे पानी से छप्पा लगाए इससे आखें स्वस्थ रहतीं हैं। सुबह खाली पेट दो गिलास गुनगुना या ताजा पानी अवश्य पिएं। नहाने से पहले और खाने के बाद पेशाब अवश्य जाएं। पानी पीकर तुरंत बाद पेशाब नहीं जाना चाहिए और पेशाब करने के तुरंत बाद पानी नहीं होना चाहिए। खड़े होकर भी पानी न पिएं। लघु शंका (पेशाब) और दीर्घ शंका (लेट्रीन) करते समय अपने दातों को दबाकर रखें। दांत मजबूत और स्वस्थ रहेंगे। कुछ भी खाने के बाद और सोने से पूर्व कुल्ला अवश्य करें। सोने से पूर्व एक गिलास दूध या पानी पीकर सोने से नींद अच्छी आती है। हमेशा पूर्व और दक्षिण दिशा में सिर करके सोना चाहिए। आपका भोजन अधिक से अधिक सादा, हल्का, कम और प्रकृति के अनुकूल होना चाहिए। भोजन प्रसन्न मुद्रा में और चबा-चबा कर करें। अतः आप अपने स्वास्थ्य के प्रति सदैव सचेत और सतर्क रहें, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है।

# ब्रह्म से मिलन का महापर्व

पुरी रथ यात्रा का त्योहार भगवान जगन्नाथ को समर्पित है। ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति इस पुरी रथ यात्रा में पूरी श्रद्धा से भाग लेता है, वह जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाता है। भगवान जगन्नाथ के रथ पर सवार होने का एक दर्शन ही बहुत शुभ माना जाता है। इसके साथ ही काम, क्रोध और लोभ से छुटकारा मिलता है। पुरी में होने वाली रथ यात्रा सबसे भव्य आयोजनों में से एक है, जो दुनियाभर से पर्यटकों को आकर्षित करती है। उत्सव के दिन तीन देवताओं की पूजा की जाती है, उनमें भगवान बलभद्र, जो भगवान जगन्नाथ के बड़े भाई हैं, सुभद्रा, जो भगवान जगन्नाथ और भगवान बलभद्र की बहन हैं और भगवान जगन्नाथ शामिल हैं।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

प्रत्येक देवता के पास एक रथ है। भगवान बलभद्र के रथ में 16 पहिए हैं, जबकि भगवान जगन्नाथ के रथ में 18 पहिए हैं। इसी तरह सुभद्रा के रथ में 14 पहिए हैं। भक्तगण जगन्नाथ मंदिर से भगवान कृष्ण, भगवान बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियों को गुंडिचा मंदिर ले जाते हैं। फिर मूर्तियों को रथों में स्थापित किया जाता है। पुजारी स्नान पूर्णिमा मनाते हैं, जो एक प्रथा है जिसमें तीन मूर्तियों को पानी (109 बाल्टी) से नहलाया जाता है। नहाए गए मूर्तियों को जुलूस के दिन तक अलग रखा जाएगा। इस आयोजन को अंसारा कहा जाता है। ओडिशा के शाही उत्तराधिकारी चेरा पहरा की रस्म निभाते हैं। राजा देवताओं को ले जाता है और चेरा पहरा के आयोजन के दौरान उन्हें रथों पर रखता है। पुरी रथ यात्रा उत्सव की शुरुआत विशेष प्रार्थना और अनुष्ठानों के साथ देवताओं के आह्वान से होती है और इसे 'रथ प्रतिष्ठा' के नाम से जाना जाता है। इसके बाद तीन मुख्य देवता, देवी सुभद्रा, भगवान जगन्नाथ और भगवान बलभद्र को उनके संबंधित रथों में बैठाया जाता है। देशभर से भक्त भगवान के रथ को खींचने की उत्कट इच्छा के साथ आते हैं, क्योंकि यह कार्य बहुत पवित्र माना जाता है। रंग-बिरंगी शोभायात्रा ढोल, तुरही या ढोल पर बजने वाले भक्ति गीतों की ध्वनि के साथ आगे बढ़ती है। जुलूस अंत में गुंडिचा मंदिर पहुंचता है जिसे भगवान जगन्नाथ की मौसी का निवास माना जाता है। इस त्योहार को 'घोष यात्रा', 'दशावतार यात्रा', 'नवदिन यात्रा' या 'गुंडिचा यात्रा' के नाम से भी जाना जाता है। पुरी रथ यात्रा उत्सव एकीकरण और समानता का प्रतीक है। यह उन दुर्लभ त्योहारों में से एक है, जो सभी प्रकार के भेदभावों से ऊपर है। यहां तक कि मुसलमान भी इस अद्भुत रथ उत्सव में भाग लेते हैं। इस परंपरा की शुरुआत तब होती है जब राजा इंद्रद्युम ने जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियां बनवाई तो रानी गुंडिचा ने मूर्तियां बनाते हुए मूर्तिकार विश्वकर्मा और मूर्तियों को देख लिया जिसके चलते मूर्तियां अधूरी ही रह गई तब आकाशवाणी हुई कि भगवान इसी रूप में स्थापित होना चाहते हैं। इसके बाद राजा ने इन्हीं अधूरी मूर्तियों को मंदिर में स्थापित कर दिया। उस वक्त भी आकाशवाणी हुई कि भगवान जगन्नाथ साल में एक बार अपनी जन्मभूमि मथुरा जरूर आएंगे। स्कंदपुराण के उत्कल खंड के अनुसार राजा इंद्रद्युम ने आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के दिन प्रभु के उनकी जन्मभूमि जाने की व्यवस्था की। तभी से यह परंपरा रथयात्रा के रूप में चली आ रही है। एक दूसरी कथा भी जिसके अनुसार सुभद्रा के द्वारिका दर्शन की इच्छा पूरी करने के लिए श्रीकृष्ण और बलराम ने अलग-अलग रथों में बैठकर यात्रा की थी। सुभद्रा की नगर यात्रा की स्मृति में ही यह रथयात्रा पुरी में हर साल होती है। इस रथयात्रा के बारे में स्कंद पुराण, नारद पुराण, पद्म पुराण और ब्रह्म पुराण में भी बताया गया है। इस भव्य रथ उत्सव को देखने के लिए हर साल दस लाख से अधिक तीर्थयात्री पुरी आते हैं।

# शिक्षा में नई व्यवस्थाओं की चुनौतियां

हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा एक नई व्यवस्था को मंजूरी दी गई है। यह नई नीति उच्च शिक्षण संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों में प्रवेश को लेकर बनाई गई है एवं आयोग ने इसे सत्र 2024-25 से ही लागू करने के निर्देश दिए हैं। इस नीति के अनुसार विदेशी विश्वविद्यालयों की तर्ज पर भारतीय विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को वर्ष में दो बार प्रवेश का मौका दिया जाएगा। सत्र में प्रथम बार प्रवेश जुलाई-अगस्त में तथा दूसरी बार जनवरी-फरवरी में होंगे।

वर्तमान में लागू व्यवस्था के अंतर्गत विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले की प्रक्रिया वर्ष में केवल एक बार अर्थात जुलाई-अगस्त में होती है। नई व्यवस्था को लागू करने एवं इससे संबंधित समस्त इंतजामात सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि यूजीसी के द्वारा प्रवेश नीति संबंधी यह निर्णय ऐसे समय पर लिया गया है, जबकि सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया जोरों से चल रही है। नवीन व्यवस्था को लागू करने के पीछे यूजीसी का तर्क यह है कि इस पद्धति के लागू हो जाने से उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले से संबंधित दिक्कतें दूर हो जाएंगी। किन्हीं कारणों से यदि कोई विद्यार्थी जुलाई-अगस्त में दाखिला लेने से चूक



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

> सभी चुनौतियों के भली-भांति विश्लेषण के उपरांत ही ऐसी व्यवस्थाएं लागू की जानी चाहिए ताकि शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह से निर्बाध एवं व्यवस्थित बनी रहे।

जाता है तो वह पुनः जनवरी-फरवरी में यह अवसर प्राप्त कर सकेगा। नतीजतन उसे अपने पूरे साल का नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा एवं उसकी शिक्षा बिना किसी व्यवधान के आगे बढ़ती रहेगी। इससे पूर्व भी यूजीसी के द्वारा ऑनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा में प्रवेश को लेकर यह व्यवस्था लागू की गई थी। उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2022 में ऑनलाइन कोर्स में जुलाई सत्र में 19.73 लाख, जबकि जनवरी सत्र में 4.28 लाख प्रवेश हुए थे। स्पष्ट है कि विद्यार्थियों की एक अच्छी खासी संख्या ने संबंधित पाठ्यक्रमों में जनवरी सत्र में प्रवेश लिया था। ऐसी स्थितियों को देखते हुए ही नियमित पाठ्यक्रमों में भी दो बार प्रवेश लेने की व्यवस्था को लागू करने का फैसला लिया गया है। यद्यपि यूजीसी का निर्देश है कि इस नियम को लागू किए जाने से पहले उच्च शिक्षण संस्थानों को शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात, बुनियादी ढांचा इत्यादि की जानकारी यूजीसी को देनी होगी। निस्संदेह यह व्यवस्था विद्यार्थियों के हित में है, क्योंकि प्रायः ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें विद्यार्थी जानकारी के अभाव में किसी बीमारी की वजह से अथवा पिछली परीक्षा का परिणाम देर में आने की वजह से अगली कक्षा में प्रवेश लेने से चूक जाता था। नतीजा यह होता था कि विद्यार्थी को एक बार चूकने के उपरांत पुनः अपना प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए पूरे साल इंतजार करना पड़ता था, जिससे उसका समय बर्बाद हो जाया करता था। प्रवेश संबंधी नई व्यवस्था के लागू हो जाने के बाद इन सभी दिक्कतों से छुटकारा मिल जाएगा।

इसी प्रकार शिक्षा मंत्रालय के द्वारा सत्र 2025-26 से दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं को भी वर्ष में दो बार कराए जाने के विचार पर सैद्धांतिक सहमति दे दी गई है। प्रथम बार परीक्षा फरवरी में एवं दूसरी बार अप्रैल में होगी। खास बात यह है कि विद्यार्थी के लिए दोनों ही परीक्षाओं में शामिल होने का विकल्प खुला रहेगा। जिस परीक्षा में विद्यार्थी का प्रदर्शन बेहतर होगा, उस परीक्षा में विद्यार्थी के द्वारा प्राप्त किए गए स्कोर को ही उसका अंतिम स्कोर माना जाएगा। इस व्यवस्था से भी कहीं न कहीं विद्यार्थी का हित सुनिश्चित होगा। मान लीजिए कि किसी कारणवश विद्यार्थी का पेपर पहली परीक्षा में खराब हो जाता है तो उसके पास दूसरी परीक्षा का विकल्प हो जाने के कारण किसी भी तरह का तनाव उस पर हावी नहीं हो पाएगा, लेकिन जहां एक ओर इन नवीन व्यवस्थाओं को विद्यार्थियों के हित में माना जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ इनके सामने कुछ चुनौतियां भी हैं, जिनको अगर हल्के में लिया गया तो ये व्यवस्थाएं कहीं न कहीं नुकसानदेह भी साबित हो सकती हैं।

दो बार प्रवेश की व्यवस्था को लागू करने से पहले इस बात पर अवश्य मंथन किया जाना चाहिए कि कक्षाओं का संचालन किसी भी तरह से बाधित न हो एवं पाठ्यक्रम समय पर पूरा हो सके। दो बार प्रवेश लेने की सुविधा कहीं न कहीं विद्यार्थियों को लापरवाही की स्थितियों की ओर धकेल सकती है। यहां पर एक विकल्प यह हो सकता है कि ऐसी व्यवस्था केवल उन्हीं विद्यार्थियों के लिए लागू की जाए जो किन्हीं वाजिब कारणों की वजह से सत्र के आरंभ में प्रवेश लेने से चूक गए हैं। ठीक इसी प्रकार दो बार बोर्ड परीक्षाओं का आयोजित किया जाना भी विद्यार्थियों के तनाव को कम करने के साथ ही उन्हें एक सीमा से अधिक बेफिक्र बना सकता है एवं उनके अंदर यह प्रवृत्ति पैदा हो सकती है कि पहली परीक्षा में प्रदर्शन की ओर ध्यान कदापि न दिया जाए। इन सभी चुनौतियों के भली-भांति विश्लेषण के उपरांत ही ऐसी व्यवस्थाएं लागू की जानी चाहिए ताकि शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह से निर्बाध एवं व्यवस्थित बनी रहे।

# पांच घंटे बंद रहा टनकपुर-चम्पावत एनएच

## मलबा आने से गल्लागांव-देवलीमाफी मोटर मार्ग बंद, दर्जनों गांवों का जिला मुख्यालय से कटा संपर्क

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** पहाड़ों और क्षेत्र में हो रही भारी बारिश से शनिवार को टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित होता रहा। करीब 5 घंटे तक मार्ग बंद रहने से यात्रियों की भारी फजीहत हुई। स्वाला के पास बार-बार मलबा आने से दिक्कत बढ़ रही है।

गल्लागांव-देवलीमाफी मोटर मार्ग मलबा आने से बंद हो गया है। इससे क्षेत्र के दर्जनों गांवों का संपर्क कट गया है। क्षेत्र के लोग पुरानी पंगडंडियों से पैदल लोहाघाट-बाराकोट मोटर मार्ग तक पहुंच रहे हैं। ग्रामीण जगदीश चंद्र तिवारी, दीवान राम, कमल कुमार, गिरीश चंद्र आदि ने बताया कि रोड के किमी संख्या पांच में शुक्रवार को पहाड़ी का बड़ा हिस्सा गिर गया था। शनिवार को और अधिक मलबा आने से रोड पूरी तरह बंद हो गई है। शनिवार सुबह लोनिवि ने लोडर मशीनों से बोल्डरों को हटाकर देवलकांडा तक सड़क खोल दी लेकिन उसके आगे आया मलबा नहीं हटाया। लोहाघाट-हल्द्वानी मोटर मार्ग में गर्सलेख के समीप पहाड़ी से लगातार पत्थर गिरने से खतरा बना हुआ है। देवीधुरा में जमनपौड़ के पास बरसाती नाला उफान पर आ गया है। शनिवार को यहां एक घंटे तक वाहनों की आवाजाही ठप रही। शनिवार को गुमदेश के गुरेली गांव के सागर तोक निवासी नवीन भट्ट के मकान के सुरक्षा दीवार और मजपीपल के कैलाश राम के आंगन की दीवार ढह गई। इससे आवासीय मकान को खतरा पैदा हो गया है।


टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलबा हटाने में जुटी जेसीबी। ● अमृत विचार

### दूसरे दिन भी नहीं खुला पूर्णागिरि मंदिर मार्ग

**टनकपुर :** मां पूर्णागिरि धाम के पास चट्टान खिसकने से बंद मार्ग दूसरे दिन भी नहीं खुल पाया है। लोनिवि के कर्मचारी मलबा हटाने में जुटे हुए हैं। मार्ग बंद होने से मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को जा रहे सैकड़ों श्रद्धालुओं को सुरक्षा की दृष्टि से वापस लौटा दिया गया। वहीं पूर्णागिरि मोटर मार्ग के बाटनागाड़ में भी मलबा डंप होने से वाहनों की आवाजाही ठप रही। बूम चौकी प्रभारी दिलबर सिंह भंडारी ने बताया कि पूर्णागिरि मंदिर का मुख्य मार्ग नहीं खुलने के कारण श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं है। शनिवार को दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं को सुरक्षा की दृष्टि से वापस टनकपुर भेज दिया गया। बताया कि श्रद्धालुओं को मार्ग खुलने के बाद ही दर्शनों के लिए भेजा जाएगा। मंदिर मार्ग बंद होने और दर्शन की अनुमति न मिलने से श्रद्धालु निराश होकर घरों को लौट रहे हैं। हालांकि काली मंदिर के पास मुख्य धाम के प्रवेश द्वार से ही श्रद्धालु हाथ जोड़कर मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन कर रहे हैं। कई श्रद्धालु मार्ग खुलने के इंतजार में टनकपुर के होटलों में रुके हुए हैं।

### शारदा बैराज का जलस्तर बढ़ने से रेड अलर्ट चौपहिया वाहनों की आवाजाही पर लगाई रोक

**बनबसा :** पर्वतीय क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश से शारदा बैराज का जलस्तर शनिवार शाम 1.21 लाख क्यूसेक से अधिक हो गया। बैराज की सुरक्षा को देखते हुए रेड अलर्ट घोषित कर बैराज पर चौपहिया वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से शारदा बैराज का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। शनिवार दोपहर बाद शारदा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। शाम को शारदा बैराज का जलस्तर बढ़कर एक लाख 21 हजार क्यूसेक से अधिक हो गया। यूपी सिंचाई विभाग कैनाल उत्तर प्रदेश के एसडीओ प्रशांत कुमार वर्मा ने बताया कि शनिवार शाम 4 बजे शारदा नदी का जलस्तर एक लाख 21 हजार क्यूसेक से अधिक होने के कारण बैराज की सुरक्षा को देखते हुए हाई अलर्ट घोषित कर बैराज में चौपहिया वाहनों आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि पैदल यात्रियों व दोपहिया वाहनों की आवाजाही जारी रहेगी।


मां पूर्णागिरि धाम के पास मलबा और चट्टान को हटाने का कार्य शुरू हुआ।


ग्रामीण सड़कों से मलबा हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार


अल्मोड़ा के प्रसिद्ध झांकर सैम मंदिर में गिरा विशालकाय पेड़।

# अल्मोड़ा में दो स्टेट हाईवे और चार आंतरिक सड़कें मलबा आने से बंद

- लगातार बारिश से जनजीवन जीवन प्रभावित
- ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात ठप होने से लोगों को झेलनी पड़ रही दिक्कतें

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले में जमकर मेघ बरस रहे हैं। बारिश से मलबा आने से रामनगर-भतरौजखान मार्ग तथा काफलीखान-भनोली-सीमलखेत स्टेट हाइवे तथा चार ग्रामीण मोटर मार्ग बंद हैं। जिससे 15 हजार की आबादी प्रभावित रही।

बंद मोटर मार्गों को खोलने के लिए जेसीबी मशीनें लगाई गई हैं। शुक्रवार देर रात से शनिवार दिनभर जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में जमकर मेघ बरसे। जिससे जगह-जगह पहाड़ियों से भूस्खलन हुआ और एक स्टेट हाइवे सहित चार ग्रामीण मोटर मार्ग बंद हो गए। वहीं, मुख्यालय में नालियां चोक होने से सड़कों पर पानी भरा रहा। जिससे आने-जाने वालों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी अनुसार शनिवार को अधिकत तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### झांकर सैम मंदिर में पेड़ गिरने से धर्मशाला ध्वस्त

**अल्मोड़ा।** जिले के भनोली तहसील अंतर्गत प्रसिद्ध झांकर सैम मंदिर में एक विशाल पेड़ गिर गया। जिससे धर्मशाला क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान मंदिर के पुजारी व भक्तजन बाल-बाल बचे। भनोली तहसील के झांकर सैम मंदिर परिसर में बनी धर्मशाला के ऊपर शनिवार एक विशाल पेड़ गिर गया। जिससे धर्मशाला बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। मंदिर के पुजारीगण व भक्तजन बाल बाल बच गए। इससे बड़ा हादसा टल गया।

# खत्याड़ी में बार खोलने का विरोध

- ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, बार बंद न होने पर अनिश्चिकालीन धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** नगर के खत्याड़ी में शराब बार के विरोध में ग्रामीणों ने खोर्चा खोल दिया है। शनिवार को गुस्साए ग्रामीणों ने लोअर मालरोड में प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही जल्द शराब बार बंद नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में शराब खोलने का लंबे समय से विरोध करते आ रहे हैं। विरोध के बावजूद खत्याड़ी में शासन-प्रशासन की मिलीभगत से शराब बार खोल दिया गया है। कहा कि जिस स्थान पर बार खोला गया है, वहां से मजह सौ मीटर की दूरी पर स्कूल और मेडिकल कॉलेज है। पूर्व में भी कई बार ज्ञापन देकर अवगत कराया गया था, इसके बावजूद शराब बार खोलने की अनुमति दे दी गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शराब बार को बंद नहीं किया गया तो ग्रामीण राजनीतिक दलों के नेताओं और आगामी चुनाव का बहिष्कार करेंगे।


अल्मोड़ा के खत्याड़ी में शराब बार के विरोध में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### ये लोग रहे मौजूद

पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख आनंद सिंह कनवाल, पूर्व प्रधान हरीश कनवाल, हर्ष कनवाल, सरपंच राजेंद्र सिंह, नंदन सिंह, भूपेंद्र सिंह कनवाल, विरेंद्र सिंह, देव सिंह, हर सिंह, दीपक, गोविंद सिंह, हिमांशु कनवाल, जगत कनवाल, राहुल, कमल, हरीश, भूपाल मेहता, भूमित सिंह, अंकित, हरीश सिंह, पार्वती देवी, खष्टी कनवाल, कलावदेवी देवी, पाना देवी, प्रेमा कनवाल, बसंती देवी, अनीता कनवाल, मीना देवी, ममता देवी, कमला देवी, पूजा कनवाल, बीना देवी, आशा कनवाल, शांति देवी, ललित कनवाल, दीपक जीना समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख रुपये ठगे

**अल्मोड़ाः** पंतनगर विश्वविद्यालय में नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख पचास हजार की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर अब भतरौजखान पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम पंचायत रूदवों भतरौजखान निवासी भगवत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि सुरेश नेगी ग्राम पांडेकोट रानीखेत और हाल निवासी शीशमहल हल्द्वानी उनका पूर्व से परिचित है। बताया कि आरोपी उनके पुत्र को पंतनगर विवि में नौकरी दिलाने की बात कर करीब दो लाख पचास हजार रुपये ले चुका है। लेकिन नौकरी नहीं दिलाई। बताया कि अब आरोपी न फोन उठा रहा है और ना ही उनका रुपया वापस कर रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मांगों के निराकरण को लेकर डिप्लोमा इंजीनियर्स हुए मुखर

- दस सूत्रीय समस्याओं के निराकरण की उठा रहे मांग
- बांह में काला फीता बांध कार्यबहिष्कार पर रहे इंजीनियर्स

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** दस सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को डिप्लोमा इंजीनियर्स ने बाह में काला फीता बांधकर कार्य बहिष्कार कर विरोध जताया। विभाग के पुनर्गठन, पीएमजीएसवाई मार्गों के रख रखाव का कार्य देने आदि की मांग उठाई। जल्द मांगों के निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि कई बार मांग के बावजूद भी उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है।

इंजीनियर्स ने विभाग के पुनर्गठन, पीएमजीएसवाई मार्गों के रख रखाव का कार्य ग्रामीण निर्माण विभाग को हस्तांतरित करने, शासनादेश के मुताबिक कार्मिकों के वेतन का निर्धारण, कनिष्ठ अभियंताओं को अपर सहायक अभियंता में पदोन्नत करने, सहायक अभियंताओं को वाहन भत्ता, स्थानांतरण एक्ट के दुरुपयोग को रोकने आदि की मांग की। यहां जिलाध्यक्ष कमल पालीवाल, प्रकाश चंद्र, शेखर पांडे, धीरज जोशी आदि रहे।



अल्मोड़ा में शनिवार को डिप्लोमा इंजीनियर्स ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रानीखेत :** विकास खंड ताड़ीखेत में 14 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने अभियुक्त को पॉक्सो व एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार किया है। ताड़ीखेत के एक गांव निवासी अनुसूचित जाति के ग्रामीण ने बीती 29 जून को स्थानीय पटवारी चौकी में लिखित शिकायत देकर बताया कि 28 जून को उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी खेत में काम कर रही थी। इसी बीच पौड़ा कोठार गांव निवासी गोपाल सिंह डोगरा पुत्र प्रताप सिंह उसे बहला- फुसला कर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसकी जानकारी नाबालिग ने घर आकर परिजनों को दी। राजस्व पुलिस ने आरोपित को कोटगांव से गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# दिल्ली से आ रहे युवक ने किया जहर का सेवन, मौत

- भूमकिया गांव के जंगल में अचेत अवस्था में मिला था युवक
- छुट्टी पर आ रहा था घर, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** जिले के द्वाराहाट में छुट्टी पर घर आ रहे एक युवक ने आधे रास्ते में आत्महत्या कर ली। घटनास्थल पर पुलिस को जहर व शराब की खाली शीशी मिली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बीते शुक्रवार को द्वाराहाट नगर से करीब चार किमी आगे द्वाराहाट-चौखुटिया मोटर मार्ग पर भूमकिया गांव के जंगल में कुछ लोगों ने एक युवक को अचेत पड़ा देखा। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना स्थल पर मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान दीपक (25) पुत्र हरीदत्त उप्रेती, निवासी ग्राम नागार्जुन, थाना द्वाराहाट, अल्मोड़ा के रूप में हुई है। मृतक दीपक दिल्ली में प्राइवेट जॉब करता था। शुक्रवार को वह अपने घर को लौट रहा था। लेकिन गांव से करीब 11 किमी पहले उसने मौत को गले लगा लिया। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि पंचायतनामा की कार्यवाही के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया कि पोस्मार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

## गनियाद्योली में रोपे कई प्रजाति के पौधे

**रानीखेत :** शनिवार को वन महोत्सव सप्ताह के उपलक्ष्य में वन विभाग रानीखेत रेंज के गनियाद्योली अनुभाग के गनियाद्योली बीट अंतर्गत कक्ष संख्या 01 के 10 हैक्टर वृक्षारोपण क्षेत्र में बांज, उतीस, देवदार, पदम, भीमल, बकेन, तेजपात आदि प्रजाति के पौधे रोपे गए।

कार्यक्रम में तापस मिश्रा, वन क्षेत्राधिकारी, राजि कार्यालय कर्मचारी मीनू मेहता वन दरोगा, कु. रजनी वन आरक्षी व उमेद सिंह, अनुभाग सेअनुभाग अधिकारी जगदीश चंद्र सिंह, वन बीट अधिकारी जया भट्ट, वन बीट अधिकारी नवीन चंद्र तिवारी व तेज सिंह, अधिकारी हेमा वन दरोगा, वन बीट अधिकारी रजत नाथ गोश्वामी व बीट प्रभारी नंदन सिंह अधिकारी व पाली नदूली के ग्राम प्रधान मनीष रावत, वन पंचायत पाली नदूली के सरपंच कुबेर सिंह रावत व ग्रामीण मौजूद थे।

# नये नियमों से भड़के कोटेदार

- बैठक में कोटेदारों ने विभिन्न समस्याओं पर की चर्चा
- जबरन नए नियमों को थोपने पर आंदोलन की चेतावनी दी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** पर्वतीय सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता कल्याण समिति की शनिवार को बैठक हुई। बैठक में विक्रेताओं की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही लंबित बिलों का भुगतान नहीं होने और नए नियमों को लागू करने पर रोष जताया गया।

नगर के नंदादेवी मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में विक्रेताओं ने कहा कि सरकार सस्ता गल्ला विक्रेताओं की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। जबकि विक्रेताओं ने कोरोना काल में घर-घर राशन पहुंचाकर लोगों को राहत देने का काम किया। कहा कि नए नए नियमों का बोझ विक्रेताओं पर डाला जा रहा है, जो कार्य विभाग की ओर से किया जाना चाहिए। वह डीलरों से करवाया जा रहा है।

शासन की ओर से सस्ता गल्ला विक्रेताओं के पूर्व का भुगतान भी अब तक नहीं किया जा सका है। इससे डीलरों के लिए घर का खर्च चलाना भी मुश्किल हो रहा है। चेतावनी दी कि नियमों को लेकर जबरन दबाव बनाया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष संजय साह, केशर सिंह खनी, दिनेश गोयल, अभय साह, सुरेश डालाकोटी, मनोज वर्मा, नारायण सिंह, विपिन तिवाड़ी, भीमा पवार, दीपक साह, आनंद कनवाल, संदीप नन्दा, बिशन सिंह बिष्ट, देवेंद्र चौहान, प्रकाश भट्ट, पंकज कपिल, इंदर डसीला, राजेंद्र लटवाल आदि रहे।


शनिवार को नंदादेवी मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में मौजूद सस्ता गल्ला विक्रेता।

## सार-संक्षेप

### नशे में उत्पात मचा रहा ग्रामीण गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** शराब के नशे में धौलछीना बाजार में उत्पात मचा रहे व्यक्ति को धौलछीना पुलिस ने गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की। थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस टीम चेकिंग अभियान पर थी। इस दौरान धौलछीना बाजार में कमल भट्ट शराब के नशे में हुड़दंग मचा रहा था। जिसके बाद पुलिस अधिनियम के तहत आरोपित को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की गई।

### बिजली-पानी की दरों में वृद्धि से पूर्व सैनिक खफा

**अल्मोड़ा :** उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग की बैठक में पूर्व सैनिकों ने सरकार से बिजली और पानी के बिलों में बढ़ोत्तरी को वापस लेने की मांग उठाई। साथ ही नगर की तमाम समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा की। लीग कार्यालय कहचरी बाजार में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों ने बिजली-पानी की दरों में बढ़ोत्तरी पर नाराजगी जताई। बैठक में आईसीआईसीआई बैंक के प्रतिनिधियों ने पूर्व सैनिकों के लिए चलाई गई योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, स्पर्श योजना से संबंधित परेशानियों को लेकर बैंक से संपर्क करने की अपील की गई। यहां बैठक में रोशन लाल, एसके जोशी, पीसी तिवारी, सीएस बिष्ट, एलडी शर्मा, एनसी जोशी, आशीष वर्मा, एएस बिष्ट, सुरेश चंद्र पांडे, बीबी भट्ट, डीके चौधरी, दीपक कुमार, नरेंद्र सिंह आदि रहे।


पूर्व सैनिक लीग की बैठक में मौजूद सदस्य।


अल्मोड़ा भाजपा दफ्तर में डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कार्यकर्ता।

### जयंती पर याद किए गए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

**अल्मोड़ा :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र के प्रति श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को याद किया। शनिवार को पातालदेवी स्थित जिला पार्टी दफ्तर में आयोजित गोष्ठी में मुख्य वक्ता पूर्व विधायक कैलाश शर्मा ने कहा कि एक राष्ट्र, एक संविधान, एक झंडा की संकल्पना को सिद्ध करते हुए मुखर्जी ने अपने जीवन को बलिदान कर दिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, धमेंद्र बिष्ट, अमित साह, कैलाश गुरुरानी, गिरीश खोलिया, अरविंद बिष्ट, महेश बिष्ट, संजय डालाकोटी आदि रहे।

### धूमधाम से मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

**बागेश्वर।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रखर राष्ट्रवादी महान शिक्षाविद भारतीय जन संघ के संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बागेश्वर में जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण की अध्यक्षता में मनाया गया। वक्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, जिला महामंत्री संजय परिहार, जिला मंत्री रवि करायत, जिला मीडिया प्रकाश शाह, कार्यालय प्रभारी दयाल कांडपाल, नगर महामंत्री संजय नेगी, दीपक रौतेला, रमेश तिवारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बारिश में भी धरने पर डटे रहे

- बीते 14 दिनों से आंदोलनरत हैं रानीधारा क्षेत्र के लोग
- बदहाल सड़क से परेशानी झेल रहे लोगों की वर्षा ने बढ़ा दी है परेशानी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** बदहाल रानीधारा सड़क के सुधारीकरण और सीवर लाइन निर्माण की एआईटी जांच की मांग को लेकर रानीधारा क्षेत्र के लोगों का धरना प्रदर्शन बारिश में भी जारी रहा।

नाराज लोगों ने शनिवार को भी रानीधारा सड़क पुनर्निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले धरना दिया। शासन-प्रशासन पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया। लोगों ने कहा कि सीवर लाइन निर्माण के बाद सांईबाबा मंदिर से धार की तूनी को जोड़ने वाली सड़क बदहाल हो गई है। कहा कि वर्षा के बाद सड़क में जगह-जगह मलबा जमा हो गया है। जिससे पैदल चलना भी दूभर हो गया है। कहा कि पूर्व में कई बार मांग के बाद भी सड़क का सुधारीकरण नहीं हो सका। जिससे अब क्षेत्रीय जनता को मुश्किलें झेलनी पड़ रही हैं। लोगों ने कहा कि वर्षा के समय लोगों के मन में आपदा का भय सताने लगा है।


शनिवार को रानीधारा सीवर लाइन की जांच की मांग को लेकर धरना देते लोग।

### धरने में ये रहे मौजूद

समिति के संयोजक विनय किरौला, संगीता भंडारी, गुड़िया बिष्ट, पूनम जोशी, सुशीला बिष्ट, माया बिष्ट, कमला, मुन्नी बिष्ट, बीना पंत, हिमांशु पंत, तनुजा पंत, मनीषा पंत, अर्चना पंत, मीनाक्षी पांडे, माया बिष्ट, ज्योति पांडे, गीता पांडे, नीमा पंत, मीनू पंत आदि मौजूद रहे।

## हुड्डी नदी में बही महिला का शव हुआ बरामद

**बनबसाः** हुड्डी नदी में बही अधेड़ महिला का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए टनकपुर संयुक्त चिकित्सालय भेज दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम सभा चंदनी के हेलागोठ निवासी शांति देवी (55) पत्नी मोहन सिंह बीते देर सायं ग्राम फागपुर से अपनी रिश्तेदारी से वापस अपने घर हेलागोठ जा रही थी। इसी दौरान नदी पार करते समय वह पानी के तेज बहाव बह गई। महिला के बहने की सूचना पर ग्रामीणों में खलबली मच गई। वह महिला की तलाश में जुटे रहे लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया है। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि शनिवार सुबह भूमिया मंदिर के पास हुड्डी नदी से महिला का शव बरामद किया गया है।

# जटिल ऑपरेशन कर मरीज की जान बचाई

- गंभीर स्थिति में मेडिकल कॉलेज पहुंचे मरीज की आंतों में चिपकी थी पित्त की थैली
- वरिष्ठ सर्जन डॉ. रॉव ने सफलतापूर्वक किया ऑपरेशन मरीज की स्थिति सामान्य

संवाददाता, अल्मोड़ा

ग्राउंड रिपोर्ट

**अमृत विचारः** सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान व शोध संस्थान मेडिकल कालेज में स्वास्थ्य सेवाएं पटरी पर उतर रही हैं।

अब मेडिकल कालेज के चिकित्सकों ने लंबे समय से परेशानी से जूझ रहे मरीज के आंतों में चिपकी पित्त की थैली का सफल आपरेशन कर मरीजों को राहत दी है। मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ सर्जन डा. एएसएन राव ने बताया कि मरीज का 58 वर्षीय गणेश लोहनी का गंभीर स्थिति में बेस अस्पताल पहुंचा था। जहां जांच के बाद मरीज का आपरेशन दूरबीन विधि से किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि दूरबीन से देखने में मरीज के पित्त की थैली मरीज की आंत से चिपकी है। जिसके बाद चिकित्सकों ने मरीज का सफल आपरेशन कर पित्त की थैली को निकाला। यहां मेडिकल टीम में डा. कर्मवीर, डा. उर्मिला पलड़िया, डा. आदित्य कुमार चौहान आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### बीआरएस के 7वें विधायक कांग्रेस में हुए शामिल

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के गदवाल से विधायक बंदला कृष्णमोहन रेड्डी शनिवार को यहां जुबली हिल्स स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। रेवंत रेड्डी ने कृष्णमोहन रेड्डी का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया। इस कार्यक्रम में पर्यटन और संस्कृति मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव के साथ अन्य प्रमुख नेता उपस्थित थे। रेड्डी कांग्रेस में शामिल होने वाले बीआरएस के सातवें विधायक हैं। अब तक छह बीआरएस विधायकों ने पार्टी छोड़ दी है और उनमें कदियम श्रीहरि, दानम नागेंदर, तेलम वेंकट राव, पोचारम श्रीनिवास रेड्डी, संजय कुमार और काले यादैया शामिल हैं। हाल ही में छह बीआरएस एमएलसी भी कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए हैं।

### सांसद रविंदर वायकर के खिलाफ क्लोजर रिपोर्ट

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मुंबई के जोगेश्वरी उपनगर में एक लक्जरी होटल के निर्माण से जुड़े मामले में शिवसेना (शिंदे) सांसद रवींद्र वायकर के खिलाफ एफआईआर में क्लोजर रिपोर्ट दायर की है। उनपर बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के साथ समझौते के कथित उल्लंघन करने का आरोप है। मामले को बंद करने का कारण बताते हुए ईओडब्ल्यू ने अदालत के समक्ष एक आवेदन दायर करते हुए कहा था कि बीएमसी की ओर से दायर शिकायत अधूरी जानकारी और गलतफहमी पर आधारित थी। गौरतलब है कि वायकर, शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट के साथ थे और बाद में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट में शामिल हो गए और मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट से 48 वोटों के मामूली अंतर से लोकसभा चुनाव जीते।

### पुलिस ने चमत्कारी बाबा का दरबार बंद करवाया

**भरतपुर।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में भगदड़ कांड हादसे से सबक लेते हुए राजस्थान में भरतपुर जिले में पुलिस ने कथित चमत्कारिक बाबाओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू करते हुए शनिवार को बयाना थाना क्षेत्र के गांव मुर्रकी में एक कथित बाबा के दरबार को बंद करवा दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हनुमान जी से सिद्धि प्राप्ति का झांसा देकर कैंसर जैसी बीमारियों को ठीक करने के लिए गुलाब की पंखुड़ियां और लोंग से इलाज करने वाला मध्य प्रदेश निवासी कथित बाबा अनिल कुमार पिछले डेढ़ महीने से गांव में प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को दरबार लगा रहा था। दरबार में बयाना, भरतपुर, करौली और अलवर जिले से सैकड़ों लोग उपचार कराने दरबार में आ रहे थे।

# कश्मीर से दो विधान, दो प्रधान, दो निशान समाप्त हो गए हैं : शाह

## 102वें अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया

**गांधीनगर, एजेंसी**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात के गांधीनगर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से दो विधान, दो प्रधान और दो निशान समाप्त हो गए हैं और वहां तिरंगा बड़ी शान से लहरा रहा है। शाह ने शनिवार को यहां 102वें अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित सहकार से समृद्धि कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और सचिव, सहकारिता मंत्रालय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



- कहा- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कारण बंगाल और कश्मीर आज भारत का हिस्सा

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती है। आज अगर बंगाल और कश्मीर भारत का हिस्सा हैं, तो इसका एकमात्र कारण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने ही एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे के आंदोलन का नेतृत्व किया और इसके लिए लड़ते-लड़ते अपने प्राण न्यौछावर कर दिये। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से दो विधान, दो प्रधान और दो निशान समाप्त हो गए हैं और वहां तिरंगा बड़ी शान से लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि आज बाबू जगजीवन राम जी की भी पुण्यतिथि है, जिन्होंने देश के दलितों के लिए कई विकास कार्यक्रम चलाए और सामाजिक समरसता और धर्म परिवर्तन के विरोध की नींव रखी।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज सहकारिता क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों कार्यकर्ताओं के लिए कई प्रकार से एक बहुत महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन प्रधानमंत्री ने एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की थी। पिछली सरकारों ने कभी अलग सहकारिता मंत्रालय की आवश्यकता महसूस नहीं की। गुजरात की धरती से आने वाले मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद आज के समय में सहकारिता की ज़रूरत को समझकर 2021 में एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की थी।

## शाह ने असम के सीएम से बाढ़ के बारे में ली जानकारी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से बात कर राज्य में भारी बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति की जानकारी ली है। शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने असम के मुख्यमंत्री से बात कर वहां हुई भारी बारिश के बाद उत्पन्न स्थिति की जानकारी ली है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्य को हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। शाह ने कहा, भारी बारिश के कारण असम में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं. मौजूदा स्थिति के बारे में असम के मुख्यमंत्री से बात की। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ युद्ध स्तर पर काम कर रहे हैं, राहत प्रदान कर रहे हैं और पीड़ितों को बचा रहे हैं। प्रधानमंत्री असम के लोगों के साथ मजबूती से खड़े हैं।

## सूरत में छह मंजिला आवासीय इमारत ढही

- मलबे में चार से पांच लोगों के फंसे होने की आशंका, तलाश व बचाव अभियान जारी

**सूरत, एजेंसी**

गुजरात के सूरत शहर के पाल इलाके में शनिवार दोपहर छह मंजिला आवासीय इमारत ढह गई, जिसके बाद कम से कम चार से पांच लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। सूरत के जिलाधिकारी सौरभ पारधी ने बताया कि मलबे से एक महिला को जीवित बचा लिया गया है, जबकि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से तलाश व बचाव अभियान जारी है क्योंकि स्थानीय लोगों का दावा है कि चार से पांच लोग अब भी फंसे हो सकते हैं।

पारधी ने कहा, शहर के पाल इलाके में दोपहर के समय छह मंजिला इमारत ढह गई। हमें पता चला है कि इमारत में चार से पांच फ्लैट में लोग रहते हैं। एक महिला को बचा लिया गया है। चार से पांच लोगों के अब भी फंसे होने की आशंका है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से तलाश व बचाव अभियान जारी है। हमें उम्मीद है कि कुछ घंटे में अभियान खत्म हो जाएगा। बचाव अभियान की निगरानी के लिए घटनास्थल पर पहुंचे सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने पुष्टि की कि बचाव प्रयासों की शुरुआत में फंसे हुए लोगों की आवाज सुनी गईं। उन्होंने कहा कि इमारत का निर्माण 2016-17 में हुआ था। सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया इमारत में लगभग पांच फ्लैट में लोग रहते हैं, जिनमें से अधिकतर कारखानों में काम करते हैं।

# संसद सदस्यों के लिए अपमानजनक टिप्पणियों को वापस लें : धनखड़



मेधावी छात्रों को उत्कृष्टता पदक प्रदान करते उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़। • एजेंसी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम की सांसदों को अंशकालिक बताने वाली टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए शनिवार को कहा कि यह अत्यधिक अपमानजनक है और इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। धनखड़ ने केरल के तिरुवनंतपुरम में भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसटी) के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संसद के सदस्यों को अंशकालिक बताया जाना अपमानजनक है।

उन्होंने कहा कि संसद को ही कानून बनाने का अधिकार है। गौरतलब है कि चिदम्बरम ने एक साक्षात्कार में सांसदों को अंशकालिक बताया है। धनखड़ ने नाम लिए बिना वरिष्ठ सांसद के शब्दों को संसद की बुद्धिमत्ता का अक्षम्य अपमान बताया। उपराष्ट्रपति ने सवाल किया, क्या हम संसद में अंशकालिक लोग हैं? वरिष्ठ सांसद के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा, मेरे पास इस तरह की कहानी की निंदा करने के लिए पर्याप्त शब्द नहीं हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मू चार दिवसीय दौरे पर ओडिशा पहुंचीं

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को ओडिशा के चार दिवसीय दौरे पर भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से यहां पहुंचीं। राज्यपाल रघुबर दास और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत किया। इसके बाद मुर्मू उत्कलमणि पंडित गोपबंधु दास की 96वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में गईं। दास ने 1936 में ओडिशा के अलग राज्य के गठन में अग्रणी भूमिका निभाई थी।

# जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार को दोबारा खोलने की तिथि को लेकर होगा मंथन

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

- उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने समिति की बैठक के बाद जानकारी दी

ओडिशा सरकार द्वारा गठित उच्च-स्तरीय समिति रत्न भंडार को पुनः खोलने की तारीख तय करने के लिए नौ जुलाई को बैठक करेगी। इस समिति का गठन जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार में आभूषणों समेत कीमती वस्तुओं की सूची बनाने के काम की निगरानी के लिए किया गया है। उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने शनिवार को पुरी में समिति की पहली बैठक के बाद यह जानकारी दी।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान न्यायमूर्ति रथ ने कहा, उपलब्ध दस्तावेजों और ब्यौरे की जांच करने के बाद यह पाया गया कि रत्न भंडार की एक डुप्लिकेट चाबी पुरी सरकारी खजाने में है, इसलिए हमने रत्न भंडार को फिर से खोलने की तारीख तय करने के लिए नौ जुलाई को समिति की एक और बैठक आयोजित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक को अगली बैठक में समिति के समक्ष रत्न भंडार की डुप्लिकेट चाबी पेश करने को कहा गया है।

रथ ने कहा कि चूंकि खजाने का आंतरिक कक्ष कई दशकों से नहीं खुला है और दरवाजे का ताला काम नहीं कर रहा होगा, इसलिए इसे ध्यान में रखते हुए ऐसी स्थिति में ताला तोड़ने के लिए सरकार की मंजूरी से मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी।

## थापर पर हमला करने वाले दो निहंग गिरफ्तार

**लुधियाना।** पंजाब पुलिस ने शनिवार को शिव सेना नेता संदीप थापर गोरा (58) पर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपियों में से दो को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि शुक्रवार को संदीप थापर पर उस समय हमला किया गया, जब वह सामवेदना ट्रस्ट के संस्थापक-अध्यक्ष रविंदर अरोड़ा की चौथी पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित एक समारोह में भाग लेने के बाद सिविल अस्पताल के पास स्थित ट्रस्ट कार्यालय से बाहर अपने स्कूटर पर आ रहे थे।

# जर्जर मकान का छज्जा गिरा, 3 बच्चों की मौत

**फरीदाबाद, संवाददाता**

हरियाणा में फरीदाबाद के सीकरी इलाके में एक जर्जर मकान के छज्जा के गिर जाने से तीन बच्चों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि तीनों की पहचान 12 वर्षीय आदित्य कुमार, 10 वर्षीय मुस्कान और आठ वर्षीय आकाश के रूप में हुई है जो आपस में भाई-बहन थे। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब सात बजे ये बच्चे घर के बाहर छज्जे के नीचे खेल रहे थे, तभी अचानक उसका छज्जा उनके ऊपर गिर गया।

सीकरी चौकी प्रभारी ललित ने बताया कि इस घटना की जानकारी मिलते ही एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बच्चों का मलबे से निकालकर बादशाह खान सिविल अस्पताल ले गयी लेकिन तब तक बच्चों की मौत हो चुकी थी।



शनिवार को असम के कामरूप जिले के हाजो में बाढ़ के पानी में एक जंगली हाथी। • एजेंसी

# कारोबार/कृषि

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2075, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1775, रविन्द्रा 1990, फॉर्चुन ली. 1625, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1655, राग गोल्ड 1615, गृहणी 1510, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1630, आशीर्वाद मस्टर्ड 1925, स्वास्तिक 2045 । किराना–(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19500, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000–25500, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950 । चावल – ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4800, खजाना 4800 । दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10900, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 6950–7400 मलका दाल 7575–7900, मलका छाँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10200–10900, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8400, लाल हिंदुस्तान 8500, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8900, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000–16200, अरहर कोरी छोटी 17200।

## आर्थिक लचीलापन के लिए नवाचारी नीतियों की जरूरत : प्रो पांडे

**नयी दिल्ली।** डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कुलपति प्रो. जे.पी. पांडे ने शनिवार को कहा कि आर्थिक लचीलापन बढ़ाने में नवाचारी नीतियों पर जोर दिये जाने की जरूरत है। प्रो पांडे ने जैपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट गाजियाबाद द्वारा आज लचीली अर्थव्यवस्था का निर्माणः सतत विकास के लिए नीतियां और रणनीतियां पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ के अवसर पर सतत विकास प्राप्त करने के लिए शिक्षा, उद्योग और नीति निर्माताओं के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

सम्मेलन में जापान के कोनान विश्वविद्यालय के प्रो. केन निशिकावा और जैपुरिया टीम का नेतृत्व सेठ आनंदराम जैपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष शिशिर जैपुरिया ने किया। प्रो. केन निशिकावा ने आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर अपने व्यापक शोध को साझा किया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादकता और दक्षता बढ़ाने के लिए डिजिटल परिवर्तन रणनीतियों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया।

## सर्राफा

**बरेली**

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72900 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71900 |
| सिल्वर (पक्की) | 905 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,200 |
| चांदी आभूषण | 91,700 |


# महाराष्ट्र सरकार सेमीकंडक्टर संयंत्र के लिए तीन कंपनियों से कर रही बात : फडणवीस

## होरिबा इंडिया की चिकित्सा उपकरण की विनिर्माण इकाई के उद्घाटन के बाद बोले

**नागपुर, एजेंसी**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवा''र को कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के लिए तीन कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। वह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ बुटीबोरी क्षेत्र में होरिबा इंडिया की चिकित्सा उपकरण और उपभोग्य सामग्रियों की विनिर्माण इकाई का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। होरिबा इंडिया, जापानी फर्म होरिबा लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी है।

फडणवीस ने पुणे और नागपुर में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए होरिबा के चेयरमैन अतुशी होरिबा को धन्यवाद दिया।



उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार राज्य में सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के लिए होरिबा सहित तीन कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। उन्होंने होरिबा को प्रस्ताव दिया है कि वह नागपुर में सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करे। उन्होंने कहा कि इसके लिए जमीन आरक्षित रखी जाएगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने शहर में अपना संयंत्र शुरू करने के लिए होरिबा इंडिया को धन्यवाद दिया। होरिबा इंडिया ने एक बयान में कहा कि नागपुर संयंत्र में लगभग 200 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा और यह भारत में 30,000 से अधिक डायग्नोस्टिक लैब और अस्पतालों को सेवाएं देगा।

### आईवीपी सेमीकंडक्टर को राजस्व मिलने की उम्मीद

**चेन्नई।** फैबलेस सेमीकंडक्टर स्टार्टअप आईवीपी सेमीकंडक्टर प्राइवेट लिमिटेड ने घरेलू बाजार में सेमीकंडक्टर चिप का उत्पादन करने के अपने अभियान के तहत एक उत्पादन परीक्षण संयंत्र स्थापित करने की योजना बनाई है। आईवीपी सेमीकंडक्टर के सह-संस्थापक और सीईओ राजा मणिकम ने कहा कि कंपनी ने अपनी विस्तार योजनाओं के लिए 50 लाख अमेरिकी डॉलर हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य पहले घरेलू बाजार में ग्राहकों की सेवा करना और बाद में कंपनी का विस्तार करके उसे वैश्विक ब्रांड बनना है। मणिकम ने कहा, आज घरेलू सेमीकंडक्टर उद्योग को कई वैश्विक कंपनियां सेवा दे रही हैं। मैं एक भारतीय कंपनी के रूप में उद्योग की सेवा करना चाहता हूं। आईवीपी सेमीकंडक्टर एक भारतीय कंपनी है। उन्होंने कहा, हम मौजूदा खिलाड़ियों के प्रतिस्पर्धी बनने जा रहे हैं, जिनमें से ज़्यादातर वैश्विक कंपनियां हैं।

## पीएनबी पर रिजर्व बैंक ने किया 1.31 करोड़ का जुर्माना

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक ने सरकारी क्षेत्र के बैंक पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) पर 1.31 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना किया है। रिजर्व बैंक ने कल देर रात जारी आदेश में कहा कि पंजाब नेशनल बैंक पर 'ऋण और अग्रिमः वैधानिक और अन्य प्रतिबंध' और अपने ग्राहक को जानें निर्देश, 2016 के निर्देशों के अनुपालन नहीं करने पर 1,31,80,000 रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है।

केन्द्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत लगाया गया है। केन्द्रीय बैंक ने 31 मार्च, 2022 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में बैंक का पर्यवेक्षी मूल्यांकन के लिए वैधानिक निरीक्षण किया गया था। उसके निर्देशों और

- बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत लगाया जुर्माना

उस संबंध में संबंधित पत्राचार का पालन न करने के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर, बैंक को एक नोटिस जारी किया गया था, जिसमें उसे कारण बताने की सलाह दी गई थी कि उस पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए। नोटिस पर बैंक के जवाब और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान दिए गए मौखिक प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद रिजर्व बैंक ने पाया कि बैंक के खिलाफ आरोप सही पाए गए, जिसके लिए मौद्रिक दंड लगाया जाना उचित था।

# रतन कुमार बंधन बैंक के अंतरिम एमडी व सीईओ

**कोलकाता, एजेंसी**

निजी क्षेत्र के बंधन बैंक ने अपने कार्यकारी निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी रतन कुमार केश को 10 जुलाई से अंतरिम प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीईओ के रूप में नियुक्त किया है। बैंक के वर्तमान एमडी और सीईओ तथा संस्थापक चंद्रशेखर घोष नौ जुलाई को सेवानिवृत्त होंगे।

बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि केश तीन महीने के लिए या नए पदाधिकारी के कार्यभार संभालने तक, जो भी पहले हो,



अंतरिम एमडी और सीईओ होंगे। केश की नियुक्ति बैंक के शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। वह मार्च 2023 से बंधन बैंक के कार्यकारी निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी हैं। इससे पहले वह आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, यस बैंक और एक्सिस बैंक में काम कर चुके हैं।

## बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन का निदेशक मंडल बोनस जारी करने पर करेगा विचार

**नयी दिल्ली।** एएसी सामग्री निर्माता बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने शनिवार को कहा कि शेयरधारकों को बोनस शेयर जारी करने पर विचार करने के लिए उसका निदेशक मंडल 19 जुलाई को बैठक करेगा। सूरत स्थित कंपनी ने कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी स्टारबिगब्लॉक बिल्डिंग मटेरियल लिमिटेड अपनी विस्तार योजनाओं के लिए एसएमई आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) या तरजीही निर्गम लाने की योजना बना रही है। बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन ने बयान में कहा, निदेशक मंडल 19 जुलाई को बैठक करेगा।

# चीनी, नमक और संतृप्त वसा की जानकारी मोटे अक्षरों में देनी होगी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी देने का निर्णय लिया गया

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के लेबल पर कुल चीनी, नमक और संतृप्त वसा की पोषण संबंधी जानकारी मोटे अक्षरों में और अपेक्षाकृत बढ़े हुए फॉन्ट आकार में प्रदर्शित करनी होगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि एफएसएसएआई के अध्यक्ष अपूर्व चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित खाद्य प्राधिकरण की 44वीं बैठक में पोषण संबंधी जानकारी के संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन) विनियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी देने का निर्णय लिया गया। इस संशोधन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उपभोग किए जा रहे उत्पाद के पोषण मूल्य को बेहतर ढंग से समझने और स्वस्थ निर्णय लेने हेतु सशक्त बनाना है। प्रस्तावित संशोधन से संबंधित मसौदा अधिसूचना अब सुझावों एवं आपत्तियों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से सार्वजनिक की जाएगी।

## हमें बेहतर करना चाहिए था, इसमें कोई छिपी बात नहीं : पेटीएम संस्थापक

**नयी दिल्ली।** पेटीएम के संस्थापक विजय शेखर शर्मा ने शनिवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई से मिली सीख के बारे में बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि यह व्यक्तिगत स्तर पर एक भावनात्मक झटका था, जबकि पेशेवर स्तर पर उन्हें जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाने का सबक मिला। शर्मा ने बिना किसी लाग-लपेट के कहा, मैं कहूंगा कि पेशेवर स्तर पर हमें बेहतर करना चाहिए था, इसमें कोई छिपी बात नहीं है। हमारे ऊपर जिम्मेदारियां थीं, हमें उन्हें और बेहतर तरीके से निभाना चाहिए था।

## खेल डायरी

### गगनजीत भुल्लर मोरक्को में संयुक्त दूसरे स्थान पर

**रबात (मोरक्को)।** ओलंपिक की तैयारी में लगे भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने दूसरे दौर में पांच अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाया, जिससे वह 20 लाख डालर इनामी इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए। पहले दौर में तीन अंडर 70 का कार्ड खेलने वाले भुल्लर का कुल स्कोर आठ अंडर हो गया है और वह शीर्ष पर चल रहे अमेरिकी खिलाड़ी जॉन कैटलिन से केवल एक शॉट पीछे हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में रेहान थॉमस (69–73) संयुक्त 15वें, वरुण चोपड़ा (71–74) और राशिद खान (70–75) संयुक्त 39वें तथा वीर अहलावत (70–76) संयुक्त 48वें स्थान पर चल रहे हैं।

### युवाओं को तैयार करने के लिए रिटायर हुए जीतू

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज जीतू राय ने युवा निशानेबाजों को तैयार करने के लिए भारतीय सेना से सेवानिवृत्ति ले ली। नेपाल में जन्मे 36 वर्ष के खेल रत्न और पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त राय इंचियोन एशियाई खेल 2014 में स्वर्ण जीतने वाले एकमात्र भारतीय निशानेबाज थे। इसके बाद उन्हें सेना में मानद् कप्तान बनाया गया। लखनऊ में गोरखा रेजिमेंट के साथ करीब साढे 17 वर्ष बिता चुके राय ने सोशल मीडिया पर रिटायर होने की घोषणा की। उन्होंने फेसबुक पर लिखा मैं मानद कप्तान जीतू राय, एसएम, वीएसएम, ओलंपियन निशानेबाज, पद्मश्री प्राप्त, ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त। मैं बताना चाहता हूं कि सेना के साथ मेरा 17 साल का साथ एक जुलाई 2024 को खत्म हो गया। सेना ने मुझे उससे ज्यादा दिया जिसका मैं हकदार था। मैं अपने सीनियर अधिकारियों, कोचों, साथियों और जूनियर को धन्यवाद देना चाहता हूं।

### अभय एशियाई स्क्वाश टूर्नामेंट में दो स्वर्ण की दौड़ में

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह शनिवार को मलेशिया के जोहोर में एशियाई डबल्स स्क्वाश चैम्पियनशिप में पुरूष युगल और मिश्रित स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए। शीर्ष वरीय अभय और वेलावन सेंथिलकुमार ने जापान के टोमोटाका एंडो और नाओकी हयाशी की जोड़ी पर 23 मिनट में 11–9, 11–2 से शानदार जीत सं पुरुष युगल खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया जिसमें उनकी भिड़ंत मलेशिया के दूसरे वरीय ओंग साई हंग और स्याफिक कमाल की जोड़ी से होगी। फिर अभय ने तीसरी वरीय अनुभवी जोशना चिनप्पा ने मिश्रित युगल सेमीफाइनल में चेंग नगा चिंग और लाई चेउक नाम मैथ्यू की हांगकांग की जोड़ी पर 11–8, 11–10 से जीत हासिल की। अब अभय और जोशना का सामना मिश्रित युगल फाइनल में हांगकांग के दूसरे वरीय टोंग त्सज विंग और टैंग मिंग हांग की जोड़ी से होगा।

### टाईब्रेकर में हारा भारत, कारुआना ने जीता खिताब

**बुखारेस्ट (रोमानिया)।** भारत के आर प्रज्ञाननंदा और डी गुकेश को चार खिलाड़ियों के बीच खेले गए टाइब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा जिसमें दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना ने तीनों रैपिड गेम जीतकर सुपरबेट क्लासिक में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। कारुआना क्लासिकल प्रारूप में नीदरलैंड के अनीश गिरी से हार गए, जिससे मुकाबला रोचक बन गया क्योंकि गुकेश, प्रज्ञाननंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा सभी उनकी बराबरी पर पहुंच गए। प्रज्ञाननंदा मुख्य बाजी में अलीरेजा के सामने एक समय बेहद मुश्किल स्थिति में फंसे हुए थे। जबकि गुकेश और प्रज्ञाननंदा ने अपनी अपनी बाजियां ड्रॉ खेली जिससे विजेता का फैसला करने के लिए चार खिलाड़ियों के बीच टाइब्रेकर की स्थिति बन गई। अमेरिका के इस खिलाड़ी ने टाइब्रेकर में तीनों प्रतिद्वंदियों गुकेश, प्रज्ञाननंदा और अलीरेजा को हराकर 68500 अमेरिकी डॉलर का पहला पुरस्कार जीता।

# जिम्बाब्वे के घर में भारतीय युवा पस्त

## पहले टी-20 में जिम्बाब्वे ने भारत को 13 रन से हराया, रजा और चतारा ने झटके 3-3 विकेट



अभिषेक शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते जिम्बाब्वे के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**हरारे, एजेंसी**




सिकंदर रजा की गेंद को समझने में नाकाम हुए कप्तान शुभमन गिल। ● एजेंसी

कप्तान सिकंदर रजा के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर जिम्बाब्वे ने शनिवार को खेले गए पहले टी-20 मुकाबले में भारत 13 रनों से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। बल्लेबाजों के लिए मुश्किल पिच पर 116 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की बल्लेबाजी फ्लॉप रही। जिम्बाब्वे की गेंदबाजी के आगे भारतीय बल्लेबाज तू चल मैं आया की तर्ज पर पवेलियन लौटते रहे और पूरी टीम 19.5 ओवर में 102 रन पर सिमट गई। यह 2024 में भारत की टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पहली हार थी। यह आठ साल में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की पहली हार भी है।

भारत की ओर से कप्तान शुभमन गिल ने 29 गेंदों में पांच चौके लगाते हुये सर्वाधिक (31) रनों की पारी खेली। 11वें ओवर में सिकंदर रजा ने गिल को बोल्ड का मैच का रुख पलटा। हालांकि इसके बाद वाशिंगटन सुंदर और आवेश खान ने एक बार फिर से टीम की वापसी करते हुये मैच रूख भारत के पक्ष में कर दिया था। आवेश ने 12 गेंदों में तीन चौके लगाते हुये 16 रन बनाये। वॉशिंगटन सुंदर एक चौका और एक छक्का लगाते हुए 27 रन बनाए। भारत के आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। टी-20 मुकाबले में यह जिम्बाब्वे की भारत के खिलाफ तीसरी जीत है। जिम्बाब्वे की ओर से सिकंदर रजा और टेंडई चतारा ने तीन-तीन विकेट लिए। ब्रायन बेनेट, वेलिंग्टन मसाकाट्जा, ब्लेसिंग मुजाराबानी और ल्यूक जॉन्गवे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां हरारे स्पोर्ट्स क्लब में भारत के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ही ओवर में मुकेश कुमार ने इनोसेंट काइया (शून्य) को बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद वेस्ले मधेवीरे और ब्रायन बेनेट ने दूसरे विकेट के लिये 34 रन जोड़े। छठें ओवर में रवि बिश्नोई ने ब्रायन बेनेट (22) को बोल्ड कर जिम्बाब्वे को दूसरा झटका दिया।

बिश्नोई ने आठवें ओवर में वेस्ले मधेवीरे (21) को भी बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। कप्तान सिकंदर रजा ने (17) डिओन मेयर्स (23) रन बनाकर आउट हुये। क्लाइव मडांडे ने 25 गेंदों में नाबाद (29) रनों की पारी खेली। भारतीय गेंदबाजी के आगे जिम्बाब्वे के पांच बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल सके। रवि बिश्नोई (चार विकेट) और वॉशिंगटन सुंदर (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ने जिम्बाब्वे को निर्धारित 20 ओवरों में 115 स्कोर रोक दिया था। भारत की ओर से रवि बिश्नोई ने चार ओवर में 12 रन देकर चार विकेट चटकाए। वहीं वाशिंगटन सुंदर ने चार ओवर में 11 रन देकर दो विकेट लिए और इस तरह टी-20 में अपने 100 विकेट भी पूरे किए। मुकेश कुमार और आवेश खान को एक-एक विकेट मिला।

### स्कोर बोर्ड

| जिम्बाब्वे 115/9 (20 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| वेसली मेडेवेरे बो बिश्नोई | 21 | 22 | 3/0 |
| इनोसेंट केइया बो मुकेश | 0 | 1 | 0/0 |
| ब्रायन बेनेट बो बिश्नोई | 22 | 15 | 5/0 |
| सिकंदर रजा का बिश्नोई बो आवेश | 17 | 19 | 1/1 |
| डियोन मायर्स का और बो सुंदर | 23 | 22 | 2/0 |
| जोनाथन कैंपबेल रन आउट | 0 | 1 | 0/0 |
| क्लाइव मडांडे नाबाद | 29 | 25 | 4/0 |
| वेलिंगटन मसाकाजा स्ट जुरेल बो सुंदर | 0 | 0 | 0/0 |
| ल्यूक जोंगवी पगबाधा बो बिश्नोई | 1 | 3 | 0/0 |
| ब्लेसिंग मुजाराबानी बो बिश्नोई | 0 | 2 | 0/0 |
| टेंडाइ छटारा नाबाद | 0 | 9 | 0/0 |

अतिरिक्त : 2, गेंदबाजी : खलील 3–0–28–0, मुकेश 3–0–16–1, बिश्नोई 4–2–13–4, अभिषेक 2–0–17–0, आवेश 4–0–29–1, सुंदर 4–0–11–2

| भारत 102/10 (19.5 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक कैच मसाकाजा बो बेनेट | 0 | 4 | 0/0 |
| शुभमन गिल बोल्ड सिकंदर रजा | 31 | 29 | 5/0 |
| ऋतुराज कैच इनोसेंट बो मुजाराबानी | 7 | 9 | 1/0 |
| रियान पराग कैच ब्रॉडेन बो छटारा | 2 | 3 | 0/0 |
| रिंकू सिंह कैच ब्रॉडेन बो छटारा | 0 | 2 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल कैच मडांडे बो जोंगवी | 7 | 14 | 1/0 |
| वॉशिंगटन कैच मुजाराबानी बो जोंगवी | 27 | 34 | 1/1 |
| रवि बिश्नोई पगबाधा बो रजा | 9 | 8 | 2/0 |
| आवेश खान कैच रजा बो मसाकाजा | 16 | 12 | 3/0 |
| मुकेश बोल्ड रजा | 0 | 3 | 0/0 |
| खलील अहमद नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 3, गेंदबाजी : ब्रायन बेनेट 1–1–0–1, वेलिंगटन मसाकाजा 3–0–15–1, टेंडाइ छटारा 3 .5–1–16–3, ब्लेसिंग मुजाराबानी 4–0–18–1, ल्यूक जोंगवी 4–0–28–1, सिकंदर रजा 4–0–25–3

# करो या मरो मुकाबले में वापसी करना चाहेगी भारतीय महिला टीम



**मैच का समय : शाम 07:00 बजे**

**चेन्नई।** भारतीय महिला टीम पहले मैच में 12 रन से मिली हार के बाद रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में वापसी करने के लिए दूसरे टी-20 मैच में बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण में सुधार करना चाहेगी। भारत को शुक्रवार को हुए पहले मैच में कैच छूटने और बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे टीम दक्षिण अफ्रीका के चार विकेट पर 189 रन के जवाब में 20 ओवर में चार विकेट पर 177 रन ही बना सकी।

दक्षिण अफ्रीका के इस मौजूदा दौरे में यह पहली जीत थी और इससे पहले उसे वनडे श्रृंखला में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था जबकि एकमात्र टेस्ट में 10 विकेट से शिकस्त मिली थी। शुक्रवार के मैच के बाद दोनों टीमों के लिए कुछ चिंताएं बनी हुई हैं। भारत की ऋचा घोष और दक्षिण अफ्रीका की तजमिन ब्रिट्स को क्रमशः सिर में चोट और मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा था। खिलाड़ियों के दिमाग में क्षेत्ररक्षण में फ्लॉप शो जरूर चल रहा होगा। विशेषकर पर तब जब मुख्य कोच कोच अमोल मजूमदार इस मामले में बेहद सख्त हैं।

### हमने गेंदबाजी में गलतियां की : राधा

**चेन्नई।** भारतीय स्पिनर राधा यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी–20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में 12 रन की हार के बाद स्वीकार किया कि उनके गेंदबाजों ने कुछ गलतियां की जिसका टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा। तजमिन ब्रिट्स (81) और मारिजान कैप (57) ने गेंदबाजों की एक नहीं चलने दी जिससे दक्षिण अफ्रीका चार विकेट पर 189 रन बनाने में सफल रहा। जवाब में भारत चार विकेट पर 177 रन ही बना पाई। राधा ने कहा यह जानना महत्वपूर्ण था कि विकेट पर किस लेंथ और किस गति से गेंदबाजी करनी है। हमने गेंदबाजी इकाई के रूप में कुछ गलतियां की। हमने उन्हें 10 से 15 रन अधिक बनाने दिए। हमें उन्हें यॉर्कर लेंथ पर गेंद करनी चाहिए थी। हमें रणनीति पर अमल करना होगा और जल्द ही विकेट के व्यवहार को समझना होगा।



### विंबलडन सेंटर कोर्ट पर तेंदुलकर का अभिवादन

**लंदन।** चैंपियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का शनिवार को दोपहर में यहां पहुंचने पर विंबलडन सेंटर कोर्ट पर दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया। बादामी रंग का सूट पहने तेंदुलकर ने हाथ हिलाकर सभी के अभिवादन का जवाब दिया। विंबलडन ने एक्स पर डाले वीडियो के साथ लिखा सेंटर कोर्ट पर फिर आपका स्वागत है सचिन। सेंटर कोर्ट पर प्रस्तोता ने भी तेंदुलकर का स्वागत करते हुए कहा हमारे बीच भारत के महान क्रिकेटर, विश्व कप विजेता और क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले लीजैंड हैं।



सचिन तेंदुलकर का स्वागत कीजिये। इंग्लैंड के टेस्ट और सीमित ओवरों के कप्तान बेन स्टोक्स और जोस बटलर के साथ पूर्व कप्तान जो रूट भी रॉयल बॉक्स में बैठे थे। तेंदुलकर पिछले काफी साल से नियमित तौर पर विंबलडन देखने जाते हैं।

**पेरिस डायमंड लीग**

### साबले और जेना के सामने होंगे विश्व स्तरीय खिलाड़ी



**पेरिस।** भारत के शीर्ष स्टीपलचेस एथलीट अविनाश साबले और भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना रविवार को एक दिवसीय डायमंड लीग के पेरिस चरण में अपनी ओलंपिक तैयारियों को बेहतर करने की उम्मीद करेंगे।

मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने पिछले कुछ समय से परेशान कर रही जांघ की समस्या के कारण इसमें हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। साबले और जेना दोनों ही फॉर्म में नहीं हैं और उन्होंने ओलंपिक से पहले ज्यादा प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं लिया है। पर अब वे पेरिस की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की कोशिश करेंगे। ओलंपिक में एथलेटिक्स स्पर्धायें एक अगस्त से शुरू होंगी। 29 वर्षीय साबले ने अभी तक दो 3000 मीटर स्टीपलचेस स्पर्धाओं में हिस्सा लिया है। उन्होंने पोर्टलैंड में 8:21.85 और पंचकुला में 8:31.75 का समय निकाला था जबकि उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 8:11.20 है। एशियाई खेलों के मौजूदा स्वर्ण पदक विजेता ने कहा मैंने पिछले दो साल में गलतियां की हैं।

## सदस्य इकाइयों से डाउनलोड होंगे खिलाड़ियों के पहचान पत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**



हॉकी इंडिया की ई-गवर्नेंस की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत अब खिलाड़ी सदस्य इकाइयों के पोर्टल से सीधे अपने पहचान पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। हॉकी इंडिया ने खिलाड़ियों के लिए डिजिटल पहचान पत्र को जारी करने की प्रणाली शुरुआत कर दी है। यह नई प्रणाली पहचान पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाती है। यह कई प्रमुख सुविधाएँ प्रदान करती है।

पंजीकरण और अनुमोदन प्रक्रिया में सदस्य इकाई पोर्टल पर खिलाड़ी पंजीकरण, सभी आवश्यक व्यक्तिगत विवरण तथा दस्तावेज प्रस्तुत करना, सदस्य इकाई द्वारा प्रोफाइल की समीक्षा, हॉकी इंडिया को स्वीकृत प्रोफाइल प्रस्तुत करना, हॉकी इंडिया द्वारा अंतिम समीक्षा और अनुमोदन तथा आखिर में खिलाड़ियों को सदस्य इकाई पोर्टल पर अपना विवरण दर्ज करके सीधे अपना डिजिटल आईडी कार्ड डाउनलोड करने की क्षमता शामिल है। इन सुविधाओं को लेकर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप सिंह टिर्की ने कहा, हमें आधार कार्ड मॉडल की तरह डिजिटल खिलाड़ी पहचान पत्र पेश करने पर बहुत गर्व है। यह एक अच्छी पहल है। हॉकी इंडिया का यह कदम न केवल हमारे खिलाड़ियों के लिए पहचान पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, बल्कि पहुंच और सुविधा को भी काफी हद तक बढ़ाता है। प्रशासनिक प्रक्रियाओं को आधुनिक तथा सरल बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की हमारी प्रतिबद्धता अटूट है, यह उस दिशा में एक बड़ा कदम है।

## एंडर्स एंटोनसेन को हराकर राजावत सेमीफाइनल में

**कैलगरी (कनाडा), एजेसी**



भारत के प्रियांशु राजावत ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शीर्ष वरीय और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराकर कनाडा ओपन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विश्व में 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने शुक्रवार रात एक घंटे 19 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में एंटोनसेन को 21-11, 17-21, 21-19 से हराया। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी हालांकि क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई। यह तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी चीनी ताइपे के पेई शान हसीह और एन-त्जु हंग से 18-21 21-19 16-21 से हार गई। राजावत ने एंटोनसेन को हराकर करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। यह पहला अवसर है जबकि इस 22 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया। राजावत दूसरी बार विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना फ्रांस के अलेक्स लेनियर से होगा। राजावत ने अच्छी शुरुआत की तथा पहले गेम में एक समय वह 7-4 से आगे थे। एंटोनसेन ने हालांकि जल्द ही स्कोर 9–9 से बराबर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद लगातार पांच अंक बनाए। एंटोनसेन ने फिर वापसी की कोशिश की लेकिन राजावत ने लगातार सात अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। एंटोनसेन ने दूसरे गेम में जबरदस्त वापसी की लेकिन राजावत ने उन्हें कड़ी चुनौती दी। तीसरे गेम में राजावत एक समय 5-1 से आगे थे लेकिन एंटोनसेन इंटरवल तक 11-10 मामूली बढ़त हासिल करने में सफल रहे।

# भांबरी–ओलिवेट्टी की जोड़ी हारी

**लंदन, एजेंसी**



केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी से हार के बाद निराश भारत के यूकी भांबरी और ओलिवेट्टी।

भारत के यूकी भांबरी और उनके फ्रांसीसी जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेट्टी को जर्मनी के केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी से विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष युगल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है।

दूसरे दौर में भांबरी और ओलिवेट्टी की जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहला सेट जीता लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए और क्राविएट्ज और पुएट्ज की जर्मन जोड़ी से दो घंटे पांच मिनट तक चले मुकाबले में 6-4 4-6 3-6 से हार गए। उल्लेखनीय है कि यूकी भांबरी और फ्रांस के ओलिवेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक और अलेक्जेंडर शेवचेंको की जोड़ी को हराकर विम्बलडन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में जगह बनाई थी।

### बारिश ने बाधित किया खेल, डि मिनौर को वॉकओवर

**लंदन।** बारिश के कारण लगातार दूसरे दिन विम्बलडन में खेल बाधित हो गया और मौसम विभाग का कहना है कि यह मौसम दोपहर तक बना रह सकता है। शुक्रवार को बारिश के कारण तीसरे दौर के मैच नहीं हो सके जिसमें डेनिस शापोवालोव के खिलाफ बेन शेल्टर का मुकाबला शामिल है। नौवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनौर को चौथे दौर में वॉकओवर मिला जब उनके प्रतिद्वंद्वी फ्रांस के क्वालीफायर लुकास पोउली ने चोट के कारण नाम वापिस ले लिया।

# रोनाल्डो का सपना टूटा, फ्रांस सेमीफाइनल में पहुंचा

**हैम्बर्ग (जर्मनी), एजेंसी**

फ्रांस ने पुर्तगाल को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में जगह बनाई और क्रिस्टियानो रोनाल्डो का खिताब के साथ टूर्नामेंट से विदाई लेने का सपना तोड़ दिया।

इस मुकाबले को रोनाल्डो बनाम काइलियन एमबापे के बीच जंग के रूप में देखा जा रहा था लेकिन आखिर में फ्रांसीसी खिलाड़ी अपने आदर्श फुटबॉलर पर भारी पड़ा। दोनों टीम ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी लेकिन अतिरिक्त समय तक भी कोई टीम गोल नहीं कर पाई। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया जिसमें पुर्तगाल के जोआओ फेलिक्स का शॉट गोल पोस्ट से टकरा गया। इसके बाद थियो हर्नांडेज ने निर्णायक किक को गोल में बदलकर फ्रांस को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। फ्रांस को यूरो 2021 के अंतिम 16 में और विश्व कप 2022 के फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन यहां किस्मत उसके साथ थी। पुर्तगाल की इस हार से 39 वर्षीय रोनाल्डो ने यूरोपीय चैंपियनशिप से भी विदा ली। वह पहले ही घोषणा कर चुके थे कि वह आखिरी बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। रोनाल्डो ने रिकॉर्ड छह बार यूरोपीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। फ्रांस सेमीफाइनल में स्पेन से भिड़ेगा।



यूरो 2024 में फ्रांस के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में हार के बाद पेपे को गले लगाते पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो।

### मेरिनो के गोल से स्पेन सेमीफाइनल में, जर्मनी बाहर

**स्टुटगार्ट (जर्मनी)।** माइकल मेरिनो के अतिरिक्त समय के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से स्पेन ने रोमांचक क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी को 2–1 से पराजित करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीम निर्धारित समय तक 1–1 से बराबरी पर थी। जब मैच पेनल्टी शूटआउट की तरफ बढ़ रहा था तब स्थानापन्न खिलाड़ी मेरिनो ने 119वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को यादगार जीत दिलाई। मेरिनो ने गोल करने के बाद कॉर्नर फ्लैग के पास उसी तरह से जश्न मनाया जैसे उनके पिता मिगुएल मेरिनो ने 1991 में यूएफा कप में इसी स्टेडियम में खेले गए मैच में ओसासुना की तरफ से स्टुटगार्ट के खिलाफ गोल करने के बाद मनाया था। मेरिनो ने कहा मैं जानता था कि बहुत कम समय बचा है और यह हमारी तरफ से आखिरी हमला हो सकता है। कुछ सेकेंड तक तो मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि मैंने गोल कर दिया है। मैं बेहद खुश हूं। हमने कड़ी मेहनत की थी और हमें अपने पर भरोसा था। मैच में तीनों गोल स्थानापन खिलाड़ियों ने किए।



जर्मनी के खिलाफ मैच में हेडर लगाता स्पेन का खिलाड़ी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## एक नजर

### ट्यूनीशिया ने राष्ट्रपति चुनाव की घोषणा की

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया में राष्ट्रीय चुनाव कराने वाली स्वतंत्र निकाय (आईएसआईई) ने अगले राष्ट्रपति चुनाव के लिये कार्यक्रमों की घोषणा की है। ट्यूनिस अफ्रीक प्रेस (टीएपी) ने शुक्रवार को बताया है कि आईएसआईई तीन सितंबर को राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों की अंतिम सूची की घोषणा करेगा। चुनाव अभियान 14 सितंबर से शुरू होगा और चार अक्टूबर को समाप्त होगा। राष्ट्रपति चुनाव के अंतिम परिणाम नौ नवंबर तक घोषित किए जाएंगे। देश के मौजूदा राष्ट्रपति कैस सईद 2019 में चुने गए थे। उन्होंने अभी तक 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की घोषणा नहीं की है।

### चीन में शक्तिशाली तूफान पांच लोगों की मौत

**जिनान।** पूर्वी चीन के शांदोंग प्रांत के हेज शहर में आए शक्तिशाली तूफान में पांच लोगों की मौत हो गयी है। हेज के आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार दोपहर को डोंगमिंग काउंटी और जुआनचेंग काउंटी में आए भयंकर तूफान में 88 लोग घायल हो गये। इनमें से पांच लोगों की उपचार के दौरान मौत हो गयी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आपदा में कुल 2,820 घर, 60,900 म्यू (4,060 हेक्टेयर) फसलें और 48 बिजली आपूर्ति लाइनें क्षतिग्रस्त हो गयीं।

### लेबनान-इजरायल सीमा पर बढ़ सकता तनाव

**संयुक्त राष्ट्र।** संरा ने ब्लू लाइन के नाम से मशहूर लेबनान-इजरायल सीमा पर तेज झड़पों पर शुक्रवार को गंभीर चिंता व्यक्त की। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता के कार्यालय के एक नोट के अनुसार गुरुवार को हुई शत्रुता की यह हालिया वृद्धि, पूर्ण पैमाने पर युद्ध के खतरे को बढ़ाती है। नोट में संयम की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है, जिसमें कहा गया है, टकराव बढ़ने से बचा जा सकता है।

### पाकिस्तानी प्रांतों में बाढ़ की चेतावनी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के एनडीएमए ने देश में जारी मूसलाधार वर्षा के कारण संभावित बाढ़ आने को लेकर चेतावनी जारी की है। एनडीएमए के राष्ट्रीय आपातकालीन संचालन केंद्र ने शुक्रवार को एक बयान में कहा है कि बारिश के कारण इस्लामाबाद, पूर्वी पंजाब के कुछ हिस्सों और उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों की स्थानीय नदियों में अचानक बाढ़ आने के आसार हैं।

# मानसून में एसी का इस्तेमाल करते वक्त जान लें ये जरूरी बातें, वरना हो सकता नुकसान

मानसून के मौसम में तापमान में गिरावट तो आती है लेकिन कई बार यह बारिश उमस भी बढ़ा देती है। उमस से बचने के लिए हम एसी का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इस मौसम में एसी के रखरखाव की जरूरत बढ़ जाती है क्योंकि नमी वाले वातावरण में एसी आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। दरअसल बारिश के समय बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं। इनके लिए एसी का नम तापमान सबसे मुफीद माना जाता है। इसलिए बरसात के मौसम में एसी का इस्तेमाल करते समय बेहद सावधानी बरतने की जरूरत है। इसलिए मानसून के समय एसी को किस टेंपरेचर पर चलाना सही है, साथ ही जानेंगे कि एसी का इस्तेमाल करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए



### मानसून में हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती है

बारिश की वजह से जब बाहर का मौसम ठंडा हो जाए तो कई घंटे तक एसी का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए क्योंकि यह आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। मानसून के दौरान रात भर एसी चलाकर सोने से मसल्स में दर्द या थकान हो सकती है। एसी की ठंडक की वजह से सर्दी, जुकाम जैसी समस्याएं हो सकती हैं। एक बार जब एसी से कमरा ठंडा हो जाए तो सीलिंग फैन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### स्टेबलाइजर्स का इस्तेमाल जरूरी

बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा समस्या वोल्टेज के घटने-बढ़ने की सामने आती है। ऐसे में एसी व घर के अन्य एप्लायंसेज की सेफ्टी के लिए वोल्टेज स्टेबलाइजर्स का इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। यह बिजली की अचानक होने वाली कटौती और उतार-चढ़ाव से बचाता है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक एप्लायंसेज की शेल्फ लाइफ को बढ़ाता है।

### एसी का टेंपरेचर पर ध्यान दें

मानसून के दौरान एसी को 24 से 30 डिग्री टेंपरेचर के बीच चलाने की सलाह दी जाती है क्योंकि बरसात के दिनों में बहुत ज्यादा ठंडा रखना स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक हो सकता है। इस पर बिजली की खपत भी कम होती है। बारिश के समय एसी का इस्तेमाल करना सही है या नहीं यह यक्ष प्रश्न हमेशा लोगों के मन में उठता है, लेकिन हमेशा कम तापमान में एसी चलाने से बचना चाहिए।

### क्या बारिश होने पर एसी चालू करना सही है

सिर्फ बारिश से एयर कंडीशनर को कोई खासा नुकसान नहीं पहुंचता है क्योंकि अधिकांश एसी में मौसम के अनुसार ठंडा, गर्म, ड्राई करके का ऑप्शन दिया होता है। हालांकि तेज बारिश और आंधी-तूफान की स्थिति में एसी को बंद करना ही बेहतर है क्योंकि आंधी-तूफान से एसी यूनिट के आस-पास धूल-मिट्टी जमा हो सकती है। साथ ही बारिश की वजह से एसी के कॉइल गीले हो सकते हैं। इससे ओवरहीटिंग के कारण ब्रेकडाउन हो सकता है। अगर आउटर यूनिट वाली जगह कवर नहीं है तो एसी को नहीं चलाना चाहिए। विंडो एसी में भी अगर उसका पिछला हिस्सा खुली जगह में है तो तेज बारिश के दौरान उसे बंद रखना ही बेहतर है।

### ऐसे करें एसी का रखरखाव

- तेज बारिश आउटडोर यूनिट को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए आउटडोर यूनिट को बारिश के डायरेक्ट एक्सपोजर से बचाने के लिए उसके ऊपर टीन कवर का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- बारिश के दौरान एसी में पानी का रिसाव, पानी की रुकावट और फिल्टर के जाम होने की समस्या पैदा हो सकती है। इसलिए मानसून से पहले एसी की मरम्मत कराना जरूरी है।
- मानसून के मौसम से पहले एसी की सर्विसिंग जरूर कराएं। सर्विसिंग से यह पता लगाया जा सकता है कि एसी के सभी पार्ट्स सही से काम कर रहे हैं या नहीं। शॉर्ट सर्किट का खतरा रहता है।
- बारिश के मौसम में ड्राई मोड का इस्तेमाल करना चाहिए। यह हवा से नमी को हटाता है और कमरे को ठंडा और ड्राई बनाता है।

# स्टार्मर बोले-एफटीए को जल्द करेंगे पूरा

## मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने फोन पर की बातचीत, शीघ्र भारत आने का दिया निमंत्रण

नई दिल्ली, एजेंसी

**लंदन।** ब्रिटेन के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर से शनिवार सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फोन पर बात की और उन्हें शीघ्र भारत आने का निमंत्रण दिया। इस दौरान स्टार्मर ने कहा कि दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को पूरा करने के लिए वह तैयार हैं। भारत और ब्रिटेन दो वर्षों से अधिक समय से एफटीए पर बातचीत कर रहे हैं, लेकिन दोनों देशों में आम चुनावों के बीच 14वें दौर में वार्ता रुक गई थी।

उम्मीद है कि अब स्टॉर्मर के नेतृत्व वाली नई लेबर सरकार फिर वार्ता शुरू करेगी। लेबर सरकार को इस सप्ताह भारी बहुमत से वोट मिला है। नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री की हिंद-प्रशांत क्षेत्र से संबंधित अंतरराष्ट्रीय फोन वार्ता के संबंध में डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि शनिवार को सबसे पहले मोदी से बात हुई और उसके बाद जापान और ऑस्ट्रेलिया से बात की गई। डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने कहा दोनों नेताओं ने चुनावी जीत पर एक-दूसरे को बधाई दी और ब्रिटेन तथा भारत के बीच संबंधों की मजबूती पर विचार-विमर्श किया। मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे दोनों पक्षों के लिए लाभकारी समझौता करने के लिए तैयार हैं। दोनों नेताओं ने जल्द से जल्द मिलने की उम्मीद जताई। जनवरी, 2022 में जब बोरिस जॉनसन ब्रिटिश प्रधानमंत्री थे, तब से दोनों पक्ष 38.1 अरब पाउंड की द्विपक्षीय व्यापार साझेदारी को बढ़ाने के लिए एक समझौते पर पहुंचने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके बाद से वार्ता को ब्रिटेन में राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा। पहले लिज ट्रस को थोड़े समय के लिए प्रधानमंत्री बनाया गया, उसके बाद ऋषि सुनक ब्रिटेन के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री बने।

फोन पर बातचीत में दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और विस्तार देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। मोदी ने स्टार्मर को शीघ्र भारत की यात्रा पर आने का निमंत्रण दिया है तथा दोनों नेता आपस में बराबर संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। यहां प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि मोदी ने प्रधानमंत्री स्टार्मर से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने बातचीत में भारत और ब्रिटेन के ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख किया और पारस्परिक व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और विस्तार देने के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को दोहराया।

**दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और विस्तार देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी**



### मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई, अगले सप्ताह नाटो की बैठक के लिए वाशिंगटन जाएंगे

लंदन। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने शनिवार को मंत्रिमंडल की पहली बैठक बुलाई। स्टार्मर ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट में अपने नए आधिकारिक आवास के बाहर समर्थकों की मौजूदगी में कहा किसी देश को बदलना स्विच दबाने जैसा नहीं है। इसमें कुछ समय लग जाएगा। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि बदलाव का काम तुरंत शुरू हो गया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री अगले सप्ताह नाटो बैठक के लिए वाशिंगटन जाएंगे और 18 जुलाई को यूरोपीय राजनीतिक समुदाय शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे।

### प्रधानमंत्री स्टॉर्मर के मंत्रिमंडल में लीसा नंदी समेत रिकॉर्ड 11 महिलाएं शामिल

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर के मंत्रिमंडल में भारतीय मूल की लीसा नंदी समेत रिकॉर्ड 11 महिलाएं शामिल हैं। उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के विगन संसदीय क्षेत्र से भारी अंतर के साथ पुनर्निर्वाचित होने वालीं लीसा नंदी (44) शनिवार को ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया एवं खेल मंत्री के रूप में अपना पदभार ग्रहण करेंगी। आम चुनाव में प्रचंड जीत दर्ज करने वाले स्टॉर्मर के मंत्रिमंडल में शामिल 11 महिलाओं में रेचेल रीव्स (वित्तमंत्री), एंजेला रेनर (उप प्रधानमंत्री) भी शामिल हैं। दोनों ने इतिहास रचा है क्योंकि रीव्स के तौर पर ब्रिटेन को पहली महिला वित्तमंत्री मिली हैं, वहीं रेनर उप प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होने वाली दूसरी महिला हैं।

### आलोक शर्मा उच्च सदन के सदस्य मनोनीत

**लंदन।** भारतीय मूल के पूर्व सांसद आलोक शर्मा को संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स का सदस्य मनोनीत किया गया था। शर्मा के मनोनयन पर ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने अपनी मुहर लगा दी जिसके बाद वह हाउस ऑफ लाड्र्स के सदस्य बन गये हैं। ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने (दो दिन पहले) शर्मा समेत सात व्यक्तियों को उच्च सदन के लिए मनोनीत किया था, जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री थेरेसा मे भी शामिल हैं। शर्मा ने कहा कंजरवेटिव पार्टी के कई अच्छे उम्मीदवारों का हारते देखकर दुख हुआ। आगरा में जन्मे शर्मा (56) को दो साल पहले सीओपी-26 जलवायु शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में उनके नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन से निपटने को लेकर उनके योगदान के लिए चार्ल्स तृतीय की नव वर्ष सम्मान सूची में सर आलोक की उपाधि दी गई थी।

# ईरान की जनता ने सुधारवादी नेता को स्वीकारा, कट्टरपंथी को नकारा

दुबई, एजेंसी

- सुधारवादी पेजेशकियान ने हिजाब कानून में ढील देने का किया वादा, आर्थिक प्रतिबंधों के संकट से बाहर निकालना होगा चुनौती
- हृदय रोग विशेषज्ञ हैं पेजेशकियान, चुनाव प्रचार के दौरान शिया शासन प्रणाली में परिवर्तन नहीं करने का किया था वादा

ईरान में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं। सुधारवादी मसूद पेजेशकियान ने जीत हासिल की है, उन्होंने कट्टरपंथी नेता सईद जलीली को हराया है। पेजेशकियन ने आर्थिक प्रतिबंधों से जूझ रहे ईरान के पश्चिमी देशों से संबंध बेहतर करने और देश में अनिवार्य हिजाब कानून में ढील देने का वादा किया है। साथ ही आर्थिक प्रतिबंधों से जूझ रहे ईरान के पश्चिमी देशों से संबंध बेहतर करने और देश में अनिवार्य हिजाब कानून में ढील देने का वादा किया है।

ईरान में राष्ट्रपति का चुनाव ऐसे समय में हुए हैं, जब इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध को लेकर पश्चिम एशिया में व्यापक स्तर पर तनाव है और ईरान पिछले कई वर्षों से आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। पेजेशकियन का झुकाव पूर्व राष्ट्रपति हसन रूहानी की ओर है, जिनके शासन के तहत तेहरान ने विश्व शक्तियों के साथ 2015 का ऐतिहासिक परमाणु समझौता किया था। हालांकि, यह परमाणु समझौता रद हो गया था और कट्टरपंथी नेता दोबारा सत्ता पर काबिज हो गए थे। पेजेशकियन (69) फिर से परमाणु समझौता करने और पश्चिमी देशों से संबंध बेहतर करने के पक्षधर हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा प्रिय ईरानवासियों, चुनाव समाप्त हो चुके हैं और यह हमारे सहयोग की शुरुआत मात्र है। आगे का कठिन रास्ता आपके सहयोग, साथ और विश्वास के बिना आसान नहीं होगा। मैं अपना हाथ आपकी ओर बढ़ाता हूं और कसम खाता हूं कि मैं आपको इस रास्ते पर अकेला नहीं छोड़ूंगा। आप भी मुझे अकेला मत छोड़िएगा।



जीत का जश्न मनाते मसूद पेजेशकियान

### कौन हैं मसूद पेजेशकियान

29 सितंबर 1954 को जन्में मसूद पेजेशकियान पेशे से डॉक्टर हैं और वह ईरान की तबरीज मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रमुख रहे हैं। साल 1994 में एक कार हादसे में मसूद पेजेशकियान की पत्नी और बेटी की मौत हो गई थी। पेजेशकियान साल 1997 में ईरान के स्वास्थ्य मंत्री भी रह चुके हैं। मसूद पेजेशकियान ने साल 2011 में पहली बार ईरान के राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन किया था, लेकिन बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी। पेजेशकियान की पहचान एक उदारवादी नेता की है और वह पूर्व राष्ट्रपति हसन रूहानी के करीबी माने जाते हैं।

# बेरिल तूफान से दस लाख प्रभावित आज टेक्सास के तट से टकराएगा

मेक्सिको सिटी, एजेंसी

चक्रवाती तूफान बेरिल मेक्सिको के रिसॉर्ट शहर टुलम को पार करते हुए शुक्रवार को मेक्सिको की खाड़ी की ओर बढ़ गया। जिससे संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ और रविवार देर रात या सोमवार सुबह तक यह अमेरिकी में टेक्सास के तट पर टकरा सकता है। यह जानकारी मौसम विज्ञानियों ने शनिवार को दी।

वहीं, तूफान से कैरेबियाई क्षेत्र में 10 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने वर्तमान अनुमानों का हवाला देते हुए कहा कि सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस में लगभग 40 हजार लोग, ग्रेनेडा में 1लाख10 हजार से अधिक लोग और जमैका में 9 लाख 20 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। मेक्सिको की नागरिक सुरक्षा एजेंसी की प्रमुख लौरा वेलाज़क्वेज़ ने कहा कि बेरिल के कारण किसी के हताहत नहीं होने की सूचना दी। उन्होंने कहा कि तूफान के कारण बाधित हुई बिजली 70 प्रतिशत बहाल कर दी गई है और रविवार तक पूरी तरह से सुचारु रूप से बहाल कर ली जाएगी।



# कावासाकी हैवी इंडस्ट्रीज की समुद्री आत्मरक्षा बल रिश्वत कांड में फंसी

**टोक्यो।** जापान की कावासाकी हेवी इंडस्ट्रीज कंपनी पर आरोप है कि उसने अवैध धन से देश के समुद्री सुरक्षा बल (जेएमएसडीएफ) के पनडुब्बी चालक दल के सदस्यों के लिए व्यक्तिगत जरूरत के सामान खरीदने और उनके मनोरंजन के खर्चे उठाए। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट में यह जानकारी दी। कंपनी को जेएमएसडीएफ के पनडुब्बी बेड़े के लिए पनडुब्बियों कल-पुर्जों के निर्माण और रखरखाव के ठेके मिले हैं। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी ने इस काम में छोटे ठेकेदारों को प्रभावित कर लेन-देन के बीच बिलों में हेराफेरी कर अरबों येन का अवैध धन प्राप्त किया। आरोप है कि कंपनी ने इस धन से पनडुब्बी चालक दल के सदस्यों को रिश्वत दी।

# यूक्रेन पर परमाणु हमले के विकल्प खुले हैं

मॉस्को, एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उन्हें यूक्रेन के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की आवश्यकता नहीं है लेकिन यदि यूक्रेन की मदद कर रहे पश्चिमी देश सोचते हैं कि मॉस्को ऐसा कभी नहीं करेगा तो यह उनकी गलती है।

पुतिन ने यह संदेश ऐसे समय में दिया है जब यूक्रेनी सैन्य बलों को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी देश मदद पहुंचाने के लिए कदम उठा रहे हैं। पुतिन ने इन नाटो सदस्यों को स्पष्ट संदेश दिया कि यूक्रेन को सैन्य सहायता मुहैया कराने पर उनका रूस के साथ संघर्ष हो सकता है जो परमाणु संघर्ष में बदल सकता है।

मॉस्को ने हाल में दक्षिणी रूस में सहयोगी बेलारूस के साथ मिलकर अपने परमाणु हथियार संबंधी सामरिक तैयारी के लिए अभ्यास किया। पश्चिमी देश यूक्रेन में नाटो सैनिकों की तैनाती और रूसी क्षेत्र में सीमित हमलों के लिए उसे लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करने की अनुमति देने पर विचार कर रहे हैं। रूस ने अपने सैन्य अभ्यास को पश्चिमी देशों के इसी कदम की प्रतिक्रिया बताया। पुतिन ने यूक्रेन में 24 फरवरी 2022 को हमला शुरू किया था और इसके बाद से वह युद्ध में पश्चिमी देशों के हस्तक्षेप को हतोत्साहित करने के लिए रूस की परमाणु ताकत का कई बार जिक्र कर चुके हैं।



- बोले- पश्चिमी देश सोचते हैं कि मॉस्को परमाणु का इस्तेमाल नहीं करेगा तो यह उनकी गलती

### पुतिन बोले- अगर हमला किया तो अमेरिका बचाने नहीं आएगा

पुतिन ने रूस की हालिया सैन्य सफलताओं के बीच कहा कि मॉस्को को यूक्रेन में जीत के लिए परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आवश्यकता नहीं है लेकिन यूरोप में खासकर छोटे देशों समेत नाटो के सदस्यों के प्रतिनिधियों को यह अंदाजा होना चाहिए कि वह किसके साथ खेल रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि रूस उन पर हमला करता है तो अमेरिकी सुरक्षा पर भरोसा करना उनकी गलती हो सकती है। पुतिन ने कहा लगातार तनाव के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। यदि यूरोप में ये गंभीर परिणाम होते हैं, तो सामरिक हथियारों के मामले में हमारी क्षमता को देखते हुए अमेरिका क्या कदम उठाएगा ? कहना मुश्किल है। क्या वे वैश्विक संघर्ष चाहते हैं।

# सीमा पार से दुश्मन कश्मीर में भय फैलाने के लिए भाड़े के सैनिकों का इस्तेमाल कर रहा : डीजीपी

**डोडा/जम्मू।** डीजीपी आरआर स्वैन ने कहा कि सीमा पार से दुश्मन जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बरकरार रखने के मद्देनजर लोगों में भय का माहौल पैदा करने के लिए भाड़े के विदेशी सैनिकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी स्वैन ने कहा कि पुलिस अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।



डोडा जिले के गंदोह इलाके में हाल में आतंकवाद-रोधी अभियान के दौरान बहादुरी के लिए सात विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) को कांस्टेबल के रूप में पदोन्नत करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पुलिस प्रमुख ने कहा कि लोग सुरक्षा एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। गंदोह इलाके में 26 जून को हुई मुठभेड़ में तीन विदेशी आतंकवादी मारे गए थे। इस इलाके में एक दशक से अधिक समय में यह पहली मुठभेड़ थी।

## बॉलीवुड हलचल

### जस्टिन बीबर ने अनंत-राधिका के संगीत समारोह में मचाई धूम

**मुंबई।** मशहूर अंतर्राष्ट्रीय पॉप गायक जस्टिन बीबर ने जाने-माने उद्योगपति एवं अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट के संगीत समारोह में अपनी प्रस्तुतियों से मनोरंजन जगत और खेल जगत की नामचीन हस्तियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जस्टिन बीबर शुक्रवार सुबह लॉस एंजिलिस से मुंबई पहुंचे थे। उन्होंने रात में नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित अनंत-राधिका के संगीत समारोह में अपने प्रसिद्ध गानों बेबी, सॉरी, लव योर सेल्फ और पीचेस से धूम मचा दी। समारोह में सलमान खान, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, अर्जुन कपूर जैसी बॉलीवुड की हस्तियों के अलावा क्रिकेटर एम एस धोनी उपस्थित रहे।



### सलमान को पसंद आया विक्की कौशल का तौबा-तौबा डांस

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान को विक्की कौशल का तौबा तौबा गाना पर डांस बेहद पसंद आया है। विक्की कौशल की आने वाली फिल्म बैड न्यूज से उनका गाना सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। कई सेलेब्स ने उनकी डांस मूव्स की तारीफ की। अब सलमान खान ने भी विक्की का डांस वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। सलमान ने उनके डांस मूव्स की तारीफ भी की है। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर वीडियो सॉन्ग 'तौबा तौबा' शेयर कर कैप्शन में लिखा, शानदार मूव्स विक्की, गाना बहुत अच्छा लग रहा है। बेस्ट विशेज। सलमान खान से तारीफ पाकर विक्की कौशल को बेहद खुशी हुई। विक्की ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर करते हुए लिखा, सो स्वीट ऑफ यू सलमान सर।



### अमिताभ ने फैंस के प्रति जताया आभार

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने फिल्म कल्कि 2898 एडी की सफलता के बाद सोशल मीडिया पर फैंस के प्रति आभार जताया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है। कल्कि 2898 एडी को समीक्षकों और दर्शकों से शानदार समीक्षा मिली है। फिल्म में अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा की भूमिका निभाई है, जो भगवान विष्णु के दसवें अवतार कल्कि की प्रतीक्षा कर रहे हैं।


**हुंकार** — बइडेन ने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं व खराब प्रदर्शन से चुनावी दौड़ से बाहर होने की अटकले की खारिज

# केवल भगवान ही मुझे चुनाव लड़ने से रोक सकता है

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं और राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए हुई पहली बहस में खराब प्रदर्शन के बाद, उनके चुनावी दौड़ से बाहर होने को लेकर लगाई जा रही अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि केवल सर्वशक्तिमान ईश्वर ही उन्हें मुकाबले से बाहर होने के लिए राजी कर सकते हैं।

बाइडेन (81) ने यह बात एक टेलीविजन चैनल से साक्षात्कार के दौरान कही। राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत अटलांटा में 27 जून को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडेन की लोकप्रियता की रेटिंग गिर गई है, जिसके बाद उन्हीं की पार्टी (डेमोक्रेटिक पार्टी) के कुछ नेताओं ने उनसे राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर होने का आग्रह किया था।



बाइडेन ने कहा कि राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई अपनी पहली बहस से पहले वह थके हुए और बीमार थे। साथ ही कहा कि केवल भगवान ही उन्हें 5 नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर कर सकते हैं। बाइडेन ने दावा किया कि वह दुनिया को चला रहे हैं और राष्ट्रपति बनने के लिए उनसे ज्यादा योग्य कोई नहीं है। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने का लक्ष्य लिए चुनावी मैदान में उतरे बाइडेन ने ट्रंप पर आदतन झूठा होने का आरोप लगाया। बाइडेन ने एबीसी न्यूज से साक्षात्कार के दौरान राष्ट्रपति पद के चुनाव के तहत हुई अपनी पहली बहस में अपने खराब प्रदर्शन को लेकर कहा मैं थक गया था। मैंने तैयारी के दौरान अपने मन की बात नहीं सुनी। अपनी पहली बहस के बाद किसी टेलीविजन चैनल के साथ उनका पहला साक्षात्कार था।

- अटलांटा में 27 जून को डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद गिरी रेटिंग
- कई नेताओं ने उनसे राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर होने का किया था आग्रह

### मैं बीमार था और अस्वस्थ महसूस कर रहा था

उन्होंने कहा मैं बीमार था और बहुत अस्वस्थ महसूस कर रहा था। चिकित्सक मेरे साथ थे। मैंने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने मेरी कोविड-19 संबंधी जांच की है। वह यह पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि मेरे बीमार होने का कारण क्या है। उन्होंने मेरी कोविड जांच की लेकिन मुझे संक्रमण नहीं हुआ था। मुझे बस सर्दी लगी थी। बाइडेन ने कहा कि बहस में उनके खराब प्रदर्शन में किसी और की नहीं बल्कि मेरी गलती थी। डेमोक्रेटिक पार्टी के किसी भी प्रमुख नेता ने उनसे चुनाव से हटने के लिए नहीं कहा है। बाइडेन ने इससे पहले विस्कॉन्सिन में एक रैली के दौरान कहा कि वह चुनावी दौड़ में हैं और वह फिर से चुनाव जीतेंगे।